● सीधी, रीवा एवं भोपाल से एक साथ प्रकाशित ● website-https://vindhyatiger.in ● epaper-https://epaper.vindhyatiger.in ● वर्ष : 36, अंक 64, पृष्ठ : 08, सीधी, रविवार, 07 अप्रैल 2024 - मूल्य : 2.00 रुपया मात्र



दैनिक समाचार पत्र

# विन्ध्य टाइगर

हक की बात, बुलंदी के साथ



लोकसभा चुनाव में गूंजा योगी मॉडल 7

अभिषेक ने तोड़ा क्रिस गेल का रिकार्ड 2

## भारत को एक मजबूत देश बनाना भाजपा की प्रतिबद्धता : मोदी

**सहारनपुर।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शनिवार को सहारनपुर से चुनावी शंखनाद किया। पश्चिमी यूपी पीएम मोदी ने विपक्ष पर जमकर हमला बोला। पीएम मोदी ने राम-राम से मंच पर पहुंचकर अपना संबोधन शुरू किया। उन्होंने कहा कि दुनिया भर में देश का डंका बज रहा है।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि हमारा ये स्थान मां शक्ति का स्थान है, ये मां शक्ति की साधना का स्थान है और हिंदुस्तान के हर कोने में शक्ति की उपासना हमारी स्वाभाविक, आध्यात्मिक यात्रा का हिस्सा है। हम वो देश हैं, जो कभी भी शक्ति उपासना को नकारते नहीं हैं। लेकिन ये देश का दुर्भाग्य है कि विपक्षी गठबंधन के लोग चुनौती दे रहे हैं कि उनकी लड़ाई शक्ति के खिलाफ है। जिन-जिन लोगों ने शक्ति को नष्ट करने का प्रयास किया है, उन सबका क्या हाल हुआ है, ये इतिहास के पुराणों में अंकित है।

पीएम मोदी ने कहा कि याद कीजिए 2014 के वो दिन, उस समय देश घोर संकट के दौर से गुजर रहा था। मैंने उस समय गारंटी दी थी कि देश झुकने नहीं दूंगा, हर स्थिति को बदलूंगा। निराशा को आशा और आशा को विश्वास में बदलूंगा। आपने अपने आशीर्वाद में कोई कमी नहीं रखी। याद कीजिए तब हमारा भारत 11वें नंबर की ताकत था। अब मोदी ने 5वें नम्बर की ताकत बना दिया है।

आज भारत की तस्वीर विकसित देश की बना दी है। पूरे वर्ल्ड में देश का डंका बज रहा है। उत्तर प्रदेश के सहारनपुर में विशाल जनसभा को संबोधित करते हुए पीएम मोदी ने कहा कि 2024 का चुनाव सिर्फ सरकार बनाने का चुनाव नहीं है, बल्कि ये चुनाव



विकसित भारत बनाने के लिए है।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि आज भाजपा का स्थापना दिवस है। बहुत कम दशकों में ही भाजपा के साथ रिकॉर्ड संख्या में हमारे देशवासी जुड़े हैं। भाजपा ने लोगों का भरोसा जीता है, भाजपा ने लोगों दिल जीता है। इसका सबसे बड़ा कारण है कि भाजपा राजनीति नहीं, राष्ट्रनीति पर चलती है। भाजपा के लिए राष्ट्र प्रथम है, ये भाजपा के नारा नहीं बल्कि हमारे आर्टिकल आफ फैथ है।

पीएम मोदी ने कहा कि कांग्रेस जितने साल सत्ता में रही, उसने कमीशन खाने को प्राथमिकता दी। ये विपक्षी गठबंधन भी कमीशन के लिए है। जबकि एनडीए, मोदी सरकार मिशन के लिए है। पीएम मोदी ने कहा कि अयोध्या में रामलला का भव्य मंदिर, चुनावी घोषणा नहीं, बल्कि हमारा मिशन रहा है। इस वर्ष रामनवमी में हमारे प्रभु राम टेंट में नहीं, बल्कि भव्य मंदिर में दर्शन देंगे।

पीएम मोदी ने कहा कि भारत को एक मजबूत देश बनाना भाजपा की प्रतिबद्धता है। यानी जैसी भाजपा की नीयत है, जैसी निष्ठा है, नीतियां भी वैसी ही बनती हैं। इसीलिए आज हर हिंदुस्तानी अनुभव से कह रहा है - नीयत सही, तो नतीजे सही। प्रधानमंत्री ने कहा कि भाजपा देश के हर नागरिक की परेशानी कम कर रही है। हर किसी के लिए नए अवसर बना रही है। सहारनपुर की लकड़ी की नक्काशी और यहां के लोगों के कौशल की ख्याति तो दूर-दूर तक है। इसलिए योगी जी हों या मोदी, हमें आपका ध्यान है। इसलिए हम दोनों एक बात बार-बार बोलते हैं

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि ये क्षेत्र अपनी कृषि उत्पादकों के लिए भी जाना जाता है। पिछले 10 साल से हमारी सरकार लगातार अपने किसान भाइयों के लिए काम कर रही है। किसान की छोटी-छोटी जरूरत को लेकर हमारी सरकार संवेदनशील है। आज देश में छोटे किसानों की पीएम किसान निधि के जरिये मदद की जा रही है। अकेले यहां सहारनपुर में ही 3 लाख से ज्यादा किसानों के खाते में 860 करोड़ रुपये सीधे भेजे जा चुके हैं।

## एक राष्ट्र, एक चुनाव से देश मजबूत होगा: राजनाथ

**सिंगरौली।** केंद्रीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा, एक राष्ट्र एक चुनाव से देश मजबूत होगा। चुनाव के समय खरीद-फरोख्त रोकने के लिए यही सबसे बड़ा उपाय है। ऐसे में देश में एक राष्ट्र एक चुनाव होना चाहिए। मध्यप्रदेश के सिंगरौली जिले के रामलीला मैदान बैढ़न में आयोजित एक चुनावी सभा में पहुंचे केंद्रीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा, मध्यप्रदेश के विधानसभा चुनाव में विशेषज्ञों ने मान लिया था कि प्रदेश में भाजपा की सरकार नहीं बन रही है। लेकिन, हमें प्रदेश की जनता पर भरोसा था और वो कायम रहा। प्रदेश की जनता ने भाजपा को पूर्ण बहुमत की सरकार दी। अब फिर चार महीने के बाद मप्र में लोकसभा चुनाव हो रहे हैं। राजनाथ सिंह ने कहा कि देश में हर साल चुनाव होते हैं, कभी किसी राज्य में चुनाव




होता है तो कभी किसी और राज्य में। मेरा और मेरी पार्टी का मानना है कि एक देश एक चुनाव हो। उन्होंने कहा कि देश में लोकसभा और विधानसभा चुनाव के चुनाव एक साथ होने चाहिए। इसी तरह नगर पंचायत, नगर पालिक और जो भी चुनाव होने हैं, वो देश भर में एक साथ करा लीजिए। एक बार में सारे झंझट खत्म। उन्होंने कहा कि इसके लिए पीएम मोदी ने एक कमेटी बनाई है। रक्षा मंत्री ने कहा कि आजाद भारत में नेताओं की कथनी और करनी में अंतर की वजह से लोगों में विश्वास कम होता गया। सत्ता जाए तो जाए, लेकिन हम राजनीति में विश्वास कम नहीं होने देंगे। अनुच्छेद-370 हटाने की बात हमने अपने घोषणा पत्र में कही थी। हमने चुटकी बजाकर अनुच्छेद-370 को खत्म कर दिया।

शेष खबर पेज 2 पर देखें।

## कमलनाथ को बड़ा झटका, पूर्व मंत्री दीपक सक्सेना भाजपा में शामिल, सीएम ने किया स्वागत

**भोपाल।** मध्यप्रदेश में पूर्व सीएम कमलनाथ को बड़ा झटका लगा है। पूर्व मंत्री दीपक सक्सेना भाजपा में शामिल हो गए। वहीं, सीएम मोहन यादव ने उनका स्वागत किया।

आखिरकार शुक्रवार रात छिंदवाड़ा से पूर्व विधायक और कमलनाथ के करीबी दीपक सक्सेना भाजपा में शामिल हो गए। उन्होंने शुक्रवार देर रात प्रदेश भाजपा कार्यालय पहुंचकर पार्टी की सदस्यता ली। मुख्यमंत्री डॉ.



मोहन यादव ने उनको अंगवस्त्र पहनाकर पार्टी में शामिल करवाया।

इससे पहले दीपक सक्सेना के छोटे पुत्र अजय सक्सेना भाजपा में शामिल हो गए थे। दीपक सक्सेना कमलनाथ के सबसे करीबी व विश्वास पात्र माने जाते थे। छिंदवाड़ा दौरे के दौरान सीएम डॉ. मोहन यादव समेत भाजपा के दिग्गज नेताओं ने भी उनके घर जाकर लंबी मुलाकात की थी। सक्सेना शुक्रवार को सैकड़ों कार्यकर्ताओं के साथ भोपाल पहुंचे और भाजपा की विधिवत सदस्यता ले ली। बता दें, पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ ने दो अप्रैल को रोहना जाकर दीपक सक्सेना से मुलाकात की थी। इसके बाद लोगों का मानना था कि दीपक सक्सेना कमलनाथ का साथ नहीं छोड़ेंगे।

## बिहार-झारखंड समेत 12 राज्यों में हीट वेव

**नई दिल्ली।** देश के 12 राज्यों में हीट वेव यानी लू का असर शुरू हो चुका है। उत्तर प्रदेश, राजस्थान, मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़, बिहार, झारखंड, आंध्र प्रदेश, कर्नाटक, महाराष्ट्र, तेलंगाना, ओडिशा और पश्चिम बंगाल में तापमान 43 डिग्री तक पहुंच चुका है। मौसम विभाग के मुताबिक, अगले कुछ दिनों में यहां गर्मी और बढ़ेगी। मौसम विभाग की रिपोर्ट के मुताबिक, राजस्थान, मध्य प्रदेश, असम, मेघालय, अरुणाचल प्रदेश, केरल और सिक्किम में बारिश की संभावना जताई है।

## लंबे मंथन के बाद कांग्रेस ने ग्वालियर, मुरैना और खंडवा सीट पर उतारे प्रत्याशी

**भोपाल।** मध्य प्रदेश में कांग्रेस ने एक और लिस्ट जारी कर दी है। पार्टी ने ग्वालियर, खंडवा और मुरैना से प्रत्याशियों के नाम घोषित कर दिये हैं। ग्वालियर से कांग्रेस ने प्रवीण पाठक, मुरैना से सत्यपाल सिंह सिकरवार और खंडवा से नरेंद्र पटेल को अपना उम्मीदवार बनाया है। बता दें कि कांग्रेस ने खजुराहो सीट सपा के लिए छोड़ दी थी, हालांकि सपा की प्रत्याशी का नामांकन रद्द हो गया।

कांग्रेस ने शनिवार को छह प्रत्याशियों की नई सूची जारी की है, जिसमें मध्य प्रदेश के अलावा गोवा और दादर-नगर हवेली की सीट शामिल है। मध्य प्रदेश की तीन सीटों पर पार्टी ने अपना प्रत्याशी घोषित किया है। इनमें ग्वालियर, मुरैना और खंडवा शामिल है। बात करें अगर ग्वालियर की तो यहां प्रवीण पाठक मैदान में हैं। प्रवीण पाठक कांग्रेस के पूर्व विधायक रहे हैं, उन्होंने 2023 के चुनाव में भी किस्मत आजमाई थी, लेकिन उन्हें हार का सामना करना पड़ा था। उन्हें बीजेपी के नारायण सिंह कुशवाहा ने उन्हें ग्वालियर दक्षिण सीट पर 2536 वोटों से हराया था।

वहीं पार्टी द्वारा मुरैना से घोषित किये गए प्रत्याशी सत्यपाल सिंह सिकरवार पहले बीजेपी में थे। उन्हें पार्टी के आदेश का पालन न करने के कारण 2020 में निष्कासित कर दिया था।

## केरल के सीएम ने कांग्रेस के मैनिफेस्टो पर सवाल उठाया

**नई दिल्ली।** इंडिया गठबंधन में शामिल केरल की लेफ्ट सरकार ने कांग्रेस के मैनिफेस्टो पर सवाल उठाया है। राज्य के मुख्यमंत्री पिनराई विजयन ने शनिवार को कहा- सीपीआई के मैनिफेस्टो में सीएए को रद्द करने की बात कही गई है, लेकिन कांग्रेस के घोषणापत्र में ऐसा कोई वादा नहीं किया गया है। विजयन ने कहा कि कांग्रेस आर्टिकल 370 को हटाए जाने के फैसले के खिलाफ भी प्रोटेस्ट नहीं कर पाई थी। कांग्रेस वोट के लिए अपने मूल्यों से समझौता करने को तैयार है।

## दिल्ली में बच्चों की खरीद-बिक्री करने वाला गैंग पकड़ा गया

**नई दिल्ली।** केंद्रीय जांच ब्यूरो ने बच्चों की खरीद-बिक्री करने वाले गैंग का भंडाफोड़ किया है। जांच एजेंसी ने शुक्रवार (5 अप्रैल) को दिल्ली और हरियाणा में 7 जगहों पर रेड की थी। इस दौरान दिल्ली के केशवपुरम स्थित एक घर से तीन नवजात को बरामद किया गया।

इनमें दो लड़के हैं, जिनमें एक डेढ़ दिन और दूसरा 15 दिन का है। एक बच्चे करीब महीने भर की है। सीबीआई ने एक अस्पताल के वार्ड बॉय समेत 7 लोगों को भी गिरफ्तार किया है। इनमें 5 महिलाएं शामिल हैं। न्यूज एजेंसी पीटीआई के मुताबिक, आरोपियों का गिरोह बच्चे के रियल माता-पिता या सरोगेट मां से उन्हें खरीदते थे। फिर सोशल मीडिया ऐड के जरिए निःसंतान दंपतियों को बेच देते थे। एक बच्चे की कीमत 4 से 6 लाख रुपए लगाई जाती थी।

गिरफ्तार किए गए लोगों की पहचान दिल्ली के पश्चिम विहार की इंदु पवार, पटेल नगर के असलम, कन्हैया नगर की पूजा कश्यप, मालवीय नगर की अंजलि, कविता और रितु और हरियाणा के सोनीपत के नीरज के रूप में की गई है।

## बंगाल में ईडी के बाद अब एनआईए टीम पर हमला

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल में केंद्रीय जांच एजेंसियों के खिलाफ हमले रुकने का नाम नहीं ले रही है। संदेशखाली में ईडी टीम को निशाना बनाए जाने के बाद अब एनआईए पर हमले की खबर आ रही है। सूत्रों के मुताबिक, अब पूर्व मेदिनीपुर के भूपतिनगर में केंद्रीय एजेंसी एनआईए की टीम पर हमला किया गया। कलकत्ता हाईकोर्ट के निर्देशानुसार एनआईए टीम शनिवार को जांच के लिए गई थी। आरोप है कि जांचकर्ताओं की कार में तोड़फोड़ की गई। एनआईए ने दावा किया कि दो व्यक्ति को पूछताछ के लिए ले जाते




समय उन पर हमला किया गया। एनआईए के अधिकारी इलाके में हुए विस्फोट की जांच के लिए भूपतिनगर गए थे। यहां से जब एनआईए की टीम दो लोगों को पकड़कर ले जा रही थी, आरोप है कि उसी समय ग्रामीणों ने दोनों की रिहाई की मांग करते हुए एनआईए की गाड़ी को घेर लिया और कार पर हमला कर दिया। इस दौरान कुछ लोगों ने गाड़ी पर पत्थर भी बरसाए। सूत्रों के मुताबिक, इस हमले में एनआईए के दो अधिकारियों को मामूली चोट आई हैं। एनआईए ने इस मामले में पुलिस में शिकायत दी है। पुलिस ने कहा है कि भूपतिनगर में केंद्रीय पुलिस बल का बड़ा जत्था तैनात कर दिया गया है। बता दें कि 2 दिसंबर 2022 को भूपतिनगर थाने के भगवानपुर 2 ब्लॉक के अर्जुन नगर ग्राम पंचायत के नैराबिला गांव में रात करीब 11 बजे भयानक बम विस्फोट हुआ था। घटना में तृणमूल बूथ अध्यक्ष राजकुमार मन्ना, उनके भाई देवकुमार मन्ना और विश्वजीत गायेन की मौत हो गई थी। सूचना मिलने पर पुलिस इलाके में गई और मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी।

## उद्धव गुट के प्रत्याशी को ईडी से गिरफ्तारी का डर

**मुंबई।** मुंबई नॉर्थ-वेस्ट लोकसभा सीट से शिवसेना (उद्धव गुट) के प्रत्याशी अमोल कीर्तिकर को डर है कि ईडी उन्हें गिरफ्तार कर लेगी। उन्होंने कहा कि मैंने पहले से तैयारी शुरू कर दी है। खाने-पीने में बदलाव किया है और कपड़े भी खरीदे हैं।

शिवसेना (उद्धव गुट) ने 27 मार्च को अमोल कीर्तिकर को टिकट दिया था। नाम फाइनल होने के बाद ही घंटेभर के बाद ही उन्हें ईडी का समन मिला था। इसके बाद उन्हें 29 मार्च को दूसरा समन मिला, जिसमें उन्हें खिचड़ी घोटाला मामले में पूछताछ के लिए 8 अप्रैल को एजेंसी ने पेश होने का कहा है।

इंडियन एक्सप्रेस की खबर के मुताबिक, कीर्तिकर ने कहा कि पिछले समन पर मैं इसलिए पेश नहीं हो सका था, क्योंकि मैं अपने होम टाउन गया हुआ था। मैं सोमवार (8 अप्रैल) को ईडी के सामने पेश होऊंगा। मैं नहीं चाहता कि वे मुझे गिरफ्तार करें। मैं डरा हुआ नहीं हूं, लेकिन जरूरी तैयारी कर रहा हूं।

## राज्यसभा चुनाव हारने के 40 दिन बाद हाईकोर्ट पहुंचे सिंघवी

**शिमला।** हिमाचल प्रदेश से राज्यसभा चुनाव हारने के करीब 40 दिन बाद कांग्रेस नेता अभिषेक मनु सिंघवी ने शनिवार 6 अप्रैल को हाईकोर्ट में याचिका दायर की। सिंघवी ने ड्रॉ के जरिए विजेता घोषित करने के चुनाव अधिकारी के फैसले को चुनौती दी है। 27 फरवरी को हुए चुनाव में भाजपा उम्मीदवार हर्ष महाजन को ड्रॉ ऑफ लॉट्स नियम के चलते विजेता घोषित किया गया था। हर्ष और सिंघवी दोनों को 34-34 वोट मिले थे सिंघवी ने हिमाचल प्रदेश में अपनी याचिका दायर करने के बाद कहा, ऐसा कोई कानून, नियम नहीं कहता कि जिस व्यक्ति का नाम लॉटरी में निकला हो और वह हार जाए। अभिषेक मनु सिंघवी ने ड्रॉ ऑफ लॉट्स प्रक्रिया पर सवाल उठाते हुए कहा- ऐसा दुनिया में कहीं नहीं होता।

## हमारे देश का लोकतंत्र खतरे में है: सोनिया



**नई दिल्ली।** कांग्रेस ने शनिवार को जयपुर में न्याय पत्र महासभा का आयोजन किया है। जिसमें पार्टी अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे, सोनिया गांधी और प्रियंका गांधी शामिल हुईं। राज्यसभा सांसद सोनिया गांधी ने रैली को संबोधित करते हुए केंद्र सरकार पर तीखा हमला किया है। उन्होंने कहा कि मोदी जी खुद को महान मानकर देश और लोकतंत्र की मर्यादा का चीरहरण कर रहे हैं। विपक्षी नेताओं को डराने-धमकाने और पार्टी में शामिल करने के लिए हथकंडे अपनाए जा रहे हैं। देश का लोकतंत्र खतरे में है। सोनिया गांधी ने कहा, टहमारा देश पिछले 10 वर्ष से ऐसी सरकार के हवाले है। जिसने बेरोजगारी, महंगाई, आर्थिक संकट, असमानता और अत्याचार को बढ़ावा देने में कोई कसर नहीं छोड़ी है।ट उन्होंने कहा कि मोदी सरकार ने जो किया है, वो आपके सामने है। यह समय हताशा से भरा हुआ है।

कांग्रेस पूर्व अध्यक्ष ने कहा कि कांग्रेस के हमारे साथी न्याय के दीपक को अपने सीने की आग से जलाएंगे। हजार आंधियों में उसे संभालकर आगे बढ़ेंगे। यह देश सिर्फ चंद लोगों की जागीर नहीं है। उन्होंने कहा, %यह देश सबका है। इसे हमारे पुरखों ने अपने खून से सींचा है। इसकी हवाओं में हमारी मां-बहनों के पसीने का नमक है। यह देश हमारे बच्चों का आंगन है।

## राहुल गांधी अपरिपक्व नेता, पूरी कांग्रेस अब दिशाहीन: शिवराज

**भोपाल।** पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान लगातार विदिशा संसदीय क्षेत्र में चुनाव प्रचार कर रहे हैं। शनिवार को पूर्व सीएम ने भारतीय जनता पार्टी के स्थापना दिवस पर सभी को शुभकामनाएं दी और कार्यकर्ताओं के साथ पौधरोपण किया। साथ ही शिव मंदिर में पूजा-अर्चना कर देश व प्रदेशवासियों के मंगल की कामना की। वहीं उन्होंने सिलवानी विधानसभा के करीब एक दर्जन से भी ज्यादा गांवों में आमजन से मुलाकात कर संवाद किया। श्री चौहान, बम्होरी वर्धा में आयोजित बूथ समिति की बैठक में सम्मिलित हुए, ग्राम जमुनियां में जनसभा को संबोधित किया और विदिशा में सदस्यता ग्रहण समारोह में सहभागिता कर सैकड़ों कार्यकर्ताओं को पार्टी का गमछा पहनाकर भाजपा में शामिल किया।



पूर्व सीएम शिवराज सिंह चौहान ने कांग्रेस पर हमला बोलते हुए कहा कि, आयोध्या में भव्य और दिव्य राम मंदिर का निर्माण हुआ और रामलला विराजे। पूरे देश में उत्सव मनाया जा रहा था, हर गांव, हर घर में दीप जलाए जा रहे थे। हर कोई रामलला के दर्शन के लिए आतुर था। पूरा देश खुशियां मना रहा था, लेकिन कांग्रेस खुश नहीं थी। कांग्रेस को भी प्राण-प्रतिष्ठा का निमंत्रण दिया गया था लेकिन उन्होंने कहा कि, हम नहीं जाएंगे। विनाशकाले विपरित बुध्दि, ऐसे फैसले लेने वाली कांग्रेस में कौन रहेगा, इसलिए कांग्रेस के अच्छे विचारवान नेता देश के विकास के लिए, कांग्रेस छोड़कर भाजपा में शामिल हो रहे हैं।

पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान की उपस्थिति में आज विदिशा में सैकड़ों कांग्रेस कार्यकर्ताओं और आम नागरिकों ने भारतीय जनता पार्टी की विचारधारा, रीति-नीति, प्रधानमंत्री जी की जन-कल्याणकारी योजनाओं और देश व प्रदेश में हो रहे विकास कार्यों से प्रभावित होकर भाजपा की सदस्यता ग्रहण की। पूर्व सीएम शिवराज ने सभी को पार्टी का गमछा पहनाकर भाजपा में शामिल किया। इस दौरान पूर्व सीएम ने कहा कि, भारतीय जनता पार्टी राष्ट्रीय पुनर्निर्माण का आंदोलन है और जो अपने देश की सेवा करना चाहता है, भारतीय जनता पार्टी में आना चाहता है तो भाजपा उनका स्वागत करती है। कांग्रेस के पास कोई आधार नहीं है, कांग्रेस गर्त में जा रही है। कांग्रेस अच्छे कामों का भी विरोध करती है।

पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि, बहनों के जीवन में कभी अंधेरा नहीं रहने दूंगा, आखिर बहनें क्यों किसी के सामने हाथ फैलाएं, आखिर क्यों बहनें तकलीफ में रहें, गरीब रहें। उन्हें भी जीवन में मुस्कुराने का अधिकार है। आधी आबादी को पूरा न्याय मिलना चाहिए। इसलिए लाड़ली बहना जैसी योजना बनी थी। इस योजना से बहनों के जीवन में क्रांतिकारी बदलाव आए हैं। अब प्रधानमंत्री श्रीमान नरेन्द्र मोदी जी का भी संकल्प है कि, बहनों को लखपति बनाना है।

# देश की सीमाएं आज पूरी तरह से सुरक्षित : राजनाथ

**सिंगरौली**

केन्द्रीय रक्षा मंत्री श्री राजनाथ सिंह ने आज शनिवार को मध्यप्रदेश के सिंगरौली और सीधी में आयोजित जनसभा को संबोधित किया। इस कार्यक्रम के दौरान मंच पर मध्यप्रदेश कैबिनेट मंत्री श्री प्रहलाद सिंह पटेल, प्रदेश महामंत्री रणवीर सिंह रावत, संगठन प्रभारी प्रज्ञा त्रिपाठी, लोकसभा प्रत्याशी श्री राजेश मिश्रा और सिंगरौली के जिलाध्यक्ष राम सुमिरन गुप्ता, विधायक श्री रामनिवास शाह, देवसर विधायक राजेंद्र मेश्राम सहित अन्य नेतागण उपस्थित रहे। जनसभा में केन्द्रीय रक्षा मंत्री श्री राजनाथ सिंह ने कहा कि मध्यप्रदेश के विधानसभा चुनाव में भाजपा की प्रचंड जीत जनता के आशीर्वाद और श्री नरेन्द्र मोदी जी के नेतृत्व में भाजपा के प्रभावी कार्यों का परिणाम है। रक्षा मंत्री ने कांग्रेस पर प्रहार करते हुए उनकी भ्रष्टाचारी नीतियों की आलोचना की और भाजपा द्वारा गरीब, किसान और महिलाओं के लिए किए गए उल्लेखनीय कार्यों को रेखांकित किया। श्री राजनाथ सिंह ने देश की सुरक्षा को लेकर भारत की जनता को आश्वस्त किया कि देश की सीमाएं आज पूरे तरीके से सुरक्षित हैं।

केन्द्रीय रक्षा मंत्री श्री राजनाथ सिंह ने मध्यप्रदेश के विधानसभा का चुनाव का उल्लेख करते हुए कहा राजनीतिक विश्लेषकों का मानना था कि मध्यप्रदेश विधानसभा चुनाव में भाजपा विरोधी लहर के कारण चुनाव में विफल रहेगी, लेकिन जनता का कहना और मानना था कि आदरणीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के नेतृत्व भारतीय जनता पार्टी की सरकार को प्रचंड बहुमत से जीत हासिल करेगी। भाजपा का मानना है की 'एक देश, एक चुनाव' होना चाहिए, जिससे तहत लोकसभा के साथ-साथ विधानसभा का चुनाव भी होना चाहिए, जिसका नतीजा यह होगा की जनता का पैसा और बहुमूल्य समय दोनों व्यर्थ नहीं होगा। यशस्वी प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी ने पूर्व राष्ट्रपति श्री रामनाथ कोविन्द के अध्यक्षता में 'एक देश, एक चुनाव' के लिए समिति का गठन किया। यदि एक देश, एक चुनाव लागू होगा तो भारत और भी मजबूत बनेगा। लोगों की आशा और उमंग देखकर यह लगता है कि जनता ने भी 'एक देश, एक चुनाव' के लिए मन बना लिया है।




श्री राजनाथ सिंह ने कांग्रेस पर प्रहार करते हुए कहा कि 2003 से पहले मध्यप्रदेश बीमारू राज्य के तौर पर जाना जाता था, मगर मध्यप्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान बीमारू राज्य से विकसित राज्य बनाया। देश के विकास के लिए मध्यप्रदेश भी अहम भूमिका निभा रहा है। यशस्वी प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी जनता से जो भी बोलते है वह करके दिखाते है। भारतीय जनसंघ के समय से लेकर भाजपा के सभी घोषणापत्र की घोषणाओं को मोदी सरकार ने पूर्ण किया है। 1984 में भाजपा का नारा था कि रामलला आएंगे मंदिर अयोध्या में बनाएंगे और यह कुशल कार्य भी मुमकिन हो गया। प्रभु श्रीराम अपने कुटिया से उठकर अपने महल में विराजमान हो गए हैं और अब रामराज्य का भी आरम्भ हो चुका है। माननीय प्रधनमंत्री सही नरेन्द्र मोदी जी ने जम्मू कश्मीर को धार 370 की बेड़ियों से भी मुक्त कर दिया।

केन्द्रीय रक्षामंत्री श्री राजनाथ सिंह ने कहा कि कांग्रेस पार्टी जनता को गुमराह और नफरत फैलाने का प्रयास कर रही है। कांग्रेस कहती है नागरिकता (संशोधन) अधिनियम मुसलमानों के खिलाफ है। आदरणीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के नेतृत्व में भाजपा सरकार जाति, पंथ और धर्म के आधार पर भेदभाव नहीं करती है। बल्कि भाजपा इंसाफ और इंसानियत की राजनीति करती है। नागरिकता (संशोधन) अधिनियम से भारत का कोई भी मुसलमान भारत के बाहर नहीं जाएगा, जो भारत का नागरिक है वह नागरिक रहेगा।

श्री राजनाथ सिंह ने कहा कि जनता ने कांग्रेस को सबक सिखाया है, कांग्रेस पार्टी ने लम्बे समय तक देश पर हुकूमत की, मगर जनता की सेवा नहीं की। माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के नेतृत्व में भारतीय जनता पार्टी जनता की की सरकार ने जनता की सेवा करने का काम किया है। देश में लगभग सभी को कच्चे मकान से मुक्त करके पक्के मकान प्रदान किए जा रहें हैं। माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी ने दृढ़ निश्चय किया कि सभी घर में नल से जल पहुंचना चाहिए और यह कार्य भी प्रगति पर है।

श्री राजनाथ सिंह ने कहा कि वह भी एक किसान परिवार से हैं। आदरणीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी ने किसानों के लिए सेवाभाव से जो कार्य किए हैं, जो आजतक के कोई भी पिछली सरकार ने नहीं किया है। मोदी सरकार सवा लाख करोड़ रूपए खर्च करके किसानों के अनाज भन्डारण की व्यवस्था की कर रही है, जिससे किसानों को अपना अनाज लंबे समय तक भंडारण करने में सहायता मिली है। आज मध्यप्रदेश में प्रधानमंत्री स्वामित्व योजना के माध्यम से 20 लाख जनता को मालिकाना हक दिया गया है, यह दर्शाता है भाजपा जमीनी स्तर से कार्य कर रही है। गरीबों को हर मुसीबत से बचाना मोदी की गारंटी है, जिससे भारत आज तेजी से आगे बढ़ रहा है।

श्री राजनाथ सिंह ने कहा कि कांग्रेस एक भ्रष्ट पार्टी है, मगर 10 साल से सत्ता में रहने के बाद भी यशस्वी प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के नेतृत्व में भाजपा पर एक भी आरोप नहीं लगा है। कांग्रेस नेताओं को सत्ता में रहते हुए जेल की हवा खानी पड़ी थी। प्रधानमंत्री एक व्यक्ति नहीं बल्कि एक संस्था होती है। पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी चाहते थे कि जो पैसा गरीबों का है वो उनकी जेब तक पहुंचे। लेकिन उनकी खुद की पार्टी के लोग वह पैसा गरीबों तक पहुंचने नहीं देते थे। इसको चुनौती के रूप में स्वीकार करते हुए आदरणीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने जनाधार व्यवस्था शुरू करके जनता के लिए जितना भी पैसा आबंटित किया उतना पूरा पैसा जनता को प्राप्त होता है। मोदी जी ने अपने कार्यकाल में जनता का एक भी रूपया भ्रष्टाचार की भेंट नहीं चढ़ने दिया। केवल भाषण देकर भ्रष्टाचार समाप्त नहीं किया जा सकता,इसे चुनौती के रूप में स्वीकार करना पड़ता है, जो भारतीय जनता पार्टी ने स्वीकार किया है। देश की सुरक्षा को लेकर श्री राजनाथ ने भारत की जनता को आश्वस्त किया कि आपके देश की सीमाएं पूरे तरीके से सुरक्षित हैं। श्री राजनाथ सिंह ने 2008 मुंबई हमले में कांग्रेस के तत्कालीन गृहमंत्री पर कटाक्ष करते हुए कहा कि आतंकी देश में आकर हमला कर दिए थे और उस समय कांग्रेस के तत्कालीन गृहमंत्री का बयान था कि ऐसा आतंकवादी हमला होता रहता है, यह देश की सुरक्षा के लिए कांग्रेस की नीति को दर्शाता है। अंत में श्री राजनाथ सिंह ने कमल का बटन दबाकर भाजपा प्रत्याशी श्री राजेश मिश्रा को भारी मतों से विजयी बनाने की अपील की।

सभा का संचालन जिला महामंत्री सुंदरलाल शाह तथा आभार प्रकटन विधायक राजेंद्र मेश्राम ने किया। सभा में मुख्य रूप से सीड़ा अध्यक्ष दिलीप शाह, निगम अध्यक्ष देवेश पांडेय, जिला पंचायत उपाध्यक्ष अर्चना सिंह, पूर्व विधायक रामलल्लू वैश्य, सुभाष वर्मा, प्रदेश कार्यसमिति सदस्य गिरीश द्विवेदी, प्रेमवती खैरवार जिले के समस्त पदाधिकारी मंचासीन रहे।

## अंतरराष्ट्रीय खेल दिवस के अवसर पर कन्या महाविद्यालय बैढ़न में हुए विविध आयोजन

**सिंगरौली।** 6 अप्रैल को शांति एवं विकास के लिए अंतरराष्ट्रीय खेल दिवस मनाया जाता है। जिसे शासकीय कन्या महाविद्यालय बैढ़न में विभिन्न प्रतियोगिताओं एवं अन्य कार्यक्रमों के माध्यम से आकर्षक ढंग से मनाया गया। उक्त संबंध में महाविद्यालय के क्रीड़ा अधिकारी डॉ उमाकांत सिंह ने अपने विषय प्रवर्तन उद्बोधन में बताया कि 6 अप्रैल का दिन यूनाइटेड नेशन द्वारा घोषित किया गया कि इस दिन को इंटरनेशनल डे आफ स्पोर्ट फार पीस एंड डेवलपमेंट के रूप में मनाया जाएगा। इस दिन का इतिहास यह है कि 6 अप्रैल 1896 को आधुनिक ओलंपिक खेलों की शुरुआत हुई थी। जिसे 23 अगस्त 2013 को यूनाइटेड नेशन द्वारा यह तय किया गया तब से 6 अप्रैल को यह दिवस विश्व में विकास एवं शांति के लिए अंतरराष्ट्रीय खेल दिवस के रूप में मनाया जा रहा है । औपचारिक शुरुआत के पश्चात खेल को विभिन्न विषयों से जोड़ते हुए महाविद्यालय के विभिन्न विषयों के प्राध्यापकों द्वारा अपने व्याख्यान प्रस्तुत किए गए। जिसमें साहित्य एवं खेल विषय पर महाविद्यालय मे हिंदी साहित्य के प्राध्यापक डॉ बी के पांडेय,खेल से सामाजिक उत्थान की प्रेरणा विषय पर समाजशास्त्र के सहायक प्राध्यापक डांस डीकेएस शंभुरत्ना, राजनीति एवं खेल के परस्पर संबंध विषय पर राजनीति शास्त्र विभाग से डॉ जयंती पयासी, सूचना एवं खेल विषय पर लाइब्रेरियन केपी गुप्ता, व्यक्तित्व विकास में खेल का योगदान विषय पर शासकीय महाविद्यालय रजमिलान के प्रभारी प्राचार्य डॉ संजय सिंह द्वारा सारगर्भित उद्बोधन दिया गया वाणिज्य एवं खेल पर संबंध विषय पर पवन वर्मा एवं विज्ञान एवं खेल की अपरिहार्यता विषय पर वनस्पति शास्त्र विषय से श्रीमती सुप्रिया पांडेय ने अपने व्याख्यान प्रस्तुत किया।

## विंध्यनगर रोड स्तिथ सैमसंग शोरूम में लगी भीषण आग

**सिंगरौली।** शनिवार शाम विन्ध्यनगर रोड स्थित वी मार्ट मॉल के सामने बने तीन मंजिला मकान में अचानक आग भड़क गई। आग भड़कने के बाद अफरा-तफरी मच गई। शोरुम में खरीदारी कर रहे लोगो ने किसी तरह से बाहर निकले। वहीं दर्जनो लोग घायल बताए जा रहे हैं। जिन्हे एम्बूलेंस के माध्यम से अस्पताल भेजा गया है। जानकारी के अनुसार इस इमारत के नीचले मंजिल पर सैमसंग समेत इलेक्ट्रॉनिक आइटम का शोरूम है। वहीं अन्य दो मंजिलों पर लोगों का आवास है। कयास लगाए जा रहे हैं कि आवास में शॉर्ट सर्किट के कारण आग लग गई होगी। फिलहाल दमकल विभाग एवं विन्धनगर पुलिस बल स्थानीय लोगों के साथ आग पर काबू पाने के लिए जुटा हुआ था। जहां काफी मशक्कत के बाद किसी तरह दकमल के माध्यम से आग पर काबू पाया गया। वहीं इस घटना में दर्जनो लोग घायल बताए जा रहे हैं,जिन्हे उपचार के लिए एम्बलेंस के माध्यम से जिला अस्पताल भिजवाया गया है।

## नगर निगम आयुक्त ने किया गौशाला का निरीक्षण

### बिजुल नदी पर बने वाटर ट्रीटमेंट प्लाट निगमायुक्त ने किया अवलोकन

**सिंगरौली।** नगर पालिक निगम सिंगरौली के आयुक्त डीके शर्मा के द्वारा नगर निगम क्षेत्र के वार्ड क्रमांक 1 मोरवा में स्थित गौशाला का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान निगमायुक्त के द्वारा निर्देश दिया गया कि गर्मी के मौसम को देखते हुये गौशाला में उचित प्रबंध किया जाये। उन्होंने गौशाला में रहने वाले गौवंशो के संबंध में जानकारी ली तथा निर्देश दिये कि गौशाला में पर्याप्त मात्रा चारे भूसे तथा जल की उचित व्यवस्था की जाये। उन्होनें कहा कि अस्वस्थ्य होने होने पर गौवंशो को अलग रखकर उनका ईलाज कराये तत्पश्चात निगमायुक्त के द्वारा मुड़वानी डैम ईकोपार्क का निरीक्षण कर उपस्थित अधिकारियो को पार्क का उचित रखरखाव करने का निर्देश दिया गया। उन्होंने फिल्टर प्लांट का निरीक्षण किया। वाटर ट्रीटमेंट प्लांट का निरीक्षण करने के दौरान निगम टीम भी साथ थी। उन्होने निर्देश दिये कि फिल्टर प्लांट में उपकरण का बेहतर होना और इसमें उपयोग किए जाने वाली सामग्री पर्याप्त मात्र में समय से पहले उपलब्ध रहे। उन्होंने वाटर ट्रीटमेंट प्लांट के कार्य के विषय में जानकारी ली। उन्होंने निर्देशित किया कि ग्रीष्मकाल को देखते हुये पेयजल व पाइप लाइन संबंधी किसी भी प्रकार की अनियमितता और लापरवाही को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। ग्रीष्मकाल को ध्यान में रखते हुए सभी तैयारियो को सुनिश्चित करने के निर्देश दिये गये। इस दौरान नगर निगम के कार्यपालन यंत्री व्हीपी उपाध्याय, संबंधित वार्डो के सहायक यंत्रीए उपयंत्री आदि उपस्थित रहे।

## नगर मे कर्मा बाई जयंती पर साहू समाज ने निकाली शोभा यात्रा



**पन्ना।** मॉ कर्माबाई जयंती पर नगर मे साहू समाज द्वारा विशाल शोभा यात्रा निकाली गई। उक्त यात्रा जगदीश स्वामी टाउन हाल प्रांगण से प्रारंभ हुई, तथा मुख्य मार्गो से होते हुए जयकारो के साथ वापिस कार्यक्रम स्थल पंहुची इस दौरान अनेक धार्मिक कार्यक्रम संपन्न होने के बाद सभी लोगो को प्रसाद वितरण किया गया।

## अब निजी स्कूल अभिभावको पर मनमाने ढंग से विद्यालय एवं चिन्हित दुकानो से सामग्री खरीदने का नही बना पायेगें दबाव

### शासन ने निर्देश किये जारी

**पन्ना।** निजी विद्यालयो द्वारा छात्रो तथा अभीभावको पर मनमाने ढंग से पुस्तके एवं यूनीफार्म एवं अन्य सामग्री विद्यालय या चिन्हित दुकान से खरीदने का मनमाने दामो पर दबाव बनाया जाता था। जिसको लेकर स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा निर्देश जारी किये गये है कि अभीभावक अपने मन पसन्द दुकानो से सामग्री खरीदेगें। जारी किये गये निर्देशो मे अशासकीय स्कूल प्रबंधन एवं प्राचार्य एलसीई आरटीई एससीई से संबंधित पुस्तको के साथ अन्य प्रकाशनो की पाठ्य पुस्तको को अपने मन मुताबिक दुकान से खरीदेगें तथा उन्हे खुली बाजार मे सामग्री खरीदने की पूर्ण स्वतंत्रता है, यदि किसी विद्यालय द्वारा मनमाने ढंग से चिन्हित दुकानो या स्कूल से खरीदने के लिए बाध्य किया जाता है तो नियम 2020 नौ के तहत कार्यवाही की जायेगी। विकासखंड अजयगढ के श्रोत समन्वयक अरविन्द सिंह ने अजयगढ तहसील के सभी विद्यालयो को निर्देश जारी किये है।

## रहवासी क्षेत्रो मे चल रही कबाड़ की अवैध दुकाने, कभी भी हो सकता है बड़ा हादसा

**पन्ना।** पन्ना नगर मे जगह जगह भारी मात्रा मे कबाड की अवैध दुकान संचालित हो रही है। जिससे एक ओर मार्ग अवरूद्ध होते है वहीं दूसरी ओर ज्वलनशील टाट फट्टी, पेपर, गत्ता सहित अन्य प्रकार की सामग्री रखी जाती है। जिसमे आग लगने की संभावना अधिक होती है तथा आये दिन जिससे अनेक स्थानो पर दुर्घटनाए भी घटित हो चुकी है। लेकिन पन्ना नगर मे बेनी सागर तालाब, आगरा मोहल्ला, पावर हाउस चौराहा, कचहरी रोड, बीटियाई रोड, सहित अनेक जगहो पर कबाड के गोदाम बनें हुए है। जिसमें भारी मात्रा मे अनावश्यक सामग्री रखी हुई देखी जा सकती है तथा कभी भी आग लग सकती है। शासन के नियमानुसार कबाड



समान की दुकानो को नगर के बाहर बनाना चाहीए। जिससे बडी दुर्घटना से बचा जा सकें। विगत दो वर्ष पूर्व बिटीआई के पास एक कबाड की दुकान मे आग लग गई थी। जिसमे दुकान मकान सहित आस पास का समान जल गया था। स्थानीय लोगो ने नगर के अन्दर चल रही अवैध कबाड की दुकानो को हटाये जाने की मांग जिला कलेक्टर तथा पुलिस अधीक्षक से की है। जिससे भविष्य मे कोई बडी दुर्घना घटित न हों।

## ऑटो चालकों पर की गयी कार्यवाही

**पन्ना।** पुलिस अधीक्षक पन्ना साई कृष्णा एस थोटा एवं अति. पुलिस अधीक्षक पन्ना श्रीमती आरती सिंह के निर्देशन में थाना प्रभारी यातायात निरीक्षक नीलम लक्षकार द्वारा मय हमराह स्टाप के बस स्टेण्ड में अनाधिकृत रुप से ऑटो चलाने वाले चालकों पर चालानी कार्यवाही की गयी। बता दें कि शहर के अंदर स्थित बस स्टेण्ड पर बसों के आने के दौरान ऐसे ऑटो चालक जो अनाधिकृत रुप से ऑटो को बसों से सटाकर दोनों तरफ लगा देते थे, जिस कारण से अन्य बसों के आने जाने में समस्या होती ओर यातायात व्यवस्था भी बाधित होती थी। इसके अलावा यात्रीगणों को भी परेशानियों होती थी। इसलिये थाना प्रभारी यातायात द्वारा ऑटो चालकों पर नियमानुसार कार्यवाही की गयी। बस स्टेण्ड में यातायात व्यवस्था के सुचारु संचालन हेतु पूर्व में भी समस्त ऑटो चालकों को बस स्टेण्ड के अंदर ऑटो न ले जाने के संबंध में कई बार समझाइस दी गयी थी इसके बावजूद भी कुछ ऑटो चालकों द्वारा इसका पालन नही किया जा रहा है। ऐसे ऑटो चालक जो यातायात नियमों का पालन ऑटो चालन नहीं करते हैं उन पर भविष्य में भी लगातार कार्यवाही जारी रहेगी।

## सरस्वती शिशु मंदिर का परीक्षा परिणाम घोषित

### श्रीमद्भागवत से पुरस्कृत किया गया



**पन्ना।** नगर के प्रतिष्ठित विद्यालय सरस्वती शिशु मंदिर का वर्ष 2023 2024 का स्थानीय स्तर की परीक्षाओं कक्षा शिशु से लेकर ग्यारहवीं तक का परीक्षा परिणाम घोषित किये गये। इस दौरान परीक्षा परिणाम समिति के अध्यक्ष आर पी प्रजापति, व्यवस्थापक इंजी योगेंद्र भदोरिया उपस्थित रहें। इस अवसर पर व्यवस्थापक योगेंद्र भदौरिया ने बच्चों एवं अभिवावकों को संबोधित करते हुए कहा कि प्रथम स्थान प्राप्त करना ही नियति नही बल्कि हर बच्चे का स्वावलंबी भविष्य बने ये प्रयास आचार्य दीदियों एव अभिवावकों का होना चाहिए सरस्वती विद्यालय अच्छे संस्कारो एवं जीवन शैली के लिए जाने जाते है इसलिए इन विद्यालयों के बच्चे आगे जाकर भारतीय संस्कृति को ओढ़कर अपना जीवन व्यतीत करते है बच्चे के अभिभावकों की जिम्मेदारी है कि वे बच्चो को घर पर समय दे और उनके अध्ययन की निगरानी करते हुए उनकी क्षमता का अवलोकन अवश्य करे इससे पहले अभीभावको द्वारा सरस्वती माता एवं भारत माता के सम्मुख दीप प्रज्ज्वलन कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। कक्षा छठवीं से लेकर ग्यारहवीं तक के प्रथम स्थान से लेकर तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले सभी विद्यार्थियों को गीता प्रेस की श्रीमद्भागवत की पुस्तक पुरुस्कार स्वरूप भेंट की गई तथा उक्त पुस्तक का अध्ययन करने के लिए भी कहा गया। जिससे बच्चे अपने जीवन मे अच्छे संसकारो के साथ आंगे बढें। कार्यक्रम का आभार प्रर्दशन आर पी प्रजापति द्वारा किया गया। इस दौरान प्राचार्य राजेन्द्र तिवारी सहित विद्यालय के आचार्य एवं दीदीयां उपस्थित रही।

## खजुराहो लोकसभा क्षेत्र मे चौदह प्रत्याशी मैदान में

**पन्ना।** लोकसभा निर्वाचन अंतर्गत शुक्रवार को नाम निर्देशन पत्रों की संवीक्षा में पांच अभ्यर्थियों का नामांकन पत्र रद्द हो जाने के बाद खजुराहो संसदीय क्षेत्र से अब 14 अभ्यर्थी चुनावी मैदान में शेष रह गये हैं। निर्वाचन आयोग द्वारा तय कार्यक्रम के अनुसार अभ्यर्थी सोमवार, 8 अप्रैल को दोपहर 3 बजे तक उम्मीदवारी से नाम वापस ले सकेंगे। जिला निर्वाचन कार्यालय के अनुसार नाम निर्देशन पत्रों की संवीक्षा का काम खत्म हो जाने के बाद चुनावी मैदान में शेष रह गये अभ्यर्थियों में भारतीय जनता पार्टी के उम्मीदवार विष्णुदत्त शर्मा एवं बहुजन समाज पार्टी के अभ्यर्थी कमलेश कुमार शामिल है, जबकि 12 निर्दलीय अभ्यर्थी मोहम्मद इमरान, कपिल गुप्ता भारतीय, केशकली, गिरन सिंह, नंदकिशोर, पंकज मौर्य (कुशवाहा), पन्ना लाल त्रिपाठी एड., फिरोज खां, बिटइया अहिरवार, आर.बी. प्रजापति (राजा भइया) पूर्व आई.ए.एस., लक्ष्मी प्रसाद और पेंटर सुनमान सिंह लोधी शेष रह गए हैं।

## इंडिया गठबंधन की प्रत्याशी मीरा यादव का नामांकन निरस्त

### प्रशासन पर लगाये आरोप

**पन्ना।** मध्य प्रदेश के खजुराहो संसदीय क्षेत्र से समाजवादी पार्टी (इंडिया गठबंधन) की प्रत्याशी पूर्व विधायक श्रीमती मीरा दीपक यादव का नाम निर्देशन पत्र रिटर्निंग ऑफिसर सुरेश कुमार ने निरस्त कर दिया है। समाजवादी पार्टी के नेता दीपनारायण सिंह दीपक यादव का आरोप रिटर्निंग ऑफिसर ने भाजपा प्रदेशाध्यक्ष एवं खजुराहो प्रत्याशी विष्णु दत्त शर्मा के दबाव में लिया निर्णय बताया है। सपा प्रत्याशी का फार्म निरस्त करने के निर्णय पर रिटर्निंग ऑफिसर एवं पन्ना कलेक्टर सुरेश कुमार मीडिया से कैमरे पर बात करने को तैयार नहीं थें। रिटर्निंग ऑफिसर सुरेश कुमार ने ऑफ कैमरा बताया कि समाजवादी पार्टी प्रत्याशी ने अपने नामांकन फार्म के साथ मतदाता सूची की सत्यापित कॉपी संलग्न नहीं की और नामांकन फार्म में दो स्थान के बजाए सिर्फ



एक जगह ही हस्ताक्षर किए गये हैं। रिटर्निंग ऑफिसर सुरेश कुमार का कहना है कि, सपा प्रत्याशी के निर्वाचन अभिकर्ता को पूर्व में इस संबंध में बताया गया था कि जबकि अभिकर्ता सरदार यादव का कहना है कि, रिटर्निंग ऑफिसर ने उन्हें किसी तरह की कोई जानकारी नहीं दी। निर्वाचन अभिकर्ता सरदार यादव का कहना है कि उनके प्रत्याशी के फार्म में अगर कोई कमी थी तो इस संबंध में हमें अवगत कराया जाता तो हम उसकी पूर्ती समय पर सुनिश्चित कर देते। लेकिन हमें उनके द्वारा कोई सूचना नहीं दी गई। बारह बजे नामांकन निरस्त करने की घोषणा कर दी। जबकी समिक्षा का समय तीन बजे तक निर्धारित था और इस दौरान नामांकन मे जो भी कमियां थी उन्हे पूर्ती करने का नियम है। लेकिन निर्वाचन अधिकारी द्वारा तानाशाहपूर्ण निर्णय लेते हुए नामांकन निरस्त कर दिया गया है। गौरतलब है कि भारतीय निर्वाचन आयोग द्वारा स्पष्ट निर्देश है कि किसी भी प्रत्याशी का नामांकन निरस्त नही किया जाये। कमियो को पूरा कराया जाये। लेकिन भाजपा सरकार के दबाव मे पूरे देश मे संविधान द्वारा निर्मित नियमो की धज्जियां प्रशासनिक अमला के माध्यम से उडाई जा रही है। पन्ना जिले मे इसके पूर्व नगर पालिका निर्वाचन के समय भी इसी प्रकार तत्कालीन कलेक्टर द्वारा निर्वाचन नियमो की धज्जियां उडाते हुए कार्य किया गया था। संबंधित प्रत्याशी द्वारा उक्त मामले को लेकर माननीय उच्च न्यायालय मे जाने की बात कही है। ज्ञात हो कि मीरा दीपक यादव के चुनाव मे कूंदने से भाजपा की ओर से चुनाव लड रहे प्रदेश अध्यक्ष वीडी शर्मा की सांसे फूल रही थी तथा उन्हे अपनी हार नजर आने लगी थी। जिसके चलते षडयंत्र पूर्वक यह कृत्य किया गया है।

# पीएम मोदी के नेतृत्व में भारत बनेगा विश्व की महाशक्ति : राजनाथ

## केंद्रीय रक्षा मंत्री की उपस्थिति में कई कांग्रेसियों ने थामा भाजपा का दामन, जनसभा में उमड़ा जन सैलाब, शामिल हुए हजारों जन

**सीधी।** कई वर्षों बाद आज आप सबके बीच खड़ा हूं। चुनाव के दौरान सीधी की जनता का जनार्दन आशीर्वाद लेने अवश्य आता हूं। म प्र में भारतीय जनता पार्टी को विजय से कोई नही रोक सकता। 2003 से लगातार शिवराज जी के नेतृत्व में पार्टी काम करती आ रही है। 2003 के पहले लोग मध्य प्रदेश को बीमारू राज्य के रूप में जानते है। बीमारू राज्य के रूप में जाने, जाने वाला म प्र भारत का ग्रोथ इंजन बन गया है।

उक्त आशा के विचार भारत सरकार के रक्षा मंत्री भाजपा के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष राजनाथ सिंह ने सीधी लोकसभा प्रत्याशी डॉ राजेश मिश्रा के जन समर्थन में आयोजित स्थानी सम्राट चौक पार्किंग में आयोजित विशाल जनसभा को भाजपा जिला अध्यक्ष देव कुमार सिंह चौहान की अध्यक्षता में संबोधित करते हुए कहीं।

केंद्रीय मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा कि प्रधानमंत्री की सोच है कि लोकसभा और विधानसभा का चुनाव एक सांथ होना चाहिए जिससे भारत का लोकतंत्र और मजबूत होगा किंतु कांग्रेसी इसका विरोध करते हैं। 2003 में अजीबो गरीब स्तिथी थी, पैदल चलना भी मुश्किल हो जाता था।

केंद्रीय मंत्री राजनाथ सिंह कहां की 2014 मे जबसे मोदी जी की सरकार बनी है तब से तेजी से विकास हो रहा है। अर्थव्यवस्था के मामले में पहले 11 वे स्थान में भारत था। अब दुनिया के देशों में हमारा भारत 5 वे स्थान पर खड़ा हो गया है। 2023 तक टॉप 3 में खड़ा हो होगा । एक विश्व की महाशक्ति बनकर भारत खड़ा हो जाएगा । भारत का मस्तक अंतरराष्ट्रीय स्तर पर ऊंचा हुआ है ।भारत का कद दुनिया मे तेजी के साथ बढ़ा है।

केंद्रीय मंत्री श्री सिंह ने कहा कि किसानों की चिंता सरकार ने खत्म की है। हमारे प्रधानमंत्री जी मुक़व्वल व्यवस्था करने जा रहे हैं। सारे भारत मे अन्न का भंडार बनाएंगे। 20 लाख से अधिक लोगों को स्वामित्व हक मिला है। इसके पहले खिलौने भी आयात होते थे, किंतु प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में अब हम खिलौने के क्षेत्र में आत्मनिर्भर हुए हैं।

### कांग्रेस भ्रष्टाचार की जननी

केंद्रीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कांग्रेस सरकार पर भ्र्ष्टाचार के गम्भीर आरोप लगाऐ । उन्होंने कहा कि कांग्रेस और भ्रष्टाचार का गहरा नाता है। कांग्रेस आज सारे देश मे समाप्त हो गई। कांग्रेस के भ्रष्टाचार पर चुटकुले लेते हुए श्री सिंह ने कहा कि एक गाना है तू चल मैं आई को सुधार करते हुए कहा कि भ्रष्टाचार ने कहा ऐ कांग्रेस तू चल, मै भ्रष्टाचार करने आई।




### कांग्रेस मुक्त हो रहा भारत

केंद्रीय मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा कि इन दिनों कांग्रेस में भगदड़ मची हुई है । आज भी मैंने कई वरिष्ठ कांग्रेसियों को भाजपा की सदस्यता दिलाई है। पूरे मध्य प्रदेश में एक से अधिक कांग्रेसी पार्टी छोड़ बीजेपी में आए हैं। गिने चुने ही छोटे राज्यो में सरकारें रह गई हैं। 10 साल में विकास और सुशासन का ट्रेलर देखा है।

### जनता से वादे नही आशीर्वाद लीजिये

केंद्रीय मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा कि भाजपा प्रत्याशी डॉ राजेश मिश्रा आपसे वादे नहीं करेंगे बल्कि आपका आशीर्वाद अर्जित करेंगे और यह आशीर्वाद भारत की समृद्धि, खुशहाली और वैभव काल के लिए होगा। आपके सेवक के रूप में डॉक्टर राजेश मिश्रा कार्य करेंगे। जिससे जनता के वादे और कसौटी पर खरा उतरे। वादे कांग्रेस करती है, कांग्रेस अगर आंशिक रूप से किये वादे को भी पूरा किया होता तो ,आज भारत ताकतवर देश होता। हमारे घोषणापत्र को देख लीजिए हमने जो कहा है वह किया है। भव्य राम मंदिर बनाएंगे। रामलाल अपने कुटिया से निकलकर महल में पहुँच चुके हैं ।जम्मू कश्मीर की धारा 370 को खत्म कर दिया। तीन तलाक प्रथा को समाप्त कर दिया ।हिन्दू, मुश्लिम, सिक्ख, ईसाई हो पारसी हो किसी के इज्जत और सम्मान के खिलाफ अपमान हो, भारतीय जनता पार्टी उसके सांथ खड़ी है। राजनीति जाति धर्म पर नही की जानी चाहिए। हम देश चलाने के लिए और भारत माता के मस्तक को ऊंचा करने के लिए राजनीति करते हैं। पड़ोसी देशों के सांथ अच्छे रिश्ते बनाकर रखते है। अगर कोई योजनाबद्ध तरीके से आतंकवाद को बढ़ावा देगा, तो हम मुह तोड़ जबाव देंगे। सीमा के इस पार और उस पार भी जाकर जबाव देंगे। कमल को सारा भारत अपना रहा है। लक्ष्मी जी भी आती हैं तो, कमल के फूल पर ही बैठकर आती हैं। हमारा भारत फिर से सोने की चिड़िया बने, हम यही चाहते हैं। खोया हुआ गौरव के पाने के लिये भारत आगे बढ़ रहा है। 2014 और 2019 में जिस तरह आशीर्वाद मिला उसी तरह 2024 में भी दीजिये। भारत अब कमजोर भारत नही रहा है। आप सभी का आशीर्वाद और समर्थन मिलना चाहिए। केंद्रीय मंत्री श्री राजनाथ सिंह ने कहा कि एक देश एक चुनाव होने से देश की ताकत और पैसे की बर्बादी भी बचेगी और जनता पर अनावश्यक भोज भी नहीं बढ़ेगा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में आगे हम ऐसा करने वाले हैं। हम वन नेशन वन इलेक्शन के सिद्धांत को लागू करने की दिशा में बढ़ रहे हैं। इससे राष्ट्र के धन और समय दोनों की बचत होगी। मध्यप्रदेश को बीमारू राज्य से शिवराज जी ने बाहर निकाला और मोहन यादव जी उसको आगे बढ़ा रहे हैं। आज मध्यप्रदेश देश का ग्रोथ इंजन बन चुका है। नरेन्द्र मोदी जी के नेतृत्व में वृहद गरीबी उन्मूलन कार्यक्रम चला और मुफ्त अनाज और हर घर नल जल का अभियान,समान नागरिकता कानून लागू किया, जो कि नागरिकता देने वाला है न कि किसी की नागरिकता लेने वाला। देश की कीमतें आज पूरी तरह सुरक्षित हैं, ऐसा रक्षामंत्री के नाते आपको आश्वस्त करना चाहता हूं।

भाजपा प्रत्याशी डॉक्टर राजेश मिश्रा की तारीफ करते हुए केंद्रीय मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा कि सरल सहज व्यक्तित्व के धनी डाक्टर राजेश मिश्रा को एक बार मौका देकर मोदी के हाथों को मजबूत बनाइये यही निवेदन करने आपके बीच आया हूं। स्वागत भाषण भाजपा जिला अध्यक्ष देव कुमार सिंह चौहान ने करते हुए कहा कि हम सीधी लोकसभा को पिछले मतों के अंतर से भी बड़े मंत्र अंतर से जीत आएंगे। भाजपा प्रत्याशी डा राजेश मिश्रा ने दोनों हाथ जोड़कर जनता जनार्दन का अभिनंदन करते हुए आशीर्वाद मांगते हुए कहा कि मैं परिश्रम की पराकाष्ठा करते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मिशन में और आप सभी के जीवन स्तर को आगे बढ़ाने में लगा रहूंगा। जनसभा को मध्य प्रदेश के कैबिनेट मंत्री और रीवा संभाग के क्लस्टर प्रभारी प्रहलाद पटेल, सीधी विधायक श्रीमती रीती पाठक ने भी संबोधित किया। आभार प्रदर्शन धौहनी विधायक कुंवर सिंह टेकाम ने किया। कार्यक्रम का संचालन लोकसभा संयोजक के के तिवारी ने किया।

### कांग्रेस छोड़ भाजपा में हुए शामिल

भाजपा जिला अध्यक्ष देव कुमार सिंह चौहान ने कांग्रेस छोड़ भारतीय जनता पार्टी की रीति नीति से प्रभावित होकर और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मिशन को आगे बढ़ते हुए भारतीय जनता पार्टी की सदस्यता ग्रहण की जिसमें प्रमुख रूप से सीधी नगर पालिका परिषद की अध्यक्ष काजल वर्मा, कांग्रेस के संगठन मंत्री दया शंकर पांडे, कांग्रेस चिकित्सा प्रकोष्ठ के उपाध्यक्ष डॉ संदीप पांडे, कांग्रेस के सचिव जिनेंद्र शंकर वर्मा, संतोष सिंह चौहान, शंकर दयाल मिश्रा, सूर्य प्रकाश साहू, वही भाजपा से निष्कासित रहे पार्टी पदाधिकारी की वापसी करते हुए चुरहट विधानसभा से बृजेंद्र नाथ मिश्रा, सुधांशु तिवारी, मार्तंड प्रसाद चतुर्वेदी, हितेश गुप्ता, अवधेश कोल, प्रीति चतुर्वेदी, डॉ राकेश गौतम, विष्णु बहादुर सिंह चौहान, दिनेश गुप्ता, आदित्य सिंह चौहान, ललन सिंह चौहान, संजय सोनी सहित सैकड़ो कार्यकर्ता और पदाधिकारी शामिल है ।

इस अवसर पर प्रमुख रूप से मध्य प्रदेश के लोकसभा चुनाव प्रभारी डॉ महेंद्र सिंह, भारतीय जनता पार्टी मध्य प्रदेश के महामंत्री पूर्व विधायक शरदेन्दु तिवारी, राज्य मंत्री श्रीमती राधा सिंह, लोकसभा प्रभारी कमलेश्वर सिंह, भाजपा भाजपा प्रदेश मंत्री एवं जिला संगठन प्रभारी राजेश पांडे, सिहावल विधायक विश्वामित्र पाठक, ब्यौहारी विधायक शरद कोल, विधायक रमानिवास शाह, जिला पंचायत अध्यक्ष मंजू राम जी सिंह, जनपद अध्यक्ष धर्मेंद्र सिंह परिहार, पूर्व नगर पालिका परिषद के अध्यक्ष देवेंद्र सिंह मुन्नू, लालचंद गुप्ता सहित अनेक पार्टी पदाधिकारी, वरिष्ठ नेता सहित हजारों हजार की संख्या में जनता जनार्दन उपस्थित रहे। इसके पूर्व स्थानीय स्वयंवर पैलेस में विभिन्न विभिन्न सामाजिक संगठनों के प्रमुख व्यक्तियों का सामाजिक सम्मेलन आयोजित किया गया, जिसे केंद्रीय मंत्री राजनाथ सिंह चौहान ने संबोधित किया ।

# विद्युत पेंशनरों की बैठक सपन्न



**सीधी।** विद्युत पेंशनर हित रक्षक संघ के प्रांतीय पदाधिकारी विद्युत पेंशनर की गारंटी दिलाने हेतु मध्य प्रदेश के विद्युत पेंशनर्स को एकत्र करने के लिए महाकौशल क्षेत्र नरसिंहपुर गाडरवारा मंडला वारासिवनी बालाघाट सिवनी छिंदवाड़ा क्षेत्र के विद्युत पेंशनरों से अशोक गुप्ता प्रांतीय अध्यक्ष, आर.डी. मिश्रा प्रांतीय कार्यवाहक अध्यक्ष, बी.एल. पटेल प्रांतीय उपाध्यक्ष सतना रीवा से भीमसेन सिंह प्रांतीय उपाध्यक्ष सीधी शहडोल सोमनाथ पटेल एवं के.एन. दुबे प्रांतीय संगठन सचिव रीवा एवं सीधी सुनील भार्गव प्रांतीय सचिव मानवार अध्यक्ष शाखा भोपाल नए विद्युत पेंशनरों से संपर्क कर एक एक साथ जोड़ने का प्रयास किया सभी को विद्युत पेंशन हित रक्षक संघ के द्वारा 2 साल के अंतराल में किए गए कार्यों का विस्तृत जानकारी से अवगत कराया गया। विद्युत पेंशनर हित रक्षक संघ में ज्यादा से ज्यादा विद्युत पेंशनरों को सदस्यता के लिए भी अपील की गई। साथ ही अपील की गई कि जो भी संघ अच्छा कार्य करें आपकी सेवा करें आप उसके साथ जुड़े जब सभी पेंशनर एक साथ पूरे मध्य प्रदेश में जुड़ जाएंगे तभी अपने पेंशन की गारंटी संभव हो पाएगी अन्यथा यह निश्चित है कि कंपनी के निजीकरण होने के पश्चात विद्युत पेंशनर की पेंशन की गारंटी मध्य प्रदेश शासन नहीं ले रही है। इसके लिए विद्युत पेंशनरों का परिवार दर-दर ठोकर खाने के लिए मजबूर हो जाएगा। यह आवाहन हमारे प्रांतीय अध्यक्ष अशोक गुप्ता, आर.डी. मिश्रा प्रांतीय कार्यवाहक अध्यक्ष के निर्देशन पर पूरे मध्य प्रदेश में सतत जारी रहेगा। हमारे संघ का एक ही संकल्प है कि विद्युत पेंशन की गारंटी उत्तर प्रदेश सरकार की तरह निश्चित हो इसके लिए हमें जो भी जिस भी स्थिति परिस्थिति से गुजरना होगा सभी विद्युत पेंशनर एक साथ एक आह्वान पर अपनी रूपरेखा तैयार करेंगे। उक्त यात्रा दिनांक 2 अप्रैल से 6 अप्रैल तक विद्युत पेंशनरों को जोड़ने के लिए की गई है। उक्त जानकारी भीमसेन सिंह प्रांतीय उपाध्यक्ष विद्युत पेंशनर प्रभारी सीधी और शहडोल के द्वारा दी गई है।

# प्रतिष्ठित नागरिक विंधेश्वरी सिंह का निधन



**सीधी।** वरिष्ठ कांग्रेस नेता भूपेंद्र बहादुर सिंह के पिता विंधेश्वरी सिंह जी का विगत दिवस आकस्मिक निधन हो गया। उल्लेखनीय है की सीधी शहर के जमोड़ी स्थित विद्युत मंडल के सब स्टेशन के बगल के निवासी एवं शहर के प्रतिष्ठित व्यक्तित्व श्री विंधेश्वरी सिंह कुछ समय से बीमार चल रहे थे जिनका उपचार निरंतर जारी था।
श्री सिंह के निधन पर सीधी शहर और जमोड़ी, करौंदिया इलाके में शोक की लहर व्याप्त है, उनका व्यक्तित्व अपने आप में एक अलग तरह का प्रभाव रखता था उनके बेबाक अंदाज और समाज सेवी भावना के लिए लोग उन्हें जानते थे।
न्यू आर्या पब्लिक विद्यालय परिवार तथा विष्णु नारायण मिश्रा (संचालक आर्या पब्लिक स्कूल), ओमप्रकाश तिवारी, आशीष सिंह बघेल, कप्तान सिंह, श्यामानंद चतुर्वेदी, जीवेंद्र सिंह के ओर से शोक संतृप्त परिवार के प्रति हृदयांगत करुण शोक संवेदनाएं ज्ञापित है तथा श्री सिंह की आत्मा को परमपिता परमेश्वर से प्रार्थना है की अपने श्री चरणों में स्थान दें।

# चुनाव ड्यूटी के दौरान मतदान/सुरक्षा कर्मियों की मृत्यु पर मिलेगी अनुग्रह राशि

## चुनाव ड्यूटी की अवधि चुनाव घोषणा की तारीख से परिणाम की घोषणा तक होगी

**सीधी।** मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी श्री अनुपम राजन ने बताया है कि भारत निर्वाचन आयोग द्वारा चुनाव ड्यूटी के दौरान मृत्यु या गंभीर चोटों के मामले में मतदान/सुरक्षा कर्मियों के परिजन को अनुग्रह राशि का प्रावधान किया गया है। इसमें चुनाव संबंधी सभी प्रकार की ड्यूटी में तैनात सभी कार्मिक, सीएपीएफ, एसएपीएस, राज्य पुलिस, होम गार्ड के सभी सुरक्षाकर्मी, कोई भी निजी व्यक्ति जैसे ड्राइवर, क्लीनर आदि जिसे चुनाव ड्यूटी के लिए नियुक्त किया गया हो और बीईएल/ईसीआईएल इंजीनियर भी शामिल हैं, जो प्रथम स्तरीय जांच (एफएलसी), ईवीएम कमीशनिंग, मतदान दिवस और मतगणना दिवस ड्यूटी में लगे हुए हैं।

आयोग द्वारा यह स्पष्ट किया गया है कि किसी व्यक्ति को प्रशिक्षण सहित किसी भी चुनाव संबंधी कार्य के लिए रिपोर्ट करने के लिए निवासध्कार्यालय छोड़ते ही चुनाव ड्यूटी पर होना माना जायेगा, जब तक वह अपने कार्य प्रदर्शन के बाद अपने निवासध्कार्यालय वापस नहीं पहुंच जाता। यदि इस अवधि के दौरान कोई दुर्घटना होती है, तो इसे चुनाव ड्यूटी पर हुई घटना के रूप में माना जायेगा।

बीईएल /ईसीआईएल इंजीनियरों के लिए, प्रथम स्तरीय जांच (एफएलसी) ड्यूटी की अवधि और वह अवधि जिसके लिए अधिकारी को कमीशनिंग, मतदानध्मतगणना व्यवस्था के लिए प्रतिनियुक्त किया जाता है, को चुनाव ड्यूटी अवधि में माना जाएगा।

**अनुग्रह राशि**

निर्वाचन ड्यूटी के दौरान अगर मौत उग्रवाद या असामाजिक तत्वों के किसी हिंसक कृत्य जैसे सड़क पर खदान, बम विस्फोट, सशस्त्र हमले और कोविड-19 के कारण मौत होती है, तो 30 लाख रुपये की अनुग्रह राशि कर्मचारी के परिजन को मिलेगी। इसके अलावा किसी अन्य कारण से मृत्यु होने पर 15 लाख रुपये की अनुग्रह राशि मिलेगी। चरमपंथी या असामाजिक तत्वों की संलिप्तता के कारण स्थायी विकलांगता होती है तो 15 लाख रुपये और गंभीर चोट के परिणामस्वरूप स्थायी विकलांगता, जैसे अंग की हानि, आंख की दृष्टि, आदि के मामले में 7.5 लाख रुपये दिये जायेंगे। अनुग्रह राशि का भुगतान गृह मंत्रालय द्वारा उसके मौजूदा दिशानिर्देशों के तहत पहले से ही भुगतान किए जा रहे मुआवजे और राज्य सरकार या किसी नियोक्ता द्वारा भुगतान किए गए किसी भी अन्य मुआवजे के अतिरिक्त होगा। अनुग्रह राशि का भुगतान बिना किसी अनावश्यक देरी के शीघ्र किया जाएगा।

**कैशलेस इलाज**

आयोग ने चुनाव में शामिल ऐसे सभी कर्मियों के लिए अत्याधुनिक अस्पतालों में इलाज की व्यवस्था करने का भी निर्देश दिया है, जो ड्यूटी के दौरान घायल हो जाते हैं या बीमार पड़ जाते हैं। उपचार में तेजी लाने और देरी से बचने के लिए, चुनाव की घोषणा तक अस्पतालों के साथ अग्रिम रूप से व्यवस्था/टाई-अप कर पीड़ितों को कैशलेस सुविधाएं दी जा सकती हैं।

# जिला कोषालय सीधी को दृढ़कक्ष घोषित

**सीधी।** लोकसभा निर्वाचन 2024 हेतु एव्हीएससी, एव्हीआरडी, कोविड-19, एव्हीईएस तथा ईटीपीबीएस सर्विस मतदाताओं के मतदान पश्चात प्राप्त मतपत्रों व शील्ड मतपेटियों को कोषालय में विधानसभा सेग्मेंटवार सुरक्षित रखने हेतु निर्देश प्राप्त हुए हैं। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी स्वरोचिष सोमवंशी ने आदेश जारी कर प्रतिदिन प्राप्त होने वाले मतपत्रों एवं पृथक-पृथक मतपेटियों को सुरक्षित रखवाने हेतु जिला कोषालय सीधी को दृढ़कक्ष घोषित किया गया है। उन्होने निर्देशित किया है कि भारत निर्वाचन आयोग के गाईड लाईन अनुसार प्राप्त शील्ड मतपेटियों को कोषालय में सुरक्षित रखवाना सुनिश्चित करेंगें।

# मध्यप्रदेश में मतदान दिवस के दिन रहेगा सार्वजनिक अवकाश

**सीधी।** मध्यप्रदेश में लोकसभा के चुनाव के लिये 4 चरणों में मतदान होना है। राज्य शासन ने प्रत्येक चरण के मतदान के दिन सार्वजनिक अवकाश घोषित किया है। इस संबंध में सामान्य प्रशासन विभाग ने अधिसूचना जारी कर दी है। प्रथम चरण का मतदान 19 अप्रैल 2024 शुक्रवार, द्वितीय चरण का मतदान 26 अप्रैल 2024 शुक्रवार, तृतीय चरण का मतदान 7 मई 2024 मंगलवार और चतुर्थ चरण का मतदान 13 मई 2024 सोमवार को होगा। संबंधित क्षेत्रों में मतदान के दिन सार्वजनिक अवकाश तथा सामान्य अवकाश का दिन होगा।

# एसआईटी का सात दिवसीय राष्ट्रीय सेवा योजना शिविर संपन्न

**सीधी।** जो युवा अपनी ऊर्जा सेवा कार्यों एवं सतकर्म में लगाते है वह व्यक्ति स्वयं के साथ साथ अन्य लोगो के जीवन में भी क्रांति लेकर आते है। यह विचार वरिष्ठ समाज सेवी भोला प्रसाद गुप्ता ने रखे। उन्होंने एसआईटी कॉलेज ऑफ एजुकेशन के कुसमी में चल रहे सात दिवसीय एनएसएस कैम्प के समापन समारोह में बतौर मुख्यातिथि शिरकत की। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय सेवा योजना का कैम्प हमारे मन में समाजसेवा का बीजारोपण करता है और हमारी क्षमता दिखाने का जरिया होता है। उन्होंने कहा व्यक्ति का जैसा चरित्र होता है उसका वैसा ही भविष्य होता है। इसलिए सकारत्मक सोच का नितांत होना आवश्यक है। उन्होंने आत्मनिर्भर भारत पर अपनी बात रखते हुए कहा भारत की कला और संस्कृति को देखते हुए यह बात स्पष्ट होती है कि भारत प्राचीन काल से ही आत्मनिर्भर रहा है। यदि कोई व्यक्ति आत्मनिर्भर बनता है तो वह हर मुश्किलों का सामना करके आगे बढ़ता है और मुसीबतों से खुद को आसानी से निकाल लेता है। हर व्यक्ति खुद मे आत्मनिर्भर बनकर अपनी, अपने परिवार के साथ-साथ अपने देश के उत्थान मे भी अपना पूरा सहयोग कर सकता है। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रशासनिक अधिकारी रावेंद्र पांडे ने की।

इसी तारतम्य में एसआईटी कालेज सीधी के सात दिवसीय राष्ट्रीय सेवा योजना कैंप का समापन समारोह गोद ग्राम चौफाल में आयोजित हुआ। यह कार्यक्रम समाज सेवी कमल कामदार के मुख्य आतिथ्य में संपन्न हुआ। उन्होंने अपने भाषण में कहा कि राष्ट्रीय सेवा योजना समाजिक सरोकार के लिए एक श्रेष्ठ मार्ग है। एसआईटी ग्रुप के मैनेजर अभिषेक सिंह ने रक्तदान पर अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि आकस्मिक रूप हुई दुर्घटना में घायल और गंभीर रूप से पीड़ितों का जीवन बचाने, एनिमिया व कैंसर पीड़ितों के लिए दान किया गया रक्त ही काम आता है। अत: हमें




रक्तदान के प्रति तत्पर रहना चाहिए। उन्होंने बताया कि एक सर्वे के अनुसार भारत की आधे से ज्यादा महिला आबादी एनीमिया से पीड़ित है। भारत में 80 प्रतिशत स्वैच्छिक रक्तदान से रक्त की कमी पूरी होती है और 65 प्रतिशत आबादी युवाओं की है। यदि सभी युवा रक्तदान का संकल्प करें तो रक्त के आभाव में किसी की जान नही जाएगी। नियमित अंतराल यानी तीन महीने बाद रक्तदान करते रहने से हमारे शरीर में आयरन की मात्रा संतुलित रहती है और रक्तदाता को हृदयाघात की संभावना 88 प्रतिशत कम हो जाती है।

नियमित रक्तदान करने से कैंसर सहित अन्य बीमारियों का खतरा भी कम हो जाता है। रक्तदान से सबसे बड़ा फायदा यह होता है कि हमारे शरीर का वजन, ब्लड प्रेशर, हीमोग्लोबिन, मलेरिया, एचबीएसएजी, एचसीवी, वीडीआरएल आदि जांचें हो जाती हैं। इसके अलावा हैप्पी हार्मोन्स एक्टिव हो जाते है। सात दिवसीय कैंप में सांस्कृतिक कार्यक्रम के साथ नेतृत्व प्रशिक्षण, बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ, स्वच्छता अभियान, मतदाता जागरूकता रैली, मतदाता जागरूकता पर निबंध लेखन, स्लोगन, पेंटिंग, पोस्टर मेहंदी कंपटीशन आदि का आयोजन कर छात्र-छात्राओं एवं ग्रामीण जनों में जागरूकता का अभियान चलाया गया। शासन के द्वारा दिए गए औपचारिक शिक्षा एवं रोजगार के सर्वेक्षण फॉर्म ग्राम कुसमी, टमसार और चौफाल में जाकर छात्र-छात्राओं ने भरा। स्वयंसेवकों के द्वारा ग्राम कुसमी में बांध के पुनर्जीवन एवं पुनर्गठन से संबंधित स्वच्छता पर आधारित और मतदाता जागरूकता के संबंध में नुक्कड़ नाटक और विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत कर ग्रामीणों के बीच जनसंचार एवं जागरण का काम करते हुए उनका मनोरंजन भी किया। शिविर में आयोजित विभिन्न प्रतियोगिताओं में विजेता, उपविजेता स्वयंसेवकों तथा समूह को सम्मानित किया गया। एसआईटी ग्रुप के राष्ट्रीय सेवा योजना की दोनो इकाइयों के कैंप के सफल आयोजन एवं संचालन में कार्यक्रम अधिकारी इंजी विष्णुदत्त त्रिपाठी, संदीप सिंह चौहान एवं प्राध्यापक स्वाति शुक्ला की महत्वपूर्ण भूमिका रही संस्था के अन्य स्टाफ में आशीष सिंह, पुष्कल पटेल, विभोर गौतम, सुनील द्विवेदी एवं कनकलाता पटेल ने भी कार्यक्रम के आयोजन में सहयोग प्रदान किया। कार्यक्रम अधिकारी संदीप सिंह ने अवधेश प्रताप सिंह विश्वविद्यालय के अधिकारी अभिमन्यु सिंह सर एवं कार्यक्रम समन्वयक अमित झा सर को धन्यवाद ज्ञापित किया एवं कहा की भविष्य में भी आपके सुझाव और मदद सदैव अपेक्षित है।



संपादकीय

## राष्ट्र की संप्रभुता का सम्मान, टिप्पणियां अनुचित

दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की गिरफ्तारी पर अमेरिका, जर्मनी और संयुक्त राष्ट्र के अधिकारियों की टिप्पणियों पर भारत सरकार ने सख्त एतराज जताया था। अब विदेशमंत्री ने अंतरराष्ट्रीय समुदाय को आगाह किया है कि उन्हें भारत के आंतरिक मामलों में हस्तक्षेप से परहेज करना चाहिए, नहीं तो इसका बहुत कड़ा जवाब मिलेगा। आमतौर पर अपेक्षा की जाती है कि हर राष्ट्र दूसरे राष्ट्र की संप्रभुता का सम्मान करे और उनके आंतरिक मामलों में दखल देने से परहेज करे, मगर अक्सर देखा जाता है कि कमजोर देशों के मामलों में ताकतवर देश हस्तक्षेप करने का प्रयास करते हैं। इसी आदत के चलते जर्मनी, अमेरिका और संयुक्त राष्ट्र के अधिकारियों ने भारत सरकार को लोकतांत्रिक मूल्यों का पाठ पढ़ाने की कोशिश की थी। ऐसा नहीं माना जा सकता कि उन राजनयिकों को इस बात की जानकारी नहीं थी कि भारत किस कदर भ्रष्टाचार और धनशोधन संबंधी मामलों को लेकर गंभीर है। ऐसे मामलों के आरोपियों के खिलाफ सख्त कदम उठाता है। फिर भी उन्होंने अरविंद केजरीवाल की गिरफ्तारी पर टिप्पणी की तो उससे यही जाहिर हुआ कि वे भारत के विपक्षी दलों के सुर में सुर मिला रहे हैं। उनकी टिप्पणियों से विपक्षी दलों को सरकार की आलोचना करने का आधार मिल गया था। यह ठीक है कि यह पहला मौका था जब किसी मुख्यमंत्री को पद पर रहते हुए गिरफ्तार किया गया। उस गिरफ्तारी में समय के चुनाव को लेकर भी सवाल उठे, क्योंकि तब तक आम चुनाव की तारीखों की घोषणा हो चुकी थी। इस तरह चुनाव में सभी राजनीतिक दलों को समान सुविधाएं और अवसर उपलब्ध कराने का सैद्धांतिक पक्ष बाधित नजर आने लगा। मगर इस पर नजर रखने और कार्रवाई करने का अधिकार भारत के निर्वाचन आयोग और अदालतों को है, न कि संयुक्त राष्ट्र, अमेरिका या जर्मनी के किसी राजनयिक को। यह भी ठीक है कि हर देश अपने राजनयिकों के जरिए दूसरे देशों की राजनीतिक गतिविधियों पर नजर रखता, वहां के चुनावों की खोज-खबर लेता रहता है, मगर वह चुनाव प्रक्रिया या वहां के राजनीतिक विवादों में पक्षकार की तरह शामिल नहीं हो सकता। वैसे भी अमेरिका, जर्मनी और संयुक्त राष्ट्र पर अनेक बार सवाल उठते रहे हैं कि वह अपने मित्र राष्ट्रों में हो रहे मानवाधिकारों के उल्लंघन तक पर चुप्पी साधे रहते हैं। फिलिस्तीन के खिलाफ नियम-कायदों को ताक पर रख कर चलाई जा रही इजराइल की कार्रवाइयों पर वे क्यों मुखर होकर नहीं बोलते या तन कर खड़े होते! अरविंद केजरीवाल की गिरफ्तारी कोई ऐसा मामला नहीं था, जिसका अंतरराष्ट्रीय समुदाय पर कोई बुरा और व्यापक असर पड़ता हो। यहां की जांच एजेंसियों ने कानून के दायरे में रहते हुए उनके खिलाफ कार्रवाई की और उसको केजरीवाल की तरफ से अदालत में चुनौती भी दी गई है। उसके गलत या सही होने का निर्णय अदालत को करना है। उनके पहले भी इसी मामले में कई दूसरे नेता गिरफ्तार किए जा चुके थे। अमेरिका, जर्मनी, संयुक्त राष्ट्र या किसी भी दूसरे देश को उसमें हस्तक्षेप करने का कोई तुक नहीं बनता। हर देश की अपनी संप्रभुता है और वह अपने नियम-कायदों, कानूनों के जरिए चलता है।

# बिहार की राजनीति का 'चिराग' संभावना का वाहक

**खुद को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का हनुमान बताने वाले युवा नेता चिराग पासवान इन दिनों बिहार की राजनीति में लाइमलाइट में हैं। राजनीतिक कौशल एवं प्रभावी रणनीति के तहत तेजी से अपनी राजनीतिक जमीन को मजबूती देते हुए बिहार की राजनीति का 'चिराग' संभावना का वाहक बन रहा है। चिराग पासवान सक्षम जनप्रतिनिधि के साथ-साथ मौलिक सोच एवं संवेदनाओं के प्रतीक हैं। उन्हें सूक्ष्मदर्शी और दूरदर्शी होकर प्रासंगिक एवं अप्रासंगिक के बीच भेदरेखा बनाने एवं अपनी उपस्थिति का अहसास कराने का छोटी उम्र में बड़ा अनुभव है जो भारतीय राजनीति के लिये शुभता का सूचक है।**

(ललित गर्ग)

आगामी लोकसभा चुनाव 2024 चिराग का सशक्त एवं उम्मीदभरा राजनीतिक भविष्य उजागर करते हुए बिहार के शीर्ष नेतृत्व की ओर अग्रसर करे तो कोई आश्चर्य नहीं। इस बात के संकेत इनदिनों की बिहार की राजनीति गतिविधियों से मिलने लगे हैं।

खुद को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का हनुमान बताने वाले युवा नेता चिराग पासवान इन दिनों बिहार की राजनीति में लाइमलाइट में हैं। राजनीतिक कौशल एवं प्रभावी रणनीति के तहत तेजी से अपनी राजनीतिक जमीन को मजबूती देते हुए बिहार की राजनीति का 'चिराग' संभावना का वाहक बन रहा है। चिराग पासवान सक्षम जनप्रतिनिधि के साथ-साथ मौलिक सोच एवं संवेदनाओं के प्रतीक हैं। उन्हें सूक्ष्मदर्शी और दूरदर्शी होकर प्रासंगिक एवं अप्रासंगिक के बीच भेदरेखा बनाने एवं अपनी उपस्थिति का अहसास कराने का छोटी उम्र में बड़ा अनुभव है जो भारतीय राजनीति के लिये शुभता का सूचक है। लोकतंत्र का सच्चा जन-प्रतिनिधि वही है जो अपनी जाति, वर्ग और समाज को मजबूत करने के साथ देश को मजबूत करें। 'बिहार फर्स्ट, बिहारी फर्स्ट' की लड़ाई लड़ने वाले चिराग 14 करोड़ बिहारियों को विकास की मुख्य धारा से जोड़ने के लिये प्रतिबद्ध है।

आगामी लोकसभा चुनाव 2024 चिराग का सशक्त एवं उम्मीदभरा राजनीतिक भविष्य उजागर करते हुए बिहार के शीर्ष नेतृत्व की ओर अग्रसर करे तो कोई आश्चर्य नहीं। इस बात के संकेत इनदिनों की बिहार की राजनीति गतिविधियों से मिलने लगे हैं। गतदिनों भाजपा मुख्यालय से विनोद तावड़े ने बिहार के एनडीए गठबंधन में सीट शेयरिंग का अपना फॉर्मूला सार्वजनिक किया, जिसमें भाजपा को 17 सीटें, जदयू को 16 सीटें तो चिराग पासवान के नेतृत्व वाली लोजपा (रामविलास) के खाते में 5 सीटें गईं। वहीं उपेंद्र कुशवाह और जीतनराम मांझी की पार्टी को एक-एक सीट दी गई। बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के आवास की एक बड़ी तस्वीर सामने आई, जिसमें नीतीश चिराग के कंधे पर हाथ रखे आशीर्वाद की मुद्रा में दिखाई दे रहे हैं। इसी तरह का एक चित्र पहले चर्चित हुआ जिसमें प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी भी चिराग की पीठ थपथपाते हुए दिखाई दे रहे हैं।



भारतीय राजनीति में युवाओं की भागीदारी को लेकर अक्सर बड़ी-बड़ी बातें हर किसी मंच से होती रहती हैं लेकिन कोई दल उन्हें प्रतिनिधित्व का मौका नहीं देता क्योंकि उनकी नजर में युवा वोट भर हैं। राजनीतिक दल उनका इस्तेमाल भीड़ और ट्रौलिंग के लिए करते रहते हैं। हालांकि इस मिथक को चिराग ने तोड़ा, 2014 के लोकसभा चुनाव में जमुई सीट पर 80 हजार से ज्यादा मतों से विजयी हुए थे तो एक ही संसदीय दौर में उन्होंने जनता का विश्वास इस कद्र जीता कि 2019 के चुनाव में चिराग ने 5 लाख से ज्यादा वोट हासिल करते हुए लगातार दूसरी बार जीत दर्ज की। करिश्माई व्यक्तित्व वाले चिराग ने आगामी चुनाव में एनडीए को बिहार में 40 में से 40 सीटें मिलने का दावा किया है। इसमें कोई संदेह भी नहीं है क्योंकि 2019 में जब एनडीए में 3 पार्टियां थी, तब 40 में से 39 सीटें जीती थीं और इस बार 5 पार्टियां हैं और लोगों का उत्साह बताता है कि बिहार में 40 सीटों के साथ एनडीए देश में 400 सीटों के लक्ष्य को आसानी से पार कर लेगा।

चिराग पासवान एक भारतीय राजनीतिज्ञ तथा लोक जनशक्ति पार्टी के राजनेता है। वे भारतीय राजनीति में सर्वाधिक मतों से जीतने वाले दलितों के शीर्ष नेता एवं लोक जनशक्ति पार्टी (लोजपा) के संस्थापक रामविलास पासवान के पुत्र हैं। चिराग ने न केवल बिहार की राजनीति में बल्कि समूची देश की राजनीति में युवा संभावनाओं को उजागर करने की खनक पैदा की है। यह वह आहट है जो भारत की राजनीति को एक नयी दिशा एवं दृष्टि प्रदत्त करेंगी। क्योंकि चिराग वोट की राजनीति के साथ-साथ सामाजिक उत्थान की नीति के चाणक्य है। वे रोजगार के नाम से एक एनजीओ भी चलाते हुए बिहार के युवाओं को बड़े पैमाने पर रोजगार दिलाने की मुहिम को संभव किया है। 'चिराग का रोजगार' एक मौलिक सोच की निष्पत्ति है और चिराग भारत की राजनीति में एक मौलिक सोच के प्रतीक नेता के रूप में उभर रहे हैं और मौलिकता अपने आप में एक शक्ति होती है, जो व्यक्ति की अपनी रचना होती है एवं उसी का सम्मान होता है। संसार उसी को प्रणाम करता है जो भीड़ में से अपना सिर ऊंचा उठाने की हिम्मत करता है, जो अपने अस्तित्व का भान कराता है। मौलिकता की आज जितनी कीमत है, उतनी ही सदैव रही है। जिस व्यक्ति के पास अपना कोई मौलिक विचार या कार्यक्रम है तो संसार उसके लिए रास्ता छोड़कर एक तरफ हट जाता है और उसे आगे बढ़ने देता है। मौलिक विचार तथा काम के नये तरीके खोज निकालने वाला व्यक्ति ही समाज एवं राष्ट्र की बड़ी रचनात्मक शक्ति होता है अन्यथा ऐसे लोगों से दुनिया भरी पड़ी है जो पीछे-पीछे चलना चाहते हैं और चाहते हैं कि सोचने का काम कोई और ही करे। चिराग ने भारत की राजनीति में युवा पीढ़ी के लिए कुछ नया सोचा है, कुछ मौलिक सोचा है, तो सफलता निश्चित है। वे इसी सोच से प्रदेश की राजनीति से केन्द्र की राजनीति की ओर अग्रसर होकर सफल नेतृत्व देने में सक्षम साबित होंगे, इसमें कोई संदेह नहीं है।

लोजपा अब पूरी तरह युवाओं के हाथ में है। चिराग युवा हैं, सक्षम है, प्रखर वक्ता है, कुशल संगठनकार एवं प्रबन्धक हैं और विगत में उन्होंने अनेक अवसरों पर अपनी इन क्षमताओं के साथ-साथ निर्णायकता साबित की है। कई मौकों पर यह बात सामने आई है कि बिहार के साथ-साथ केंद्रीय राजनीति के दांव-पेच और समीकरणों को भी वह अच्छी तरह जानने-समझने लगे हैं। हालांकि उनके सामने सबसे बड़ी चुनौती दलित राजनीति के अगले ध्वजवाहक बनने और अपने लक्षित मतदाता समूह में पिता जैसी स्वीकार्यता पाने की होगी। चिराग नई लकीर खींचने में पारंगत है, वे अपने पिता की प्रतिछाया ही न बनकर कुछ नये प्रतिमान स्थापित करेंगे, राजनीति की नई परिभाषाएं गढ़ंगे। क्योंकि वे विपरीत स्थितियों में सामंजस्य स्थापित करके भरोसा और विश्वास का वातावरण निर्मित करने में दक्ष है।

युवापीढ़ी और उनके सपनों का मूर्च्छित होना और उनमें निराशा का वातावरण निर्मित होना- एक सबल एवं सशक्त राष्ट्र के लिये एक बड़ी चुनौती है। चिराग ने यह अनुभव किया, यह उनकी सकारात्मक राजनीति एवं मानवतावादी सोच का ही परिणाम है। चिराग इस मामले में अन्य क्षत्रप या नेता पुत्रों से थोड़ा अलग इसलिए भी हैं कि उनका नजरिया और अंदाज भविष्योन्मुखी और विकासवादी प्रतीत होता है। यही कारण प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भी चिराग में राजनीतिक संभावनाओं को गहराई से समझा है। इन सबके बावजूद यक्ष प्रश्न यह है कि क्या चिराग अपने पिता की दलित राजनीति की विरासत को कोई नया आयाम दे पाएंगे। या फिर वह इस विरासत से इतर मुख्यधारा की राजनीति में अपनी काबिलियत दिखाएंगे। चिराग राजनीति की बारीकियों को समझने में माहिर है। राजनीति का मौसम विज्ञान समझने में चिराग ने मोदी की आंधी को भलीभांति भांप लिया है और वह किसी संशय में नहीं है। अपने मतदाता समूह में उनकी मजबूत स्वीकार्यता भी है। हाल के समय में भारतीय राजनीति में नई पीढ़ी के कई नेता पुत्रों ने अभी तक कोई बहुत बड़ी उम्मीद नहीं जगाई है। चाहे राहुल गांधी हों या तेजस्वी यादव, फिलहाल इनके सियासी सितारे डूब-उतर रहे हैं। साथ ही अपने प्रभाव में निरंतरता बरकरार रखने में कहीं न कहीं चूक भी रहे हैं। हालांकि इन नामों की तुलना में चिराग के पास कोई बहुत बड़ी राजनीतिक विरासत तो नहीं है, लेकिन वे अपने होने का अहसास, कुछ अनूठा करने का एवं जनता के दिलों को जीतने का हूनर साबित किया है।

**(यह लेखक के अपने विचार हैं)**

# गरम दिनों की चेतावनी और सावधानी का आया समय

**(राजीव दासगुप्ता, प्रोफेसर, कम्यूनिटी हेल्थ, जेएनयू)**

विश्व मौसम विज्ञान संगठन ने वैश्विक जलवायु की स्थिति रिपोर्ट में 2023 को दस वर्ष की अवधि में सबसे गरम वर्ष के रूप में दर्ज किया है। आज औसत वैश्विक तापमान उद्योग पूर्व दौर के तापमान से 1.45 डिग्री सेल्सियस ऊपर है। जाहिर है, यह जलवायु परिवर्तन पर पेरिस समझौते की 1.5 डिग्री सेल्सियस की निचली सीमा के करीब है। अब विश्व मौसम विज्ञान संगठन के महासचिव दुनिया को चेतावनी दे रहे हैं। दुनिया में तापमान बढ़ने की यह प्रवृत्ति इस वर्ष भी जारी है; जनवरी 2024 रिकॉर्ड पर सबसे गरम जनवरी है। ऐसे में, यह चिंता जायज है कि आने वाले दिनों में क्या होने वाला है?

यहां गौर करने की बात है कि भारतीय मौसम विज्ञान विभाग ने इसी सप्ताह की शुरुआत में अप्रैल से जून महीने के दौरान औसत से ज्यादा गरम दिनों को लेकर सामान्य पूर्वानुमान जारी किया है। दक्षिणी प्रायद्वीप के बड़े हिस्से, मध्य भारत, पूर्वी भारत और उत्तर-पश्चिमी मैदानी इलाकों में सामान्य से अधिक तापमान रहने की आशंका जताई है। यहां यह बताते चलें कि यदि सामान्य तापमान 4.50 डिग्री सेल्सियस से 6.40 डिग्री तक बढ़ जाता है, तो लू की स्थिति बनती है और जब 6.40 डिग्री सेल्सियस से ऊपर पहुंच जाता है, तो गंभीर लू के हालात बनते हैं।

देश में शुरू हो चुके गरम दिनों में अधिकतम तापमान जब 45 डिग्री सेल्सियस या उससे ऊपर हो जाए, तो लू की स्थिति बनेगी और तापमान जब 47 डिग्री सेल्सियस या उससे अधिक हो जाए, तो गंभीर लू चलने की घोषणा हो जाएगी। ध्यान रहे, लू की स्थिति तभी घोषित होती है, जब कम से कम दो मौसम विज्ञान उप-केंद्रों पर दो दिन लगातार निर्धारित उच्च तापमान दर्ज किया जाता है। भारतीय मौसम विभाग और राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण संयुक्त रूप से रंग कोड आधारित गरमी की चेतावनी जारी करते हैं, इनमें हरा अलर्ट मतलब सामान्य दिन, पीला अलर्ट मतलब गरमी का अलर्ट, ऑरेंज अलर्ट मतलब भीषण गरमी और रेड अलर्ट मतलब दिन भर अत्यधिक गरमी की चेतावनी। चेतावनियों को समझते हुए लोगों को अपनी दिनचर्या तय करनी चाहिए।

वैसे तो गरमी एक सामान्य बात है, पर गरमी के प्रति लोगों के शरीर की प्रतिक्रिया और उसे सहने की क्षमता व्यक्ति-दर-व्यक्ति अलग-अलग होती है। गरमी से होने वाला तनाव भी अलग-अलग रूपों में नजर आता है। औसत से अधिक गरम हालात के संपर्क में आने पर या गरमी में तेज वृद्धि से मानव शरीर की तापमान को नियंत्रित करने की क्षमता प्रभावित होती है, जिसके परिणामस्वरूप गरमी में ऐंठन, थकावट, हीटस्ट्रोक और हाइपरथर्मिया सहित कई स्थितियां पैदा होती हैं। हालांकि, इनमें से प्रत्येक स्थिति को चिकित्सकीय रूप से परिभाषित किया गया है और डॉक्टरों द्वारा चिकित्सकीय रूप से मान्यता भी मिली हुई है, पर जरूरी नहीं कि देश भर में बोली जाने वाली विभिन्न स्थानीय भाषाओं में भी गरमी को लेकर इसी तरह के शब्द हों। वैसे ध्यान रहना चाहिए, गरमी की वजह से स्थितियां एक ही दिन में तेजी से बिगड़ सकती हैं, अस्पताल में भर्ती होने और मौत की भी नौबत आ सकती है। बीमार पड़ने पर दिनचर्या कई दिनों तक प्रभावित हो सकती है। बुजुर्गों और कमजोर लोगों में मौजूदा बीमारियां और भी बदतर हो सकती हैं। विशेष रूप से हृदय, श्वसन और मस्तिष्क संबंधी रोग, मधुमेह से संबंधित शिकायतें बढ़ सकती हैं। ये दुष्प्रभाव आमतौर पर हीटवेव या लू के शुरुआती दिनों में ही स्पष्ट हो जाते हैं। महत्वपूर्ण बात यह है कि मौसमी औसत तापमान में आने वाला मामूली अंतर भी बढ़ती बीमारी और मौत की वजह बन सकता है।

केंद्र सरकार व राज्य सरकारों के साथ ही सभी मौसम विज्ञान से जुड़े संस्थान, अकादमिक और गैर-सरकारी संगठन भी तापमान से जुड़े इन जटिल मुद्दों को संबोधित करने और दुष्प्रभाव घटाने में लगे हुए हैं। कमजोर आबादी पर अत्यधिक गरमी के दुष्प्रभावों को कम करने के लिए राज्य और अनेक शहरों द्वारा विशेष हीट एक्शन प्लान (एचएपी) विकसित किए गए हैं। जरूरी सावधानियों और उपायों को आजमाने की सलाह हर किसी तक पहुंचनी चाहिए। हम विशेष रूप से सबसे कमजोर लोगों को आगामी गरम मौसम से बेहतर ढंग से निपटने में सक्षम बना सकते हैं। खूब सारे तरल पदार्थ, खासकर पानी के सेवन का समय आ गया है।

## वर्ग पहेली 5332



**संकेत: बाएं से दाएं**

1. 16 मई 2010 को वेस्टइंडीज में आयोजित 20-20 मैच में ऑस्ट्रेलिया को इस देश ने हराकर विश्व कप जीता (3)
3. रूबल मुद्रा इस देश में प्रचलित है (2)
5. मित्र, दोस्त, संगी (2)
7. भारत में 14 वें राष्ट्रपति के रूप में इन्हें निर्वाचित किया गया (7)
9. कटी फसल का ढेर, छोटा ढेर (2)
10. एक श्लोक का चर्तुथांश, योग्यतानुसार दिया गया ओहदा, पदवी (2)
12. अप्रबल, उत्साहीन, मंदस्वरीय (2)
13. यह पश्चिम अफ्रीका में स्थित एक देश है, इस शब्द का अर्थ लडाकू राजा है (2)
14. नैवेद्य, भोग्य वस्तु (2)
15. पुत्र, बेटा (2)
16. विश्व का सबसे बड़ा लोकतांत्रिक देश (3)
17. गीत गाने या बोलने का ढंग (2)
18. आखेट चारा, कण, अनाज (2)
19. पढ़ाना, सिखाना, दीक्षा, गुंरूमंत्र (3)

**ऊपर से नीचे**

1. 1971 में इन्हें भारतरत्न से नवाजा गया (5)
2. पतन होना, भरा जाना (3)
4. शताब्दी, दीर्घकाल, सौ वर्ष का समय (2)
5. मान करना, कोपना, रूठना (4)
6. शोहर, पति, स्वामी (3)
8. अव्यवस्थत समूह, हुजुर (3)
11. प्रसिद्ध क्रांतिकारी जिन्हें 23 मार्च 1931 को लाहोर में फांसी दे दी गई (5)
13. गुणनफल, उपयुक्त अवसर, अहित (2)
14. सुबह, प्रभात, सवेरा (2)
15. निर्देशक बिमल राय की 1959 की फिल्म जिसमें सुनीलदत्त व नूतन की जोड़ी थी (3)
16. अच्छा लगना, पसंद आना, शोभान्वित होना (2)
17. प्रेम, प्यार, (अंग्रेजी) (2)
18. मूल्य, कीमत (2)

### वर्ग पहेली 5331 का हल

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| कु | वै | त | | सु | ख | दे | व |
| रा | त | प | ड़ | ना | | ना | च |
| न | र | | | ई | श | | न |
| | णी | | आ | दे | श | | |
| ब | | आ | | ना | क | त | क |
| सा | म | वे | द | | | ह | ल |
| व | | श | ल | भ | | जी | प |
| ट | न | | ना | | दा | ब | ना |

# फडणवीस के कट्टर प्रतिद्वंद्वी की होगी बीजेपी में वापसी! शरद पवार को लगेगा झटका

**(अभिनय आकाश)**

वर्तमान में एनसीपी (शरदचंद्र पवार) के एमएलसी हैं। यह पूछे जाने पर कि क्या वह भाजपा में वापस जा रहे हैं, खडसे ने कोई जवाब नहीं दिया। उन्होंने कहा कि मैं सभी से सलाह-मशविरा करने के बाद उचित निर्णय लूंगा। कुछ पहलू हैं जिन पर विचार करने की आवश्यकता है। एनसीपी शरद पवार गुट के वरिष्ठ नेता एकनाथ खडसे लोकसभा चुनाव से पहले अपनी मूल पार्टी बीजेपी में लौटने के लिए पूरी तरह तैयार हैं। बीजेपी उत्तरी महाराष्ट्र के अपने गढ़ में आंतरिक चुनौतियों से निपटने के लिए संघर्ष कर रही है। संघ परिवार में 40 वर्षों के बाद उन्होंने जनसंघ से शुरुआत की और भाजपा के संस्थापक नेताओं में से एक थे। खडसे ने अक्टूबर 2020 में पार्टी छोड़ दी थी और तत्कालीन एकजुट एनसीपी में शामिल हो गए थे। वह वर्तमान में एनसीपी (शरदचंद्र पवार) के एमएलसी हैं। यह पूछे जाने पर कि क्या वह भाजपा में वापस जा रहे हैं, खडसे ने कोई जवाब नहीं दिया। उन्होंने कहा कि मैं सभी से सलाह-मशविरा करने के बाद उचित निर्णय लूंगा। कुछ पहलू हैं जिन पर विचार करने की आवश्यकता है।यह स्पष्ट रूप से इस तथ्य पर एक संकेत था कि राज्य भाजपा नेतृत्व, विशेष रूप से उपमुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस, खडसे की वापसी के लिए तैयार होने की संभावना नहीं है। भाजपा के उच्च पदस्थ सूत्रों ने स्वीकार किया कि यह केंद्रीय नेतृत्व ही था जो खडसे तक पहुंचा और चाहता था कि लोकसभा चुनाव से पहले बदलाव हो, जहां पार्टी को कड़ी चुनौती का सामना करना पड़ रहा है। खडसे ने भाजपा छोड़ते समय फडणवीस और कैबिनेट मंत्री गिरीश महाजन को दोषी ठहराया था और दोनों पर उत्तर महाराष्ट्र में उनके कद को नुकसान पहुंचाने की कोशिश करने का आरोप लगाया था। एक सूत्र ने कहा कि हालांकि, यह अब खडसे की वापसी के रास्ते में नहीं आएगा। जब संगठन और चुनाव की बात आती है, तो सभी को पिछली शिकायतों को दूर करने और एक साथ काम करने के लिए कहा जाएगा। उत्तर महाराष्ट्र के एक बेहद सम्मानित नेता, खडसे एक लेवा पाटिल हैं, जो ओबीसी हैं। समूह जिसे भाजपा मराठों को आरक्षण देने के अपने फैसले के बाद शांत करने की कोशिश कर रही है। सूत्रों ने कहा कि भाजपा नेतृत्व को उम्मीद है कि खडसे की वापसी से पार्टी को उत्तरी महाराष्ट्र में जलगांव (उनका गृह आधार) और रावेर जैसे प्रमुख निर्वाचन क्षेत्रों में असंतोष को कम करने में मदद मिलेगी, जिसमें छह लोकसभा सीटें और 36 विधानसभा क्षेत्र हैं, और इसे भाजपा के रूप में देखा जाता है। बीजेपी के मौजूदा सांसद उन्मेश पाटिल जलगांव से टिकट नहीं मिलने से नाराज होकर शिवसेना (यूबीटी) में शामिल हो गए। बीजेपी ने यहां से अपनी पूर्व महिला प्रदेश अध्यक्ष और एमएलसी स्मिता वाघ को मैदान में उतारा है।

# आज का राशिफल

### मेष

आज का दिन परेशानियों वाला हो सकता है। आज आपको कुछ ऐसे काम न चाहते हुए भी करने पड़ सकते हैं जिनको करने का आपका मन नहीं होगा। जो औरों के लिए असुविधाजनक हो सकते हैं। घर के सदस्य या फिर सन्तान के व्यवहार से आप दुःखी रहेंगे।

### वृषभ

आज आर्थिक मामलों में कुछ नुकसान हो सकता है और किसी बीमारी पर आपका फालतू धन खर्च हो सकता है। आज किसी भी मकान या फिर जायदाद का सौदा न करें तो आपके लिए अच?छा होगा। जल?दी में आपसे कोई गलत फैसला हो सकता है। आज आपको किसी मामले में दोस्तों पर भरोसा करने से बचने की जरूरत है।

### मिथुन

आज आपको आर्थिक मामलों में लाभ होगा। आज का दिन आपके लिए अच्छा व्यतीत होगा। लोगों के मन में अच?छी भावनाएं बढ़ेंगी और आपको लाभ होगा। दोपहर तक आर्थिक संकोच भी खत्म होंगे और कुछ मामलों में आपकी कमाई भी बढ़ सकती है।

### कर्क

आज सुबह से ही कुछ प्रतिकूल समय आपके लिए चल रहा है। आपको कोई आज किसी भी मामले में जरूरी फैसला लेने से बचने की जरूरत है। नहीं तो आपको पछताना पड़ सकता है। दिन के पहले हिस्से में डॉक्टर के पास जाना पड़ सकता है।

### सिंह

आज का दिन ठीकठाक रहेगा। इन दिनों आपका सबकुछ ठीक चल रहा है। कारोबार की स्थिति में भी सुधार होगा और आपको किसी बड़े अधिकारी से हर प्रकार का सहयोग प्राप्?त होगा। कोई आपके प्रमोशन की बात को बागे बढ़ा सकता है। नौकरी में भी आपकी स्थिति मजबूत है।

### कन्या

आज आर्थिक और करियर के मामले में शानदार होगा। आसपास के सभी लोगों के साथ आपका वक?त अच?छा बीतेगा। जो सही पात्र हो उसका ही कल्याण करें। मित्रों से चर्चा होगी। आज कारोबार में आपको सफलता मिलेगी और किस?मत आपका साथ देगी।

### तुला

आज आर्थिक मामलों में लाभ होगा और किसी परीक्षा प्रतियोगिता के लिए आज का दिन शुभ है और इसमें आपकी जीत हो सकती है। आप अपने व्यवसाय या कारोबार से संबंधित कोई अनुबंध करना चाहते हैं तो कर सकते हैं। आज आपको लाभ होगा।

### वृश्चिक

भाग?य आज साथ नहीं दे रहा है और आज कोई काम आपके मन के विपरीत होने से आपके मन में निराशा का भाव होगा। कोई काम आपकी सोच के विपरीत हो सकता है। जिस व्यक्ति को आप सज्जन समझते हैं वह ही आपको धोखा दे सकता है।

### धनु

आज दिन परेशानी और समस्या वाला हो सकता है। किसी छोटे मोटे काम के बिगड़ जाने से आश्चर्यचकित हैं। आपको आज पैसों के लेनदेन से जुड़ा कोई काम नहीं करना चाहिए। इसमें आपको नुकसान हो सकता है। किसी व्यर्थ के डर और आशंका से आपका मन परेशान हो सकता है।

### मकर

आज दिन के आरंभ में ही आपको कुछ काम की जानकारी मिलेगी। अच्छे गणमान्यजनों से मेल मुलाकात होगी और किसी बड़े लाभ की आशा में दिन अच?छा बीतेगा। प्रियजनों की तरफ से भी अच्छी खबरें मिलेंगी और किसी धार्मिक कार्य के लिए योजना बनाते वक्त आपकी सलाह ली जाएगी।

### कुंभ

आज कार्य सफलता का दिन है। इस समय आपको अपने कार्यक्षेत्र में हर मामले में सफलता प्राप्?त होगी और आपका भाग?य साथ देगा। इस बीच कुछ अपने ही लोग आपकी चिंता भी बढ़ा सकते हैं। यदि आप किसी की बातों में आकर अपना प्लान बदलेंगे तो आपको नुकसान होगा।

### मीन

आज का दिन समस?याओं से भरा होगा। आज आपका स्वास्थ्य ठीक नहीं चलेगा। दिन के पहले हिस्से में बहुत सारे काम एक साथ आपके सामने लटके रहेंगे। जहां तक हो सके इनमें महत्वपूर्ण कार्य को पूरा कर लें तो आप पर काम का बोझ कुछ हल?का हो जाएगा।

## संक्षिप्त समाचार

### अलीबाग का भी बदलेगा नाम? स्पीकर राहुल नार्वेकर ने की मयनाकनगरी करने की अपील



**मुंबई, एजेंसी।** केंद्र में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की सरकार के आने के बाद कई ऐसे भाजपा शासित राज्य हैं, जहां शहरों के नाम बदले गए। उत्तर प्रदेश में ऐसे शहरों की संख्या सबसे अधिक है। फैजाबाद का नाम बदलकर अयोध्या किया गया और इलाहाबाद का नाम बदलकर प्रयागराज किया गया। यह ट्रेंड महाराष्ट्र में भी देखने को मिला था। औरंगाबाद का नया नाम छत्रपति संभाजी नगर, उस्मानाबाद का नाम धाराशिव कर गया था। अब वहां एक शहर का नाम बदलने की मांग उठी है। यह मांग विधानसभा स्पीकर के द्वारा की गई है। महाराष्ट्र विधानसभा के अध्यक्ष राहुल नार्वेकर ने राज्य सरकार से अलीबाग का नाम बदलकर 'मयनाकनगरी' करने की अपील की है। नार्वेकर ने यह कदम मयनाक भंडारी की याद में उठाने की अपील जिन्होंने छत्रपति शिवाजी महाराज की नौसेना को ताकतवर बनाने में अहम भूमिका निभाई थी। आपको बता दें कि मुंबई के निकट स्थित तटीय शहर अलीबाग एक पर्यटक क्षेत्र है। दरअसल अखिल भारतीय भंडारी संघ के एक प्रतिनिधिमंडल ने हाल में नार्वेकर से मुलाकात की थी और नाम परिवर्तन का अनुरोध किया था। विधानसभा अध्यक्ष ने बृहस्पतिवार को मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे को पत्र लिखकर कहा कि मराठा योद्धा शिवाजी के शासन में विदेशी आक्रांताओं को रोकने के लिए तटीय सुरक्षा एवं तटीय युद्ध अभियान अहम थे। नार्वेकर ने अपने पत्र में कहा, ''शिवाजी महाराज ने मजबूत नौसैन्य बल की आधारशिला रखी और मयनाक भंडारी ने कोंकण से उसका नेतृत्व किया। कड़े संघर्ष और मयनाक भंडारी की बहादुरी के कारण अंग्रेजों को अलीबाग में खंडेरी-उंडेरी बंदरगाह के किले से पीछे हटना पड़ा। उन्होंने कहा कि भंडारी की एक प्रतिमा भी अलीबाग में लगाई जानी चाहिए।

### मैंने टिकट तो मांगा नहीं; चुनाव लड़ने पर बोले गोविंदा, शिवसेना के लिए शुरू किया प्रचार

**मुंबई, एजेंसी।** फिल्म अभिनेता के राजनीति में एक बार फिर एंट्री लेने के बाद चर्चा थी की शिवसेना उन्हें मुंबई नॉर्थ-वेस्ट सीट से उतार सकती है। हालांकि अब गोविंदा ने सभी अटकलों को खारिज करते हुए कहा कि उनके चुनाव लड़ने पर कोई चर्चा नहीं हुई है और ना ही उन्होंने टिकट मांगा है। गोविंदा लोकसभा के लिए शिवसेना शिंदे गुट की तरफ से प्रचार में कूद पड़े हैं। वह रामटेक लोकसभा क्षेत्र में शिवसेना प्रत्याशी राजू पार्वे के लिए प्रचार करने पहुंचेंगे। नागपुर पहुंचे गोविंदा का शिवसेना कार्यकर्ताओं ने जमकर स्वागत किया। इस दौरान उन्होंने मीडिया से बात करते हुए कई सवालों के जवाब दिए। उन्होंने कहा, यह तो सिर्फ शुरुआत है। किसी काम की सफलता इस बात पर निर्भर करती है कि मेहनत कितनी की गई है। उन्होंने कहा, मैं एकनाथ शिंदे जी का आभार व्यक्त करता हूं जिन्होंने मुझे यह मौका दिया है। उन्होंने कहा, शिवसेना जो अभियान लेकर चल रही है वह ना केवल महाराष्ट्र बल्कि पूरे देश में सफल रहेगा। चुनाव लड़ने की अटकलों पर उन्होंने कहा, इसको लेकर कोई चर्चा नहीं हुई है और ना ही मैंने टिकट मांगा है। हम हर तरह से शिवसेना शिंदे गुट के साथ हैं। मैंने अब तक जो भी संकल्प लिया है वह पूरा किया है। अब मैं शिवसेना प्रत्याशी के लिए प्रचार में उतरा हूं। मुझे उम्मीद है कि निश्चित तौर पर उनकी जीत होगी। बता दें कि 2004 में गोविंदा ने कांग्रेस के टिकट पर लोकसभा चुनाव में जीत हासिल की थी। हालांकि लंबे समय तक राजनीति से दूर रहने के बाद एक बार फिर वह सियासी गलियारों में कदम रख चुके हैं। उन्होंने 2004 में चुनाव जीतने के बाद अपनी ही पार्टी के लोगों से आलोचना का सामना किया। इसके बाद उन्होंने कसम ही खा ली थी कि दोबारा राजनीति में नहीं आएंगे। उन्होंने राजनीति को अपने जीवन की सबसे बड़ी गलती बता डाला था।

### लोकसभा चुनाव में डेब्यू कर रही इंडिया ग्रीन पार्टी, दिल्ली-मुंबई में भी उतार रही प्रत्याशी

**मुंबई, एजेंसी।** इस बार लोकसभा चुनाव में इंडिया ग्रीन पार्टी भी अपना डेब्यू करने जा रही है। पश्चिमी विकसित देशों को नजीर बनाकर यह पार्टी पर्यावरण के मुद्दों को प्रमुखता से उठाएगी। इस बार पार्टी दिल्ली, मुंबई, पंजाब और छत्तीसगढ़ में मिलाकर कम से कम आधा दर्जन प्रत्याशियों को उतारने जा रही है। पार्टी के संस्थापक और मेंटॉर सुरेश नौटियाल ने कहा, हम चुनाव के परिणाम को लेकर किसी भी तरह के भ्रम में नहीं हैं। हो सकता है कि मुख्य धारा की पार्टियों के मुकाबले हम लोगों तक ना पहुंच पाएं। लेकिन यह हमारी एक अच्छी शुरुआत हो सकती है। नौटियाल ने कहा, हम भविष्य की पार्टी हैं। उन्होंने कहा कि पार्टी का लक्ष्य साफ और हरा-भरा पर्यावरण है जिसको राजनीति के जरिए प्रचारित किए जाने की जरूरत है। बता दें कि इंडिया ग्रीन पार्टी जुलाई 2019 में चुनाव आयोग में रिप्रजेंटेशन ऑफ द पीपल ऐक्ट 1951 की धारा 29ए के तहत रजिस्टर हुई थी। उन्होंने कहा कि अब मौका आ गया है जब पार्टी चुनाव में भी उतर रही है। पूर्व पत्रकार नौटियाल ने कहा, अगर हम जलवायु परिवर्तन और ग्लोबल वॉर्मिंग को नजरअंदाज कर देते हैं तो भविष्य में इसका खामियाजा भुगतना पड़ेगा। जब बात बहुत आगे निकल जाएगी।

# हमारे पास भी राहुल, अखिलेश जैसे डायनामिक लीडर हैं; पीएम मोदी का नाम लेकर बरसे स्टालिन



**चेन्नई, एजेंसी।** तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एमके स्टालिन ने शुक्रवार को कहा कि आगामी लोकसभा चुनाव 2024 में विपक्षी गठबंधन इंडियन नेशनल डेवलपमेंटल इन्क्लूसिव अलायंस (इंडिया) की जीत होगी। उन्होंने कहा कि आने वाला चुनाव स्वतंत्रता के लिए दूसरा संघर्ष है। 2019 के लोकसभा चुनावों और फिर उसके बाद 2021 में राज्य विधानसभा चुनाव में बंपर जीत हासिल करने वाले एमके स्टालिन तमिलनाडु में इंडिया गठबंधन की सबसे बड़ी उम्मीद हैं।

एक साक्षात्कार में स्टालिन ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर भी जमकर निशाना साधा। उन्होंने कहा, वे (भाजपा वाले) मोदी को विश्व गुरु कहते हैं, लेकिन जब आप तमिलनाडु जैसे राज्यों के प्रति उदासीनता या चीन के साथ सीमा पर टकराव को देखते हैं, तो उनकी चुप्पी बहुत कुछ बयां कर जाती है। वह कोई विश्व गुरु नहीं हैं। आने वाले चुनावों में, राहुल गांधी जैसा डायनामिक यूथ लीडर मोदी की उस स्थापित छवि और ऋस्स के नैरेटिव को ध्वस्त करने के लिए तैयार है।

स्टालिन के नेतृत्व में छ्रख्र ने 2019 के बाद से तमिलनाडु में एक सफल गठबंधन बनाए रखने में सफलता हासिल की है। इसको लेकर उन्होंने कहा, जब हमने 2018 में अपना गठबंधन बनाया, तो मैंने स्पष्ट कर दिया था कि यह केवल राजनीतिक सहूलियत के लिए नहीं है बल्कि यह साझा सिद्धांतों पर आधारित गठबंधन है। हमारे गठबंधन का मुख्य उद्देश्य भारतीय लोकतंत्र द्वारा गारंटीकृत मौलिक अधिकारों और हमारे कानूनी ढांचे को उन लोगों से वापस लेना है जिन्हें मैं फासीवादी ताकतें कहता हूं। यह साझा दृष्टिकोण ही है जिसने हमें 2019 से एकजुट और असरदार बनाए रखा है।

मौजूदा लोकसभा चुनाव पर बोलते हुए स्टालिन ने कहा, जब मैं द्रमुक की युवा शाखा का नेतृत्व कर रहा था, तो मैं अपने पार्टी सहयोगियों से कहता था: पूरा करो, या कोशिश करते हुए मर जाओ। मेरे मन में इस बात को लेकर कोई सवाल नहीं है कि हमने जो ठान लिया है उसे पूरा कर पाएंगे या नहीं। यह चुनाव केवल हमारे लिए एक महत्वपूर्ण मोड़ नहीं है; यह भारतीय लोकतंत्र के लिए करो या मरो की लड़ाई है। लेकिन, हमारे पास एक मजबूत टीम है। अखिलेश यादव, अरविंद केजरीवाल, उद्धव ठाकरे जैसे नेता हैं, वे सभी इसमें हमारे साथ हैं। हम इस समय की गंभीरता को पहचानते हुए इस लड़ाई में एकजुट हैं।

इससे पहले इंडिया टुडे टीवी के साथ बातचीत में, तमिलनाडु के मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जितना अधिक दक्षिणी राज्य का दौरा करेंगे, उतना ही उनकी पार्टी द्रविड़ मुनेत्र कड़गम (डीएमके) को फायदा होगा। एमके स्टालिन ने पीएम मोदी पर निशाना साधा और कहा कि वह तमिलनाडु आते हैं और झूठ बोलते हैं। स्टालिन ने कहा, जितना अधिक मोदी तमिलनाडु आएंगे, उतना ही यह द्रमुक के पक्ष में काम करेगा और यह एक प्लस प्वाइंट है। वह यहां आते हैं और झूठ फैलाते हैं। मुख्यमंत्री ने भाजपा पर भी निशाना साधा और कहा कि पार्टी केवल तमिलनाडु में नाटक कर रही है।

स्टालिन ने कहा, अन्नाद्रमुक तमिलनाडु में मुख्य विपक्ष है। भाजपा सिर्फ नाटक कर रही है। दोनों पार्टियां दूसरे स्थान पर आने के लिए लड़ रही हैं। द्रमुक चीफ ने आगामी लोकसभा चुनाव में अपनी पार्टी के प्रदर्शन पर भी भरोसा जताया। उन्होंने कहा, इस बार 40 से 40 (सीटें) होंगी। हम सत्ता में आने के बाद से सभी वादे पूरे कर रहे हैं और हमारी नई योजनाओं ने महिलाओं के बीच बड़ा प्रभाव छोड़ा है।

## नवरात्र में एसिड के घी से मंदिरों में जलाने वाले थे कलश, कारोबारी के घर छापे में मिला 7900 लीटर घी





**अंबिकापुर, एजेंसी।** चैत्र नवरात्र मास का महीना बहुत जल्द शुरू होने वाला है। इस दौरान लोग मंदिरों में पूजा अर्चना करने के साथ-साथ श्रद्धा पूर्वक ज्योति कलश पूरे 9 दिनों तक जलते हैं। इस तरह के लाखों कलश छत्तीसगढ़ के अंबिकापुर में इस नवरात्र जलाए जाने थे। इस बीच प्रशासन और खाद्य एवं औषधि संरक्षण की संयुक्त टीम ने अंबिकापुर स्थित एक मकान में शुक्रवार की दोपहर छापा मारा है। जहां से टीम को करीब 7900 लीटर नकली घी मिला है। टीम के मुताबिक यह नकली घी डालडा एवं सोयाबीन तेल को मिलाकर इसमें एसिड डाल के तैयार किया गया है।

बताया जा रहा है कि अंबिकापुर एसडीएम को यह सूचना मिली थी कि गोंदिया से अंबिकापुर आए राकेश बंसल नाम के व्यक्ति के पास बड़ी मात्रा में नकली घी है। जिसे चैत्र नवरात्र के दौरान मंदिरों में खपाने की तैयारी चल रही है। मुखबिर की सूचना के बाद फूड विभाग और जिला प्रशासन की संयुक्त टीम ने पुलिस बल्कि मौजूदगी में आज दोपहर छापा मारा है। यह छापा अंबिकापुर के बाबूपारा स्थित एक मकान में मर गया है। जहां बड़ी मात्रा में टीम को नकली घी और काम करने वाले कर्मी मिले हैं।

इस छापे की कार्रवाई के बाद तहसीलदार ने जानकारी देते हुए बताया कि जब उन्होंने छापा मारा तो उन्हें मौके पर 200 टीनों में घी बनकर तैयार मिला है। इसके अलावा 700 लीटर के साथ ड्रमों में घी तैयार कर पैकिंग करके पहले ही रखा जा चुका था। इस छापे के बाद टीम को जांच में पता चला है कि वनस्पति घी एवं सोयाबीन तेल को मिलाकर यह घी तैयार किया जा रहा था। इसके साथ ही इसमें एसिड डाला जा रहा था।

अधिकारियों की माने तो नकली घी बनाने वाला यह कारोबारी जिसका नाम राकेश बंसल है यह महाराष्ट्र के गोंदिया का रहने वाला है। इस पूछताछ में उसने बताया कि यह घी का उपयोग उसके द्वारा चैत्र नवरात्र में मंदिरों में जलने वाले मनोकामना दीप के लिए किया जाना था।

## कहां से आया 75000 लीटर पानी, बेंगलुरु में जल संकट के बीच आईपीएल आयोजकों पर भड़का एनजीटी

**बेंगलुरु, एजेंसी।** बीते कुछ दिनों से कर्नाटक की राजधानी बेंगलुरु पानी के संकट से जूझ रही है। वहीं आईपीएल मैच के दौरान बेंगलुरु के चिन्नास्वामी स्टेडियम में हर मैच से पहले ग्राउड पर 75 हजार लीटर ट्रीटेड पानी का सप्लाई किया जा रहा है। अब राष्ट्रीय हरित अधिकरण (एनजीटी) ने शहर में पानी के बढ़ते संकट के बीच कर्नाटक राज्य क्रिकेट संघ (केएससीए) और अन्य संबंधित राज्य अधिकारियों को यहां इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) मुकाबलों के दौरान इस्तेमाल किये जाने वाले पानी की जानकारी का ब्यौरा देने को कहा है। एनजीटी ने राज्य क्रिकेट संघ के अलावा बेंगलुरु जल आपूर्ति और सीवरेज बोर्ड (बीडब्ल्यूएसएसबी) और कर्नाटक राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (केएसपीसीबी) से भी पानी के स्रोत और इसकी मात्रा के बारे में दो मई तक जानकारी सौंपने को कहा है। केएससीए के मुख्य कार्यकारी अधिकारी शुभेंदू घोष ने कहा, ''हमने नोटिस देख लिया है और वैसे स्टेडियम एनजीटी के नियमों का पालन करता है। इसलिये हमें मुकाबलों के आयोजित होने का भरोसा है।'' आईपीएल मुकाबलों के दौरान चिन्नास्वामी स्टेडियम को 'ट्रीट' पानी की सप्लाई मिलने की रिपोर्ट आने के बाद एनजीटी ने स्वतः संज्ञान लिया। इस स्टेडियम में तीन मैच पहले ही खेले जा चुके हैं और पता लगा है कि इन मुकाबलों में प्रत्येक के लिए 75,000 लीटर 'ट्रीट' पानी का इस्तेमाल किया गया।

# बिना टिकट वाले यात्रियों से भी मालामाल हुई रेलवे, केवल मुंबई के आसपास वसूले 300 करोड़




**नईदिल्ली, एजेंसी।** बिना टिकट वाले यात्रियों से भी रेलवे ने बंपर कमाई की है। वित्तीय वर्ष 2023-24 में सेंट्रल रेलवे (सीआर) ने अपनी मेल, एक्सप्रेस और लोकल ट्रेन सेवाओं पर बिना टिकट यात्रा करने वाले यात्रियों से 300 करोड़ रुपये का रेवेन्यू कलेक्ट किया है। शुक्रवार को एक आधिकारिक बयान के माध्यम से, सेंट्रल रेलवे ने कहा कि यह आंकड़ा उसके निर्धारित वार्षिक लक्ष्य 265.97 करोड़ रुपये से 12.80 प्रतिशत अधिक है। इसमें कहा गया है कि बिना टिकट यात्रियों और बिना बुक किए गए सामान से जुड़े मामलों की संख्या 8.38 प्रतिशत बढ़कर 42.63 लाख हो गई है।

एक रिपोर्ट के मुताबिक, छह डिवीजनों में से, सेंट्रल रेलवे के लिए मुंबई सबसे ज्यादा रेवेन्यू कलेक्ट करने वाली डिवीजन रही। मुंबई डिवीजन ने 20.56 लाख मामलों से 115.29 करोड़ रुपये जुटाए। इसके बाद भुसावल डिवीजन का स्थान रहा, जिसने 8.34 लाख मामलों से 66.33 करोड़ रुपये कमाए। नागपुर डिवीजन ने 5.70 लाख मामलों से 34.52 करोड़ रुपये कलेक्ट किए। वहीं सोलापुर डिवीजन ने 5.44 लाख मामलों से 34.74 करोड़ रुपये वसूले। पुणे डिवीजन ने 3.74 लाख मामलों से 28.15 करोड़ रुपये वसूले। मुख्यालय डिवीजन ने 2.47 लाख मामलों से 20.96 करोड़ रुपये वसूले।

यह जानना दिलचस्प है कि मुंबई डिवीजन के तीन टिकट निरीक्षकों, सुनील नैनानी, एम एम शिंदे और धर्मेंद्र कुमार ने इस वित्तीय वर्ष में बिना टिकट यात्रियों से 1 करोड़ रुपये का रेवेन्यू कलेक्ट करके एक रिकॉर्ड बनाया है। सेंट्रल रेलवे के मुंबई डिवीजन में मेनलाइन फ्लाइंग स्क्वाड के सदस्य सुनील नैनानी को सीएसएमटी से इगतपुरी तक लंबी दूरी और स्थानीय ट्रेनों में टिकट जांच करने के लिए अधिकृत किया गया था।

नैनानी ने कहा, मैं आम तौर पर रात की शिफ्ट में काम करता हूं। अपने दिन की शुरुआत सुबह 3 बजे की ट्रेन से करता हूं और इगतपुरी तक यात्रा करता हूं। इस दौरान मैंने अधिकतम संख्या में बिना टिकट वाले यात्रियों को पकड़ा। मैं आभारी हूं कि मेरे सीनियर्स ने लगातार मेरे काम का समर्थन किया और चुनौतीपूर्ण समय के दौरान मेरी सहायता की, क्योंकि टिकट चेकर बनना कोई आसान काम नहीं है। अक्सर हमारा सामना ऐसे लोगों से होता है जो सहयोग नहीं करते हैं। हालांकि, मैं उन्हें हमेशा समझाने की कोशिश करता हूं कि बिना टिकट यात्रा करना गलत है। मैं उन्हें यह भी बताता हूं कि वे अब आसानी से ऑनलाइन टिकट कैसे खरीद सकते हैं।

नैनानी अगले साल रिटायर होने वाले हैं। उन्होंने पिछले 30 वर्षों से टिकट चेकर के रूप में काम किया है। शुरु में, उन्हें मुंबई में सेंट्रल रेलवे के एक अलग प्रभाग में नियुक्त किया गया था। उन्होंने कहा कि पिछले तीन वर्षों से उन्होंने लगातार 1 करोड़ रुपये के रेवेन्यू कलेक्शन का लक्ष्य पार किया है।

# पीएम मोदी को कोसते-कोसते अपशब्द बोल गई ममता दीदी, चुनाव आयोग पहुंची भाजपा



**कोलकाता, एजेंसी।** पश्चिम बंगाल के कूच बिहार में पीएम नरेंद्र मोदी सरकार की आलोचना करते हुए मुख्यमंत्री ममता बनर्जी की जुबान फिसल गई। जिसे लेकर अब भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने बवाल काट दिया है। ममता के बयान के 24 घंटे के भीतर भाजपा चुनाव आयोग पहुंच गई और बंगाल सीएम के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई। भाजपा का आरोप है कि ममता बनर्जी ने गुरुवार को कूच बिहार के माठाभांगा में लोकसभा चुनाव के लिए प्रचार करने गई थीं। यहीं पर ममता ने केंद्रीय परियोजना के बारे में बात करते हुए आपत्तिजनक शब्द कहे थे। राज्य की मुख्यमंत्री ममता ने आपत्तिजनक शब्द का इस्तेमाल कर देश के प्रधानमंत्री का अपमान किया और चुनाव नियमों को भी तोड़ा, इसी बात की शिकायत भाजपा ने की है।

**पीएम मोदी को कोसते-कोसते अपशब्द बोल गई ममता दीदी :** कूच बिहार में एक चुनावी रैली के दौरान ममता ने केंद्र की मोदी सरकार पर हमला करते हुए कहा कि केंद्र की परियोजनाओं का आधा भुगतान करता है और बाकी आधे का खर्चा राज्य सरकार को उठाना पड़ता है।उसके बाद भी उस प्रोजेक्ट के कार्ड पर सिर्फ प्रधानमंत्री की तस्वीर है। आखिर उनकी तस्वीर क्यों होगी? जब लागत का आधा-आधा केंद्र-राज्य वहन कर रहा है, तो अकेले केंद्र इस परियोजना पर दावा कैसे कर सकता है! इस संबंध में उदाहरण देते हुए ममता ने कहा, राशन की दुकान के कार्ड पर प्रधानमंत्री की तस्वीर और भाजपा का लोगो भी होगा। (अपशब्द) मैं खाने के बिना मर जाऊंगी, लेकिन मोदी की तस्वीर वाले कार्ड का नहीं खाऊंगी।

**ममता ने मांगी माफी :** भाजपा ने ममता द्वारा इस्तेमाल किए गए शब्द पर आपत्ति जताई है। हालांकि, गुरुवार को इस शब्द के इस्तेमाल के बाद मुख्यमंत्री ने खेद व्यक्त करते हुए अपने शब्द को वापस ले लिया। उन्होंने कहा, माफ करें, मैं अपना शब्द वापस लेती हूं, मेरे मुंह से निकल गया। इसके बाद उन्होंने अपने शब्दों के चयन के बारे में बताया। ममता ने कहा, मुझे विनम्रता से बात करना पसंद है। हालांकि, मैं अपने शब्द वापस ले रही हूं।

**ममता के खिलाफ चुनाव आयोग पहुंची भाजपा :** शुक्रवार को आयोग को भेजे पत्र में बंगाल भाजपा ने बताया कि चुनाव आयोग के नियम कहते हैं कि किसी दूसरे राजनीतिक दल के उम्मीदवार के खिलाफ अपशब्दों का इस्तेमाल नहीं किया जा सकता लेकिन देश के प्रधानमंत्री के बारे में बात करते हुए ममता ने ऐसा ही किया। भाजपा ने आरोप लगाया कि यही प्रवृत्ति एक और तृणमूल विधायक में देखी गई। हाल ही में हुगली से भाजपा उम्मीदवार लॉकेट चटर्जी के बारे में बोलते हुए चुंचुड़ा विधायक असित मजूमदार ने सार्वजनिक रूप से उन्हें दो नंबर माल कहा। भाजपा ने आयोग से इस संबंध में उचित कार्रवाई करने का भी अनुरोध किया है।

# 1 जून से जयपुर एयरपोर्ट से ट्रैवल करना पड़ेगा महंगा




**जयपुर , एजेंसी।** राजस्थान के जयपुर अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट पर अडानी समूह आम यात्रियों पर बड़ा बोझ डालने की तैयारी में है। बताया जा रहा है कि 1 जून 2024 से यात्रियों पर लगने वाले यूजर डवलपमेंट फीस को दोगुना करने की तैयारी कर ली गई है। खास बात यह है कि एयरपोर्ट पर अराइवल यात्रियों से भी टैक्स वसूला जाएगा। एयरपोर्ट प्रशासन ने यात्रियों पर लगने वाले टैक्स को दोगुने से भी अधिक करने की तैयारी कर ली है। टैक्स यूडीएफ यानी यूजर डवलपमेंट फीस के रूप में वसूला जाएगा। अभी जयपुर एयरपोर्ट से उड़ान भरने वाले प्रत्येक यात्री से 465 रुपए यूडीएफ टैक्स लिया जाता है, लेकिन अब अडानी समूह के जयपुर अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट पर इस राशि को बढ़ाकर 910 रुपए करने की तैयारी की जा रही है।

यूडीएफ को करीब दोगुना किए जाने से हवाई यात्रियों के लिए मुश्किल बढ़ सकती है। बड़ी बात यह भी है कि केवल जयपुर से डिपार्चर वाले यात्रियों पर यूडीएफ टैक्स ही नहीं बढ़ेगा, बल्कि अराइवल वाले यात्रियों से भी यूडीएफ वसूल किया जाएगा। देश में ज्यादातर एयरपोर्ट्स पर अराइवल यात्रियों से कोई टैक्स नहीं लिया जाता। इसके पीछे बड़ी वजह यह है कि अराइवल वाले यात्री एयरपोर्ट पर किन्हीं सुविधाओं का उपयोग नहीं करते। विमान से उतरकर यात्री सीधे बाहर निकल जाते हैं, लेकिन जयपुर एयरपोर्ट पर 1 जून से अराइवल यात्रियों से भी टैक्स वसूल किया जाएगा। एयरपोर्ट विकास के नाम पर 465 रुपए यूजर डवलपमेंट फीस। सीआईएसएफ सुरक्षा जांच के नाम पर 236 रुपए एविएशन सिक्योरिटी फीस। कॉमन यूज टर्मिनल इक्विपमेंट फीस 50 रुपए। रीजनल कनेक्टिविटी स्कीम फीस 50 रुपए जयपुर से जाने वाले घरेलू यात्री के लिए 910 रुपए यूडीएफ। जयपुर से जाने वाले अंतरराष्ट्रीय यात्री के लिए यूडीएफ 1260 रुपए। जयपुर आने वाले घरेलू यात्री के लिए यूडीएफ 390 रुपए। जयपुर आने वाले अंतरराष्ट्रीय यात्री के लिए 540 रुपए यूडीएफ। जयपुर से हर शहर के जाने के लिए किराए में 445 रुपए बढ़ेंगे। इसी अनुरूप 18 फीसदी जीएसटी यानी करीब 80 रुपए बढ़ेंगे।यानी प्रस्थान पर करीब 525 रुपए और आगमन पर 460 रुपए अतिरिक्त लगेंगे।

# लोकसभा चुनाव में गूंजा योगी मॉडल, बुलडोजर फॉर्मूला रहा हिट; चुनावी रण में कितना फायदा



**नईदिल्ली, एजेंसी।** उत्तर प्रदेश की योगी आदित्यनाथ सरकार ने लॉ एंड ऑर्डर को लेकर जो प्रयोग किए, उसकी खूब चर्चा है। खासतौर से बीजेपी शासित दूसरे राज्य तो इस योगी मॉडल को अपनाते हुए भी नजर आए हैं। बुलडोजर ऐक्शन, लव जिहाद और गौ सुरक्षा को लेकर बने कानून इसमें प्रमुख हैं। यूपी सरकार की ओर से अब चुनावी रैलियों में भी लगातार यह दावा किया जाता रहा है कि कैसे उसने कानून और व्यवस्था को मजबूत किया है। साथ ही माफिया राज खत्म किया गया है जिससे राज्य में रोजगार और निवेश बढ़ा है। लोकसभा चुनाव के रण में इस सफलता को डबल इंजन सरकार के कामयाब फॉर्मूले के तौर पर पेश किया जा रहा है। साल 2020 में योगी आदित्यनाथ ने पहली बार बुलडोजर का इस्तेमाल किया और अपराधी के खिलाफ इसे त्वरित ऐक्शन के तौर पर दिखाया गया। इसका इस्तेमाल गैंगस्टर विकास दुबे के कानपुर के बिकारु गांव में हुआ जहां उसकी कथित अवैध संपत्तियों को ढहा दिया गया। दरअसल, दुबे और उसके गुर्गों ने रेड के दौरान पुलिस अधिकारियों पर फायरिंग की थी। इस ऐक्शन को लेकर तरह-तरह की प्रतिक्रियाएं सामने आई। कुछ लोगों ने इसे लेकर तारीफ की कि सीएम योगी ने अपराधी के खिलाफ सख्त कार्रवाई की है। हालांकि, कुछ लोग इस बात को लेकर सवाल उठाते रहे कि आखिर बुलडजोर से संपत्तियों को गिराना कानूनी तौर पर सही है या नहीं? अपराधियों के खिलाफ बुलडोजर का इस्तेमाल योगी सरकार की ओर से अपराधियों के खिलाफ बुलडोजर का इस्तेमाल यहीं पर नहीं रुका, बल्कि इसके बाद दूसरी जगहों पर इसे भेजा गया। यही वजह रही कि योगी आदित्यनाथ को बुलडोजर बाबा भी कहा जाने लगा। अपराधियों की प्रॉपर्टी के खिलाफ बुलडोजर के इस्तेमाल का यह फॉर्मूला हिट रहा और दूसरे राज्य भी इसे अपनाते नजर आए। खासतौर से हरियाणा, मध्य प्रदेश, गुजरात और यहां तक कि दिल्ली में बुजडोजर से कार्रवाई होती देखी गई। योगी आदित्यनाथ सरकार के बीते 7 साल के कार्यकाल में 10,902 एनकाउंटर्स हुए हैं जिनमें 197 लोग मारे गए। यह जरूर है कि इस तरह की कार्रवाई को लेकर मानवाधिकार के हवाले से सवाल उठे हैं। हालांकि, बीजेपी की ओर से क्राइम के खिलाफ सख्त ऐक्शन के तौर पर पेश किया गया है।

लव जिहाद और जबरन धर्मांतरण के खिलाफ कानून नवंबर 2020 में राज्य सरकार लव जिहाद और जबरन धर्मांतरण के खिलाफ कानून लेकर आई। इसके तहत अब तक 900 लोगों को जेल में डाला गया है। कर्नाटक, हिमाचल प्रदेश, उत्तराखंड, गुजरात, हरियाणा, मध्य प्रदेश और झारखंड जैसे दूसरे राज्य भी इस तरह का कानून लागू करते नजर आए हैं। भाजपा के स्टार प्रचारक योगी आदित्यनाथ ने शुक्रवार को कहा कि उनकी सरकार सिर्फ राम को ही नहीं लाई है, बल्कि कानून व्यवस्था से खिलवाड़ करने वालों का राम नाम सत्य भी कर देती है। उन्होंने राजनीतिक विरोधियों पर भी जमकर जुबानी हमला बोलते हुए कहा कि डबल इंजन की सरकार में सुरक्षित यूपी का सपना पूरी तरह से साकार हो चुका है। योगी ने कहा, हम सिर्फ राम को ही नहीं लाए हैं बल्कि कानून व्यवस्था से खिलवाड़ करने वालों का राम नाम सत्य भी कर देते हैं।

## संक्षिप्त समाचार

### यूएई छोड़कर पाकिस्तान वापसी करने वाले उस्मान पर लगा बैन

**एमिरेट्स क्रिकेट बोर्ड के किसी भी टूर्नामेंट में पांच साल नहीं ले सकेंगे हिस्सा**



**नईदिल्ली, एजेंसी।** यूनाइटेड अरब एमिरेट्स छोड़कर वापस पाकिस्तान आने वाले बल्लेबाज उस्मान खान पर एमिरेट्स क्रिकेट बोर्ड ने पांच साल का बैन लगा दिया है। उस्मान 2029 तक यूएई में होने वाले ईसीबी के किसी भी टूर्नामेंट में हिस्सा नहीं ले पाएंगे। इसमें आईएलटी 20 और अबु धाबी टी10 दो बड़े टूर्नामेंट भी शामिल हैं। ईसीबी ने उस्मान पर अपने दायित्वों का उल्लंघन करने का आरोप लगाया है। बोर्ड ने अपने बयान में बताया है कि बोर्ड के प्रति अपनी जिम्मेदारियों के खिलाफ जाने के कारण उस्मान पर यह बैन लगाया गया है। उस्मान का जन्म कराची में हुआ था, लेकिन उन्होंने यूएई के घरेलू खिलाड़ी के तौर पर आईएलटी 20 और अबु धाबी टी10 में हिस्सा लिया था। अब जब उन्हें पाकिस्तान टीम के साथ ट्रेनिंग कैंप में बुलाया गया तो उन्होंने इसे स्वीकार कर लिया।

**बोर्ड ने कहा- उस्मान ने ईसीबी को गलतफहमी में रखा**

बोर्ड ने बयान में कहा, उस्मान ने यूएई की तरफ से खेलने के अपने फैसले को लेकर ईसीबी को गलतफहमी में रखा। इसके अलावा बोर्ड की तरफ से दिए गए साधनों का इस्तेमाल नए मौके तलाश करने के लिए किया। अब साफ हो चुका है कि वह श्र के लिए नहीं खेलना चाहते हैं और उन्हें पात्रता के लिए जो चीजें पूरी करनी थी वह भी नहीं करने वाले हैं।

**उस्मान पीएसएल -2024 के दूसरे टॉप स्कोरर**

उन्होंने यूएई के घरेलू खिलाड़ी के तौर पर आईएलटी 20 और अबु धाबी टी10 में हिस्सा लिया था। हाल ही में उन्होंने पाकिस्तान सुपर लीग में भी विदेशी खिलाड़ी के रूप में रजिस्ट्रेशन कराया था। पीएसएल में मुल्तान सुल्तांस के लिए सात मैच खेलने वाले उस्मान दूसरे टॉप स्कोरर रहे। उन्होंने इस दौरान दो शतक भी लगाए। उन्होंने ने कुछ वक्त पहले क्रिकइंफो के साथ इंटरव्यू में पाकिस्तान के लिए खेलने की इच्छा जताई थी। अब जब उन्हें पूरी टीम के साथ ट्रेनिंग कैंप में बुलाया गया तो उन्होंने इसे स्वीकार कर लिया है।

### प्रगनानंदा ने फिरोजा के साथ खेला ड्रॉ

**भारत की आर वैशाली भी नहीं रहीं पीछे**



**नई दिल्ली, एजेंसी।** आर प्रगनानंदा ने कैंडिडेट्स शतरंज टूर्नामेंट के पहले दौर में फ्रांस के फिरोजा अलीरेजा को ड्रॉ पर रोक दिया। वहीं डी गुकेश ने विदित गुजराती के साथ ड्रॉ खेला। भारतीय ग्रैंडमास्टर आर प्रगनानंदा ने कैंडिडेट्स शतरंज टूर्नामेंट के पहले दौर में फ्रांस के फिरोजा अलीरेजा को ड्रॉ पर रोक दिया। वहीं डी गुकेश ने विदित गुजराती के साथ ड्रॉ खेला।

पुरुष वर्ग में पहले दिन चारों मुकाबले ड्रॉ रहे। वहीं, भारत की आर वैशाली ने हमवतन कोनेरू हंपी के खिलाफ ड्रॉ खेला। रूस की अलेक्जेंड्रा गोरियाशिकना और कैटरीना लागनो के बीच मुकाबला ड्रॉ रहा। चीन की तिंगजी ली को हमवतन झोंगई टान से हार मिली। उधर, बुल्गारिया की नूरगुल सलीमोवा ने अन्ना मुजिचुक को ड्रॉ पर रोका। पुरुष वर्ग में, फेबियानो कारूआना और हिकारू नकामूरा का मुकाबला ड्रॉ रहा जबकि अजरबेजान के निजात अबासोव ने रूस के इयान नेपोमनियाश्ची को ड्रॉ पर रोका।



**वीरेंद्र सहवाग की भविष्यवाणी**

# टी20 वर्ल्ड कप स्क्वॉड में शिवम दुबे बनेंगे सूर्यकुमार यादव और ऋषभ पंत के लिए खतरा

**नई दिल्ली, एजेंसी।** पूर्व भारतीय विस्फोटक सलामी बल्लेबाज और मौजूदा एक्सपर्ट वीरेंद्र सहवाग का मानना है कि 1 जून से शुरू होने वाले टी20 वर्ल्डकप 2024 के लिए भारतीय स्क्वॉड में शिवम दुबे सूर्यकुमार यादव, ऋषभ पंत, केएल राहुल और श्रेयस अय्यर जैसे खिलाड़ियों के लिए खतरा बन सकते हैं। दुबे की जब से चेन्नई सुपर किंग्स की टीम में एंट्री हुई है तब से वह धमाल मचा रहे हैं। स्पिनर्स के खिलाफ बड़े-बड़े शॉट लगाना उनकी ताकत है।

आईपीएल 2024 में भी बाएं हाथ का यह बल्लेबाज खतरनाक फॉर्म में दिखाई दे रहा है। सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ मुकाबले में भी जब सीएसके के सभी खिलाड़ी संघर्ष करते हुए नजर आ रहे थे, तब दुबे ने 24 गेंदों पर 2 चौकों और 4 गगनचुंबी छक्कों की मदद से 45 रनों की धुआंधार पारी खेली।

शिवम दुबे के बारे में बात करते हुए वीरेंद्र सहवाग ने क्रिकबज से कहा, वह (दुबे) जिस तरह की फॉर्म में हैं, टी20 वर्ल्ड कप के लिए उनका टिकट पक्का होना चाहिए। उन्होंने कई खिलाड़ियों को दबाव में डाला है, चाहे वह श्रेयस अय्यर हों, केएल राहुल हों, सूर्यकुमार यादव हों या मध्यक्रम के अन्य बल्लेबाज हों। यहां तक कि ऋषभपंत भी। दूसरों को अगर टी20 वर्ल्ड कप टीम में जगह बनानी है तो अब लगातार अच्छा प्रदर्शन करना होगा, और यही आगे का रास्ता होना चाहिए।

सहवाग ने अंत में चयनकर्ताओं से गुजारिश की कि टी20 वर्ल्ड कप स्क्वॉड में उन्हीं खिलाड़ियों को चुनें जो फॉर्म में हो। वहीं पूर्व हरफनमौला युवराज सिंह का भी यही मानना है। उनका कहना है कि टी20 वर्ल्ड कप में शिवम दुबे भारत के लिए गेम चेंजर साबित हो सकते हैं। उन्होंने एक्स पर एक पोस्ट में लिखा, शिवम दुबे को फील्ड को आसानी से भेदते हुए देखकर अच्छा लगा। मुझे लगता है कि उसे टी20 विश्व कप स्क्वॉड में होना चाहिए। उसके पास गेम चेंजर बनने के लिए स्किल है।



## जब धोनी बल्लेबाजी करने के लिए उतरे तो शोर उतना ही तेज था जितना मैंने कभी सुना था: पैट कमिंस

**हैदराबाद , एजेंसी।** सनराइजर्स हैदराबाद (एसआरएच) के कप्तान पैट कमिंस शुक्रवार को चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) की पारी के 20वें ओवर में महेंद्र सिंह धोनी के बल्लेबाजी करने के लिए आने पर खचाखच भरे राजीव गांधी अंतर्राष्ट्रीय स्टेडियम में धोनी की जय-जयकार सुनकर दंग रह गए। । कमिंस ने मैच के बाद प्रेजेंटेशन समारोह में कहा, आज रात भीड़ पागल थी। जब एमएस बल्लेबाजी के लिए बाहर आये , तो शोर उतना ही जोर से था जितना मैंने कभी सुना है, लेकिन हां हमें यहां खेलना पसंद है और हमने इसे दो से दो जीत कर दिया है। हालाँकि, धोनी ने दो गेंदों पर सिर्फ एक रन बनाया, लेकिन यह उन दर्शकों के लिए खुशी का क्षण था जो उन्हें बल्लेबाजी करते देखने आए थे। कमिंस ने सीएसके के खिलाफ एसआरएच की छह विकेट की जीत में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी क्योंकि उन्होंने शिवम दुबे का कीमती विकेट लिया था, जिन्होंने 24 गेंदों में 45 रन बनाए थे।

**टी20 वर्ल्ड कप से पहले जूझ रहे बड़े सितारे**

## 5 खिलाड़ी जिनका आईपीएल फॉर्म टीम इंडिया के लिए चिंता



**नईदिल्ली, एजेंसी।** टी20 वर्ल्ड कप 2024 का आयोजन जून में होना है। उससे ठीक पहले आईपीएल खेली जा रही है। 22 मार्च को लीग की शुरुआत हुई थी। इस महीने के अंत में टी20 वर्ल्ड कप के लिए भारतीय टीम का ऐलान होना है। लेकिन इससे पहले भारतीय टीम के कई स्टार खिलाड़ी फॉर्म से जूझ रहे हैं। 2007 में हुए पहले टूर्नामेंट के बाद से भारत ने वर्ल्ड कप नहीं जीता है। ऐसे में इन स्टार खिलाड़ियों की फॉर्म भारत के लिए चिंता है।

**जितेश शर्मा**

पंजाब किंग्स के विकेटकीपर बल्लेबाज जितेश शर्मा टी20 वर्ल्ड कप के दावेदार हैं। 4 मैच में जितेश ने 15 की औसत और 126 की स्ट्राइक रेट से 58 रन बनाए हैं। ऋषभ पंत भी फिट हो चुके हैं। उनके बैट से रन भी निकल रहे हैं। अगर जितेश की यही स्थिति रही तो पंत को वर्ल्ड कप का टिकट मिल सकता है।

**यशस्वी जायसवाल**

इंग्लैंड के खिलाफ टेस्ट सीरीज में कमाल करने वाले यशस्वी जायसवाल के बल्ले से आईपीएल 2024 में रन नहीं निकला है। 3 मैच में यशस्वी ने 13 की औसत से 39 रन बनाए हैं। उनकी सबसे बड़ी पारी 24 रनों की रही है। वह वर्ल्ड कप के दौरान भारत के लिए रोहित शर्मा के साथ सलामी बल्लेबाजी कर सकते हैं।

**मोहम्मद सिराज**

मोहम्मद सिराज वर्ल्ड कप के दौरान जसप्रीत बुमराह के साथ नई गेंद संभाल सकते हैं। लेकिन सिराज की आईपीएल 2024 में बुरी स्थिति है। 4 मैच में वह सिर्फ तीन विकेट ले पाए हैं। इस दौरान उन्होंने 10 से ज्यादा की इकोनॉमी से रन खर्च किए हैं।

**रविंद्र जडेजा**

रविंद्र जडेजा के बल्ले से न तो रन निकल रहे हैं और न ही उन्हें विकेट मिल रहा। 4 मैच में जडेजा सिर्फ एक ही बल्लेबाज को आउट कर पाए हैं। बल्लेबाजी में भी वह फिनिशर की भूमिका नहीं निभा पा रहे। आईपीएल 2024 में 60 गेंदों का सामना करने के बाद रविंद्र जडेजा सिर्फ एक ही छक्का मार पाए हैं।

**हार्दिक पंड्या**

हार्दिक पंड्या वर्ल्ड कप 2024 के दौरान चोटिल हुए थे। कई महीनों तक मैदान से बाहर रहने के बाद उन्होंने डीवाई पाटिल टी20 टूर्नामेंट में हिस्सा लिया। आईपीएल के इस सीजन में वह कुछ खास नहीं कर पाए हैं। फैंस की हूटिंग का सामना कर रहे हार्दिक ने 3 मैच में 69 रन बनाए हैं। गेंदबाजी में करीब 11 की इकोनॉमी से रन देकरक एक विकेट लिया है।

# अभिषेक शर्मा ने तोड़ा क्रिस गेल का रिकॉर्ड



**हैदराबाद, एजेंसी।** आईपीएल 2024 के 18वें मुकाबले में सनराइजर्स हैदराबाद ने गतविजेता चेन्नई सुपर किंग्स को एकतरफा 6 विकेट से मात देने के साथ इस सीजन अपनी दूसरी जीत दर्ज की। हैदराबाद को इस मुकाबले में 166 रनों का टारगेट मिला था, जिसका पीछा करने जब टीम उतरी तो 23 साल के अभिषेक शर्मा ने सिर्फ 12 गेंदों में 37 रनों की पारी खेलने के साथ मुकाबले को पूरी तरह से एकतरफा करने का काम किया। अभिषेक की पारी के दम पर सनराइजर्स हैदराबाद ने इस टारगेट को सिर्फ 18.1 ओवरों में 4 विकेट के नुकसान पर हासिल कर लिया। अभिषेक ने अपनी पारी के दम पर आईपीएल के इतिहास का एक रिकॉर्ड भी तोड़ दिया जो इससे पहले क्रिस गेल और सुनील नरेन के नाम पर था।

**आईपीएल में किसी पारी के दूसरे ओवर में बनाए सबसे ज्यादा रन**

सनराइजर्स हैदराबाद की टीम जब चेन्नई सुपर किंग्स के टारगेट का पीछा करने उतरी तो पारी का दूसरा ओवर करने आए मुकेश चौधरी के खिलाफ अभिषेक शर्मा ने आक्रामक रुख अपनाते हुए 3 छक्के और 2 चौके लगाने के साथ कुल 26 रन बटोर लिए। इसी के साथ वह आईपीएल इतिहास में किसी मैच में पारी के दूसरे ओवर में सबसे ज्यादा रन बनाने वाले खिलाड़ी बन गए। इससे पहले ये रिकॉर्ड सुनील नरेन और क्रिस गेल के नाम पर था, दोनों ही खिलाड़ियों ने 24-24 रन बनाए थे। अभिषेक का फॉर्म इस सीजन अब तक काफी शानदार देखने को मिला है, जिसमें ऑरेंज कैप की रेस में 161 रनों के साथ पांचवें नंबर पर पहुंच गए हैं, जिसमें उन्होंने 217.57 के स्ट्राइक रेट के साथ रन बनाए हैं।

**आईपीएल के दूसरे ओवर में एक मैच में सबसे ज्यादा रन बनाने वाले बल्लेबाज**

अभिषेक शर्मा - 26 रन (मुकेश चौधरी, साल 2024)
सुनील नरेन - 24 रन (वरुण चक्रवर्ती, साल 2019)
क्रिस गेल - 24 रन (भुवनेश्वर कुमार, साल 2015)
क्रिस गेल - 24 रन (मनप्रीत गोनी, साल 2012)

**युवराज सिंह और ब्रायन लारा का दिया धन्यवाद**

अपनी छोटी लेकिन धमाकेदार पारी के दम पर अभिषेक शर्मा ने इस मुकाबले में प्लेयर ऑफ द मैच का अवॉर्ड अपने नाम किया। वहीं उन्होंने इस दौरान कहा कि गेंदबाजी के समय हमें ये एहसास हो गया था कि ये विकेट थोड़ा धीमा है। ऐसे में हमें ये पता लग गया था कि पावरप्ले में तेजी से रन बनाने होंगे क्योंकि गेंद पुरानी होने के बाद पिच से और धीमा आएगी। हमने इस सीजन के शुरू होने से पहले काफी बेहतर तैयारी की थी। बड़ा स्कोर जरूर मायने रखता है लेकिन मैं अपनी लय को बरकरार रखना चाहता था। मैं अपने पिता के अलावा युवराज सिंह और ब्रायन लारा का खासतौर पर धन्यवाद देना चाहता हूं।

**जर्मन ओपन**

## क्वार्टर फाइनल में यो एनजी ने सेंथिलकुमार को हराया



**हैम्बर्ग, एजेंसी।** राष्ट्रीय स्क्वैश चैंपियन वेलावन सेंथिलकुमार 50,000 अमेरिकी डॉलर की पीएसए विश्व टूर कांस्य प्रतियोगिता जर्मन ओपन के पुरुष क्वार्टर फाइनल में चौथी वरीयता प्राप्त मलेशिया के इयान यो एनजी से शुक्रवार को 7-11, 6-11, 4-11 से हार गए। यो एनजी ने विश्व के 59वें नंबर के भारतीय खिलाड़ी की आधिकारिक पीएसए वेबसाइट से कहा , यह (हमारे बीच) हमेशा करीबी मामला रहा है। किसी न किसी कारण से, हर बार वह कुछ खिलाड़ियों को मेरे पास आने तक अपसेट करता है। दुनिया के 22वें नंबर के मलेशियाई खिलाड़ी ने कहा, ÷यह हर बार कठिन होता जा रहा है, लेकिन मैं अपनी ताकत भी जानता हूं, मुझे पता है कि मैं वहां टिक सकता हूं, बड़े अंकों को बेहतर ढंग से खेल सकता हूं, और मुझे लगता है कि यह पहले और दूसरे गेम में दिखा।

**शाहीन अफरीदी ने दी चेतावनी!**

## मेरे सब्र का इम्तिहान मत लो, वरना...



**लाहौर, एजेंसी।** शाहीन अफरीदी को हाल ही में पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड ने कप्तानी से हटा दिया. शाहीन टी20 टीम के कप्तान थे, जिन्हें बाबर आज़म के बाद कमान सौंपी गई थी. लेकिन अब, शाहीन को हटाकर एक बार फिर बाबर को कप्तान बना दिया गया है. बाबर को दोबारा पाकिस्तान का व्हाइट बॉल कप्तान नियुक्त किया गया है. अब कप्तानी से हटाए जाने के बाद शाहीन अफरीदी ने चुप्पी तोड़ते हुए कहा कि मेरे सब्र का इम्तिहान मत लो.

बता दें कि पाकिस्तान ने भारत की सरज़मीं पर खेले गए वनडे वर्ल्ड कप 2023 काफी खराब प्रदर्शन किया था, जिसके बाद बाबर आज़म ने तीनों फॉर्मेट की कप्तानी से इस्तीफा दे दिया था. बाबर के बाद शाहीन को टी20 और शान मसूद को टेस्ट का कप्तान बनाया गया था.

लेकिन बाबर के कप्तान बने शाहीन को बतौर कप्तान पहली ही सीरीज़ में बुरी तरह हार का सामना करना पड़ा था. अब कप्तानी छिनने के बाद शाहीन ने चुप्पी तोड़ते हुए चेतावनी दे डाली. दरअसल शाहीन ने इंस्टाग्राम पर एक स्टोरी शेयर की, जिसमें एक कोट है. शाहीन का यह कोट किसी चेतावनी से कम नहीं लग रहा है.

उस कोट में कहा गया, मुझे कभी ऐसी स्थिति में न डालें कि जहां मुझे आपको दिखाना पड़ जाए कि मैं कितना क्रूर और बेरहम हो सकता हूं. मेरे सब्र का इम्तिहान मत लो क्योंकि अब तक मैं आपके लिए सबसे प्यारा और दयालु शख्स रहा हूं लेकिन जब हद पार हो जाती है तो आप मुझे ऐसी चीज़ें करते हुए देखेंगे जिसकी किसी को मुझे उम्मीद भी नहीं होगी.

शाहीन की कप्तानी में 4-1 से सीरीज़ हारी थी पाकिस्तान .

# शेफील्ड पर जीत से लिवरपूल फिर शीर्ष पर, जीत पाने के लिए करना पड़ा संघर्ष



**प्रीमियर लीग**

**लंदन, एजेंसी।** लिवरपूल ने अंतिम स्थान पर चल रहे शेफील्ड यूनाइटेड को 3-1 से हराकर इंग्लिश प्रीमियर लीग में एक बार फिर शीर्ष स्थान पर जगह बना ली है। स्कोर लाइन जरूर लिवरपूल के पक्ष में 3-1 से रही, लेकिन उसे जीत के लिए कड़ा संघर्ष करना पड़ा।

76 मिनट तक मुकाबला 1-1 की बराबरी पर थी। अर्जेंटीना के एलेक्सिस मैकएलिस्टर ने 76वें मिनट में गोल कर लिवरपूल को बढ़त दिलाई। कोडी गाक्पो ने 90वें मिनट में तीसरा गोल किया। इस जीत के साथ लिवरपूल के 30 मैचों में 70 अंक हो गए हैं। 68 अंकों के साथ आर्सेनल दूसरे और 67 अंकों के साथ गत विजेता मैनचेस्टर सिटी तीसरे स्थान पर है।

**ब्रैडली ने किया आत्मघाती गोल**

खेल के 17वें मिनट में डार्विन नुनेज ने लिवरपूल को बढ़त दिलाई, लेकिन 58वें मिनट में कोनर ब्रैडली ने अपनी ही टीम पर आत्मघाती गोल कर स्कोर 1-1 कर दिया। इसके बाद मुकाबला काफी रोचक हो गया। हालांकि मैकएलिस्टर ने बेहतरीन गोल कर लिवरपूल को बढ़त दिला दी।

लिवरपूल के कोच जुर्गेन क्लॉप ने कहा कि हमें काफी गहराई तक जाना पड़ा, लेकिन यह सामान्य बात है। हमारा रवैया अच्छा था, लेकिन हमने कई मौकों पर अच्छी फुटबाल नहीं खेली। रविवार को लिवरपूल का मैनचेस्टर यूनाइटेड के साथ कठिन मुकाबला होगा।

**अंतिम क्षणों में दो गोल खाकर यूनाइटेड हारा**

मैनचेस्टर यूनाइटेड को चेल्सी के हाथों 3-4 से अविश्वसनीय हार का सामना करना पड़ा। कोले पामर की हैट्रिक की बदौलत चेल्सी को जीत मिली। पामर ने स्टापेज समय में एक मिनट के अंतराल में दो गोल कर यूनाइटेड के डच मैनेजर एरिक टेन हेग की मुश्किलें बढ़ा दीं। ब्रेंटफोर्ड के खिलाफ पिछले मुकाबले में भी यूनाइटेड ने अंतिम क्षणों में गोल खाया था। यह मुकाबला 1-1 की बराबरी पर रहा। टेन हैग ने कहा कि दो मैचों में पांच अंक गंवाना स्वीकार नहीं किया जा सकता है। कोनोर गालेघर (4) और पामर (19) ने पेनाल्टी पर गोलकर चेल्सी को 2-0 की बढ़त दिलाई, लेकिन गारनाचो (34) और ब्रूनो फर्नांडीज (39) ने पहले हाफ में ही यूनाइटेड को बराबरी दिला दी।

67वें मिनट में गारनाचो ने एक और गोल कर यूनाइटेड को बढ़त दिलाई। यूनाइटेड जीत की ओर बढ़ रहा था। स्टापेज समय में पामर ने दूसरी पेनाल्टी को गोल में बदला और एक मिनट बाद गोल कर चेल्सी को 4-3 से जीत दिला दी।

# नहीं हुआ जिले से बाहर तबादला,फंस गई नियमों की पेंच

## परियोजना अधिकारी गौरव शर्मा का विभाग बदला,भ्रष्टाचार की जांच शुरू

**सतना।** जिला पंचायत सतना में पदस्थ परियोजना अधिकारी गौरव शर्मा के स्थानांतरण मामले में नया मोड़ सामने आ गया है। गौर तलब है कि पत्रकार जनसेवक कल्याण परिषद सतना की शिकायत को संज्ञान लेते हुए उप निर्वाचन अधिकारी भोपाल द्वारा जिला कलेक्टर सतना को पत्र लिखकर 20 वर्षों से जिला पंचायत में पदस्थ गौरव शर्मा का स्थानांतरण जिले से बाहर करने व भ्रष्टाचार संबंधी जांच करने के आदेश दिये गये थे। मामले में संज्ञान लेते हुए जिला कलेक्टर अनुरॉग बर्मा ने गौरव शर्मा का विभाग बदल दिया, लेकिन अभी भी गौरव शर्मा जिला पंचायत में ही पदस्थ है। जानकारी के अनुसार गौरव शर्मा के भ्रष्टाचार मामले में टीम जांच शुरू कर दी है।

### तबादले में फंसी पेंच

मिली जानकारी के अनुसार उप निर्वाचन अधिकारी भोपाल द्वारा जिला कलेक्टर को पत्र लिखकर जिले से बाहर स्थानंतरण के लिए आदेशित किया था। लेकिन नियमों के अनुसार जिला कलेक्टर को संविदा कर्मचारियों को सिर्फ जिले के




अंदर स्थानांतरण का अधिकार क्षेत्र है। जिले से बाहर स्थानांतरण करने का अधिकार क्षेत्र में नहीं है। ऐसे में एक बार फिर से गौरव शर्मा जिला पंचायत में स्थापित हो गया।

### संतुष्ट नहीं हैं शिकायत कर्ता

उक्त मामले की शिकायत पत्रकार जनसेवक कल्याण परिषद द्वारा की गई थी। लेकिन मामले में जिस तरह से कार्रवाई की गई है। ऐसे में पत्रकार कल्याण परिषद कार्रवाई से संतुष्ट नहीं है। जब मामले में स्थानांतरण ही नहीं हुआ तो कैसे भ्रष्टाचार दूर होगा। कहीं न कहीं गौरव शर्मा जिला पंचायत में पदस्थ रहकर जांच प्रभावित कर सकता है। मामले में पत्रकार कल्याण परिषद दुबारा उप निर्वाचन अधिकारी को रिमाइंडर पत्र लिखेगा।

# रामगढ़ उचित मूल्य दुकान में हुई चोरी के मामले नहीं हुई कार्रवाई

**मैहर।** मैहर जिले के ताला क्षेत्र के रामगढ में 200 बोरी से ज्यादा अनाज चोरी का मामला सामने आया था जिसकी शिकायत भी सम्बन्धित थाना में दर्ज हुई मगर लोगो को एक बात पच नही रही जिस तरह से चोरी की घटना की गई इस तरह की चोरी बॉलीवुड फिल्म के डायरेक्टर भी बनाने में नाकाम रहे पर मैहर पुलिस की जांच अभी जारी है,क्योंकि बस्ती के बीच मेस्थित सीसीटीवी कैमरे के निगरानी में मालवाहक वाहन में लादकर चोरी होने से कई सवालो ने भी जन्म ले लिया है आइये विस्तार से जानते है।

### क्या थी शिकायत

आइये सबसे पहले आपको बताते चले बीते दिनों पहले अमरपाटन विधानसभा के ग्राम रामगढ स्थित शासकीय उचित मूल्य की दुकान में देर रात अज्ञात चोरों ने करीब 20 मीटर लम्बी ओर 3 फिट चौड़ी गल्ली के अंदर दुकान में घुसकर पहले सीसीटीवी तोड़ा फिर तकरीबन 200 से ज्यादा अनाज की बोरी को बड़े ही आसानी से पार कर दिया फिर सुबह इस बात की जानकारी सेल्समैन सहित समूचे गांव को लगी और मामला पुलिस तक जा पहुचा मगर तह तक अब भी पुलिस नही पहुच सकी। क्या खे हो रहे सवाल,ओर किस ओर हो रहा इशारा जिस तरफ से चोरी हुई ये बात लोगो को हजम नही हो रही सच क्या हैं ये तो जांच के बाद ही सामने आएगा ।

# आखिर किसके अनुमति से आयोजित हुआ आवासीय छात्रावास में कार्यक्रम

## अखिल भारतीय अनुसूचित जाति परिषद ने की शिकायत

**सतना।** जिस आवासीय विद्यालय में शाम 7 बजे के बाद किसी को अंदर जाने की इजाजद नहीं है। लेकिन जिले के निर्वाचन अधिकारियों द्वारा नियम विरूद्ध तरीके से कार्यक्रम आयोजन की स्वीकृति दी गई जो सवालों में हैं। अखिल भारतीय अनुसूचित जाति परिषद के जिला अध्यक्ष ने 20 मार्च को मैहर स्थित एकलब्य आवासीय विद्यालय में शाम को 7 बजे कार्यकम आयोजित किया गया। जानकारी के मुताबिक इस आवासीय छात्रावास में लगभग 500 छात्र-छात्राएं रहती हैं। ऐसे में राजनैतिक कार्यक्रम आयोजत होना आचार संहिता के दायरे में आता है। सांसद के चुनाव के लिए तैयारियां चल रही थी दूसरी तरफ एकलब्य स्कूल मे कार्यक्रम आयोजित किया गया था जिसमे जिला के तमाम नेता गण एवं मैहर कलेक्टर महोदया स्वयं भी उस कार्यक्रम मे उपस्थित थी? उस स्कूल मे लगभग 250 लड़किया उस जगह पर रहती है जहाँ पर साम होने के बाद किसी को जाने का अधिकार नहीं है? उस जगह पर रात तक कार्यक्रम किया जाना चुनाव अचार सहिता का उलंघन किया गया? इस कार्यक्रम के लिए बी पी साकेत एवं मिडिया कर्मी जानकारी चाह रहे है की किससे अनुमति ली गई थी तो कोई जबाब देने के लिए तयार नहीं है सभी लोग मौन धारण किए हुए है? अब देखना यह है कि अखिल भारतीय अनुसूचित जाति परिषद की शिकायत पर मैहर कलेक्टर व चुनाव आयोग द्वारा क्या कार्रवाई की जाती है।

# अवैध रूप से शराब बेच रहे व्यक्ति को कोठी पुलिस ने भेजा सलाखों के पीछे




**सतना।** पुलिस अधीक्षक सतना श्री आशुतोष गुप्ता के निर्देशन में, अति. पुलिस अधीक्षक श्री बिक्रम सिंह के मार्गदर्शन में, एसडीओपी नागौद श्रीमती विदिता डागर द्वारा ' आगे बढ़ते कदम- युवा नशा निवारण 'कार्यक्रम की शुरुआत की गई है जिसके तहत अनुभाग के सभी थाना क्षेत्रों को नशा मुक्ति की दिशा में ले जाने के लिए कदम बढ़ाए जा रहे हैं ।इसमें मादक पदार्थों की खेती, परिवहन, वितरण एव सेवन के विरुद्ध कठोर कार्यवाही की जा रही है। युवा पीढ़ी ही हमारा भविष्य है और अपने भविष्य को सुरक्षित रखने के लिए यह आवश्यक है कि हम उन्हें मादक पदार्थों जैसे कि शराब, गाँजे, अफ़ीम, कोरेक्स सिरप इत्यादि के सेवन व नशे से बचाएं। इस अभियान के तहत थाना प्रभारी कोठी उप निरी रूपेंद्र राजपूत के नेतृत्व में की गई कार्यवाही, घटना विवरण- दिनांक 05/ 04/ 2024 को थाना कोठी पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली कि ग्राम बम्हरौला का नीरज सिंह अपने घर के पीछे भारी मात्रा मे अवैध शराब बेचने के लिये रखे है । तब सूचना पर कोठी पुलिस द्वारा ग्राम बम्हरौला पहुचकर नीरज सिंह के घर के पीछे रेड कार्यवाही की गई जहां नीरज सिंह अपने घर के पीछे बाड़ी में धान के पैरा के नीचे 8 कार्टून मे शराब रखे मिला जिसे थाना कोठी पुलिस द्वारा मौके पर पैरा के नीचे मिले सभी 8 कार्टून को खोलकर देखने पर 6 कार्टून मे अंग्रेजी गोवा 300 क्वाटर एवं 2 कार्टून मे लेमन देशी शराब 100 क्वाटर शराब जप्त कर आरोपी नीरज सिंह को गिरफ्तार कर आरोपी के विरुद्ध थाना कोठी मे धारा 34(2) आब एक्ट अंतर्गत मामला पंजीबद्ध कर आरोपी को माननीय न्यायालय के समक्ष पेश कर केंद्रीय जेल सतना में निरुद्ध किया गया । जप्त मशरुका कुल - 300 क्वाटर अंग्रेजी गोवा (54 लीटर )एवं 100 क्वाटर देशी प्लेन शराब (18 लीटर) कुल 72 लीटर कीमती 39500 रुपये, **गिरफ्तार आरोपी**- नीरज सिंह पिता शवकुमार सिंह उम्र 31 वर्ष निवासी बम्हरौला, *सराहनीय भूमिका- थाना प्रभारी उपनिरी. रूपेन्द्र सिंह राजपूत, सउनि. अश्वनीधर द्विवेदी, सउनि. अनिल तिवारी, प्रआर. सुधीश अग्रिहोत्री, प्र.आर आशीष दुबे प्र.आर प्रमोद तिवारी आर. पंकज कुशवाहा , आर राजपाल बागरी, आर. मानवेन्द्र सिंह, आर रामनरेश बैगा मआर. प्रीती शुक्ला।

# बसपा ने की जिला निर्वाचन आयोग से शिकायत

**मैहर।** बसपा ने स्ट्रांग रूम की सुरक्षा, निर्बाध विद्युत व्यवस्था एवं स्मार्ट सिटी सतना की एलईडी टीवी से चुनाव प्रचार रोके जाने के लिए जिला निर्वाचन अधिकारी से की शिकायत, लोकसभा चुनाव में सतना लोकसभा में मतदान उपरांत स्ट्रांग रूम की सुरक्षा मजबूत करने, वहां निर्बाध विद्युत आपूर्ति की व्यवस्था बनाए जाने एवं स्मार्ट सिटी सतना द्वारा लगाई गई एलइडी टीवी द्वारा राजनीतिक दलों के चुनाव प्रचार को रोकने के संबंध में बहुजन समाज पार्टी की ओर से निम्नानुसार निवेदन है। .सतना लोकसभा चुनाव में मतदान दिनांक 26 अप्रैल 2024 को मतदान केंद्रों से एवं वीपेट मशीनों का स्ट्रांग रूम तक परिवहन समुचित सुरक्षा व्यवस्था में किया जावे ।.स्ट्रांग रूम की सुरक्षा व्यवस्था को मजबूत करते हुए इसमें उच्च क्वालिटी के सीसीटीवी कैमरे लगाए जावे व स्ट्रांग रूम की विद्युत व्यवस्था किसी भी स्थिति में बाधित न हो इस हेतु डीजी सेट व जनरेटर आदि की समुचित व्यवस्था पूर्व से बना ली जाए ताकि किसी भी स्थिति में विद्युत आपूर्ति बाधित न हो और सीसीटीवी कैमरे पल भर के लिए भी बंद ना हो। .सतना शहर में स्मार्ट सिटी के अंतर्गत चौराहों वह अन्य महत्वपूर्ण स्थलों पर शासकीय योजनाओं के प्रचार प्रसार के लिए एलइडी टीवी लगाई गई है इनका उपयोग भाजपा द्वारा चुनाव प्रचार के लिए किया जा रहा है अत: निवेदन है कि तत्काल इस पर रोक लगाकर इनका उपयोग राजनीतिक दलों के लिए प्रतिबंधित किया जाए।

# कसौधन समाज के पदाधिकारियो ने ली भाजपा की सदस्यता

**सतना।** कसौधन वैश्य समाज के ऊर्जावान जिला अध्यक्ष श्री राधिका गुप्ता जी महामंत्री श्री ओम प्रकाश गुप्ता जी एवं कसौधन वैश्य समाज इकाई क्रमांक 7 उतैली के अध्यक्ष ओमप्रकाश गुप्ता जी (यलआईसी वाले) ने आज सांसद गणेश सिंह जी के हाथों भाजपा की सदस्यता ली।

# स्वीप प्लान के तहत मैहर में मतदाता जागरूकता अभियान में मैराथन दौड़ का होगा आयोजन

**मैहर।** 26 अप्रैल को लोकसभा चुनाव के लिए होने वाले मतदान में अधिक से अधिक मतदान होने को लेकर कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी अनुराग वर्मा मैहर कलेक्टर रानी बाटड संयुक्त कलेक्टर शैलेंद्र सिंह ,मैहर एसडीएम विकास सिंह मैहर तहसीलदार जितेंद्र सिंह पटेल, मुख्य नगरपालिका अधिकारी लालजी ताम्रकार के मार्गदर्शन में मतदाता जागरूकता अभियान के तहत मैराथन दौड़ का आयोजन होने जा रहा है मतदाता जागरूकता अभियान के तहत कल दिनांक सुबह 7.00 अलाउद्दीन चौक से घंटाघर, कटरा बाजार होते हुए जेल चौक से अग्रसेन चौक तक मैराथन का आयोजन किया गया है जिसमे शहर के गणमान्य नागरिक शामिल होकर एक संदेश दे जिससे आने 26 अप्रैल को शत प्रतिशत मतदान के लिए जागरूकता आए।

# यूजीसी ने ग्रामोदय विश्व विद्यालय को लिखा पत्र


Signed by
Nand Kishore
Date: 04-04-2024 11:02:20

**चित्रकूट।** ग्रामोदय विश्वविद्यालय में प्रभारी रजिस्ट्रार का दायित्व निर्वहन कर रहे आरसी त्रिपाठी किस प्रकार से झूठ बोल रहे हैं,इसे उनके द्वारा खुद के दिए बयान से समझा जा सकता है।यह बयान बीते दिनों उस समय लिया गया था,जब मृतक छात्र मदेश जमरे की मौत के बाद छात्रों द्वारा विश्वविद्यालय गेट पर प्रदर्शन किया जा रहा था।उस समय प्रभारी कुल सचिव आरसी त्रिपाठी से यह पूछे जाने पर कि विश्वविद्यालय वर्तमान समय में पढ़ाई से अधिक अराजकता को लेकर चर्चित है,और एक लड़की द्वारा मेडल देने पर पक्षपात करने का आरोप लगाया गया है,साथ ही थाने में विश्वविद्यालय के खिलाफ एफआईआर भी दर्ज कराई गई है।जिस पर पहले तो आरसी त्रिपाठी द्वारा यह कहते हुए जवाब देने से मना किया गया कि ऐसी बाते कैमरे के सामने नहीं बताई जाती हैं,जोर देकर पूछे जाने पर उनके द्वारा कहा गया कि लड़की की मां से बातचीत कर मामले को सुलझा लिया गया है।वही पक्षपात की शिकार लड़की अंजली सोनी द्वारा इसकी शिकायत विश्वविद्यालय अनुदान आयोग से की गई है।जिस पर यूजीसी द्वारा ग्रामोदय विश्वविद्यालय को पत्र लिखा गया है।इससे यह स्पष्ट होता है कि ग्रामोदय विश्वविद्यालय के प्रभारी कुल सचिव किस से प्रकार झूठ बोल रहे हैं।

# 20 अभ्यर्थियों के नाम निर्देशन पत्र पाये गये विधिमान्य



**सतना।** लोकसभा निर्वाचन के रिटर्निंग ऑफिसर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी अनुराग वर्मा द्वारा प्रस्तुत किये गये नाम निर्देशन पत्रों की संवीक्षा का कार्य आयोग के निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार सामान्य प्रेक्षक डॉ एस सुरेश कुमार, अभ्यर्थी, अभ्यर्थी के प्रस्थापक एवं निर्वाचन अभिकर्ता की उपस्थिति में किया गया। नाम निर्देशन पत्र प्रस्तुत किये जाने की अवधि के दौरान 22 अभ्यर्थियों द्वारा नाम निर्देशन पत्र प्रस्तुत किये गये। जिसमें से 20 अभ्यर्थियों के नाम निर्देशन पत्र विधिमान्य पाये गये। जबकि 2 अभ्यर्थी द्वारा प्रस्तुत नाम निर्देशन पत्र अविधिमान्य पाये जाने पर अस्वीकृत किये गये। इनमें राष्ट्रीय समाज पक्ष से शैलेन्द्र कुमार और निर्दलीय अभ्यर्थी शिववरण के नामांकन निरस्त किये गये हैं। लोकसभा निर्वाचन 2024 के अंतर्गत अभ्यर्थियों द्वारा प्रस्तुत किये गये नाम निर्देशन पत्रों की संवीक्षा में भारतीय जनता पार्टी से गणेश सिंह, पीपल्स पार्टी ऑफ इंडिया (डेमोक्रेटिक) से अजीत, भारतीय शक्ति चेतना पार्टी से अशोक कुमार गुप्ता, भारतीय जनमोर्चा पार्टी से हरिशंकर प्रसाद, न्याय धर्मसभा पार्टी से रंजना मिश्रा, बहुजन द्रविड़ पार्टी से अशोक कुमार, अखिल भारतीय हिंद क्रांति पार्टी से ननकू, इण्डियन नेशनल कांग्रेस से सिद्धार्थ कुशवाहा, मानवीय भारत पार्टी से अजीज अहमद कुरैशी, बहुजन समाज पार्टी से नारायण प्रसाद, राष्ट्रीय दलित आदिवासी महासभा से सुखलाल तथा निर्दलीय अभ्यर्थी के रुप में रायवेन्द्र, चन्द्रभान, दुर्गेश कुमार, कलीम अहमद, छेदीलाल, सफी उल्ला खान, राहुल दाहिया, अशोक कुमार और ऋषभ सिंह उर्फ रिषभ सिंह के नाम निर्देशन पत्र विधिमान्य पाये जाने पर स्वीकृत किये गये। भारत निर्वाचन आयोग द्वारा नियुक्त सामान्य प्रेक्षक डॉ एस सुरेश कुमार द्वारा संसदीय निर्वाचन क्षेत्र सतना के लिये प्रस्तुत नाम निर्देशन पत्रों की संवीक्षा कार्यवाही का अवलोकन और परीक्षण किया गया। संवीक्षा कार्य के दौरान एआरओ रघुराजनगर राहुल सिलाढि, डिप्टी कलेक्टर सुमेश द्विवेदी उपस्थित रहे। नाम-निर्देशन संवीक्षा के दौरान किसी भी व्यक्ति द्वारा किसी भी अभ्यर्थी के नाम निर्देशन पत्र के संबंध में किसी प्रकार की कोई आपत्ति/आक्षेप नहीं लिया गया एवं नाम निर्देशन पत्रों में कोई आपत्ति प्राप्त नहीं हुई।निर्वाचन आयोग के घोषित कार्यक्रमानुसार प्रत्याशियों द्वारा अभ्यर्थिता से नाम वापसी 8 अप्रैल को अपरान्ह 3 बजे तक की जा सकेगी। इसी दिन शेष बचे अभ्यर्थियों को चुनाव चिन्ह का आवंटन कर दिया जायेगा मतदान 26 अप्रैल को होगा।

# जीवित व्यक्ति को 6 साल पहले मृत किया घोषित

## मामला ग्राम पंचायत अकौना जनपद पंचायत रामपुर बाघेलान का




**रामपुर बाघेलान।** शंकर आदिवासी नामक व्यक्ति को ग्राम पंचायत के तत्कालीन सचिव श्री चंद्रकांत पांडेय द्वारा समग्र पोर्टल पर मृत घोषित कर दिया गया आखिर इतनी बड़ी लापरवाही ग्राम पंचायत सचिव द्वारा करने के बाद भी सभी जिले के अधिकारी मौन हैं जहां आदिवासी गरीब जिसकी उम्र भी 60 वर्ष से ज्यादा हो चुकी उसे पेंशन से भी वंचित किया गया, राशन से वंचित किया गया, प्रधान मंत्री आवास से, कहा जाए तो शासन से मिलने वाली सभी शासन की मूलभूत योजनाओं से 6 वर्षों से वंचित है आखिरकार क्या मजबूरी रही होगी ग्राम पंचायत सचिव के ऊपर की जीवित व्यक्ति को म्रत घोषित कर दिया गया। देखना ये है कि इतनी बड़ी लापरवाही करने वाले ग्राम पंचायत सचिव पर जिम्मेदार अधिकारी क्या कर्वाई करते हैं या फिर मामले को यहीं दबा दिया जाएगा।

# 7 अप्रैल रविवार को महिला स्कूटर रैली का आयोजन



**सतना।** श्री झूलेलाल भगवान के जन्मोत्सवजयंती के शुभ अवसर पर झूलेलाल मंदिर बजरहा टोला से परम पूज्य संत श्री सामाणाराम जी के शुभ हाथों से हरी झंडी दिखाकर महिला स्कूटर रेली सुबह 9 बजे निकल जाएगी जिसका समापन कवर नगर मनोहर धाम में किया जाएगा। महिला स्कूटर रैली की संयोजकराखी होतचंदानी सिमरन होतचंदानी सुहानी वलेचा जिया आहूजा बबिता गंगवानी कशिश आहूजा ज्योति चंदवानी है। महिला स्कूटर रैली का आयोजन सतना सिन्धी समाज के द्वारा किया जा रहा है । जिसमे विशेष योगदान रूपेश वलेचा जितेंद्र साबनानी अमित भावनानी मनोज नोटवानी संजय खिलवानी मनीष असरानी सोमेश आहूजा योगेश दासानी विवेक जनवानी मनोज नोतानी के दुवारा किया जा रहा है। सतना की सभी सिंधी समाज की महिलाएं इस कार्यक्रम में सादर आमंत्रित हैं।

# अवैध हथियार रखने वाले कुख्यात आरोपी को पुलिस ने किया गिरफ्तार, भेजा जेल




**सतना।** पुलिस अधीक्षक सतनाआशुतोष गुप्ता के आदेशानुसार थाना क्षेत्र में लगातार व सतत् अभियान चलाकर अवैध हथियार रखने वालो के विरूद्ध थाना क्षेत्र में कार्यवाही करने के तारतम्य में , विश्वसनीय सूत्रो के माध्यम से अवैध हथियार रखने की सूचना पर दिनांक 05.04.2024 को अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सतना विक्रम सिंह एवं उप पुलिस अधीक्षक (मुख्या.) श्री वीरेन्द्र बहादुर सिंह के निर्देशन में थाना प्रभारी थाना रामपुर बाघेलान श्री उमेश प्रताप सिंह द्वारा उपनिरी विजय त्रिपाठी के हमराह टीम गठित कर रेड कार्यवाही की गई रेड कार्यवाही दौरान बेला गोविन्दगढ़ मोड़ में आरोपी पुष्पेन्द्र कुमार केवट पिता रामजी केवट उम्र 27 वर्ष निवासी तपा थाना रामपुर बघेलान जिला सतना के अधिपत्य से एक देशी कट्टा तथा एक नग 315द्वद्व का जिंदा कारतूस कीमती लगभग 10,000/- रू. की जब्त किया गया । आरोपी के विरूध्द थाना रामपुर बाघेलान में अपराध क्रमांक 257/ 2024 धारा 25, 27 आर्म्स एक्ट का कायम किया गया है तथा आरोपी को माननीय न्यायालय रामपुर मे पेश किया गया जहा से उसे जेल भेजा गया । नाम आरोपी - पुष्पेन्द्र कुमार केवट पिता रामजी केवट उम्र 27 वर्ष निवासी तपा थाना रामपुर बघेलान जिला सतना ,जब्त सामग्री , एक अदद लोहे का देशी कट्टा तथा एक नग 315 का जिंदा कारतूस कीमती लगभग 10,000/-,उक्त कार्यवाही में निरी. उमेश प्रताप सिंह थाना प्रभारी थाना रामपुर बाघेलान, उपनिरी विजय त्रिपाठी , प्र.आर. ओमनारायण मिश्रा, प्र.आ. राजबहादुर सिंह , आर. अनूप मिश्रा, आर. विक्रम दीक्षित आदि की सराहनीय भूमिका रही है ।

# सिटी टाइगर

विन्ध्य टाइगर

सीधी, रविवार 07 अप्रैल 2024




लोकसभा निर्वाचन 2024 में रीवा में शत-प्रतिशत मतदान सुनिश्चित कराने के उद्देश्य से स्वीप गतिविधियों का आयोजन किया जा रहा है। मतदाता जागरूकता अभियान के तहत विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन कर लोगों को मतदान करने के लिए प्रेरित किया जा रहा है।



## सत्ता के लिए नहीं विचारधारा सेवा के लिए काम करती है भाजपा : जनार्दन

**रीवा।** भारतीय जनता पार्टी रीवा लोकसभा प्रत्याशी सांसद जनार्दन मिश्रा ने पार्टी के 45वें स्थापना दिवस के अवसर पर लालगांव में पार्टी का ध्वजा रोहण कर पार्टी कार्यकर्ताओं को सम्बोधित करते हुए कहा कि भाजपा के प्रति जन-जन का विश्वास बढ़ा है। पार्टी का परिवार लगातार तेज गति से बढ़ रहा है। आज हम दुनिया की सबसे बड़ी पार्टी बनने के बाद भी हमारे कार्यकर्ता, सेवा, सुचिता एवं जमीन से जुड़कर रहते हैं। जिनकी बदौलत आज पार्टी जन-जन के सपनों को पूरा करने में सफल हो रही है। पार्टी स्थापना दिवस के कार्यक्रमों के साथ सांसद जनार्दन मिश्रा ने आमजनों से संवाद करते हुए कहा कि भाजपा सत्ता के लिए नहीं विचारधारा के लिए काम करती है। देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने जन-जन को राम राज्य की अनुभूति कराने का कार्य किया है। मोदी जी के नेतृत्व में सम्पन्न, समृद्ध और शक्तिशाली भारत का निर्माण हो रहा है। प्रगति और विकास से पूरा विश्व अचंभित है। विश्व के बड़े-बड़े राष्ट्र मोदी जी के विकास को देखकर हैरान है कि भारत 10 वर्षो में इतनी तेजी से विकास में कैसे आगे निकल रहा है। 10 वर्षो में देश के हर नागरिक को गौरवांन्वित होने का मौका दिया है। आज पूरे विश्व में भारत का गौरवगान हो रहा है। जनसंपर्क के दौरान स्थानीय विधायक इंजी. नरेन्द्र प्रजापति ने कहा कि कांग्रेस पार्टी और उसके नेता आज बेचैन हो रहे हैं। जो स्वाभिमानी, राष्ट्र प्रेमी लोग कांग्रेस में है उसे छोड़कर भाजपा के साथ आ रहे हैं। कांग्रेस के लोग भी कांग्रेस की नीतियों का खुलेआम विरोध कर रहे हैं। मोदी जी के 10 सालों में देश में चत्मकारिक विकास हुए। कांग्रेस के पास न नीति है न नीयत है और न नेता है। सनातन विरोधी और भ्रष्टाचारी बनकर पार्टी रह गई है। इसलिए एक भी वोट कांग्रेस को नहीं जाना चाहिए। पूर्व विधायक पंचूलाल प्रजापति ने रीवा सांसद जनार्दन मिश्रा की प्रशंसा करते हुए कहा कि उनके सरल, सहज और विकासोन्मुखी नेतृत्व की रीवा क्षेत्र की जनता कायल है। हर कार्यकर्ता अपने बूथ को किला की तरह सुरक्षित रखें और सेनापति बनकर नरेन्द्र मोदी के वैभवशाली भारत निर्माण में योगदान करें। जनसंपर्क के दौरान विधानसभा प्रभारी राजेन्द्र गौतम, संजय दुबे, सुनील पाण्डेय, शंकर सिंह, श्रवण मिश्रा, जगजीवनलाल तिवारी सहित भाजपा नेता शामिल रहे।



### 7 अप्रैल को सेमरिया विधानसभा के भ्रमण में रहेंगे भाजपा प्रत्याशी

भारतीय जनता पार्टी लोकसभा प्रत्याशी जनार्दन मिश्रा 7 अप्रैल को सुबह 8.30 बजे ग्राम बैजनाथ से चुनावी जनसंपर्क अभियान प्रारंभ करेंगे। मध्येपुर, छिजवार, धौचट, पैपखरा, दादर, रहट, बहुरीबांध, अमवा, इटहा, मनकहरी, बरा पैपखार गांवों में चुनावी जनसंपर्क करेंगे। उनके साथ पूर्व विधायक केपी त्रिपाठी सहित पार्टी नेता रहेंगे।

भारतीय जनता पार्टी मउगंज जिला के 518 बूथ केन्द्रों में पार्टी स्थापना दिवस मनाकर पार्टी द्वारा बताये गये करणीय कार्यो को पूरा कराया गया। देवतालाब विधानसभा के पोल संख्या 145 में विधायक देवतालाब, गिरीश गौतम के साथ भाजपा जिलाध्यक्ष डॉ. राजेन्द्र मिश्रा ने स्थापना दिवस में भाग लिया। इस अवसर पर देवतालाब विधायक गिरीश गौतम ने पार्टी का ध्वज फहराया और कार्यकर्ताओं को बधाई देते हुए कहा कि भाजपा से मातृ दल है, जिसमें साधारण से साधारण कार्यकर्ता भी मुख्यमंत्री और प्रधानमंत्री बनता है। पार्टी ने हर बूथ में 370 नए वोट बढ़ाने का जो संकल्प लिया है, उसे पूरा करने की जिम्मेदारी आप सभी कार्यकर्ताओं की है। इस अवसर पर भाजपा जिलाध्यक्ष डॉ. राजेन्द्र मिश्रा ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी ने शून्य से शिखर का लक्ष्य पूरा किया है। मोदी जी के सबका साथ सबका विकास और विश्वास का ही परिणाम है कि आज विश्व की पहली पार्टी तो हैं ही, जन जन के विकास की क्रांति की जनक भी भाजपा बन चुकी है। हमें हर बूथ जीतना है और 370 से अधिक वोट लाने हैं। माननीय मोदी आज दुनिया के सबसे लोकप्रिय नेता है।

## कलेक्टर मऊगंज ने चार आदतन अपराधियों को किया जिला बदर

### तीन अपराधियों को प्रत्येक माह थाने में उपस्थिति दर्ज कराने के दिए आदेश

**रीवा**

कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी मऊगंज अजय श्रीवास्तव ने चार आदतन अपराधियों को जिला बदर के आदेश दिए हैं। इसके साथ ही उन्होंने तीन अपरधियों को प्रत्येक माह में संबंधित थानों में उपस्थिति दर्ज कराने का आदेश दिया है। कलेक्टर ने मध्यप्रदेश राज्य सुरक्षा अधिनियम 1990 की धारा 5 ख के तहत जिला बदर के आदेश दिए हैं। इन चार आदतन अपराधियों द्वारा लगातार आपराधिक गतिविधियों में लिप्त रहने तथा अन्य आपराधिक कृत्यों के कारण यह कार्यवाही की गई है। इन अपराधियों के विरूद्ध विभिन्न थाना क्षेत्रों में विभिन्न धाराओं में आपराधिक प्रकरण दर्ज हैं। कलेक्टर द्वारा पुलिस अधीक्षक वीरेन्द्र जैन के प्रतिवेदन के आधार पर जिला बदर की कार्यवाही की गई है। इन सभी आदतन अपराधियों को एक वर्ष की अवधि के लिए मऊगंज जिले की राजस्व सीमाओं सहित रीवा एवं सीधी जिले की सीमाओं से बाहर रहने के आदेश दिए गए हैं। सक्षम अधिकारी के आदेश के बाद ही ये रीवा जिले की सीमाओं में प्रवेश कर सकेंगे। आदेश का उल्लंघन करने पर मध्यप्रदेश राज्य सुरक्षा अधिनियम 1990 की धारा 14 के तहत प्रकरण दर्ज कर कार्यवाही की जाएगी।

जारी अलग-अलग आदेशों के अनुसार कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी अजय श्रीवास्वत ने लकी सिंह निवासी बहुती थाना नईगढ़ी, ईमान अली उर्फ माझिल निवासी सीतापुर थाना लौर, आकाश गुप्ता उर्फ पंकज गुप्ता निवासी खटखरी थाना शाहपुर तथा नागू उर्फ नागेन्द्र कोल निवासी घुरेहटा थाना मऊगंज को एक वर्ष की अवधि के लिए जिला बदर के आदेश दिए हैं। इसी तरह आदतन अपराधी मुन्ना सिंह निवासी दुगौली थाना हनुमना, अरूणेन्द्र सिंह उर्फ गुड्डु निवासी बहेरा डाबर हाल मुकाम अस्पताल कालोनी मऊगंज थाना मऊगंज तथा चिरंजीव उर्फ छोटू सिंह निवासी चोरहा थाना शाहपुर को आगामी एक वर्ष की अवधि तक प्रत्येक माह के 15 दिवस में संबंधित थानों में अपनी उपस्थिति दर्ज कराने के आदेश जिला दण्डाधिकारी द्वारा दिए गए हैं।

## मतदान कर्मी 14 से 18 अप्रैल तक कर सकेंगे डाक मतपत्र से मतदान

**रीवा।** रीवा लोकसभा क्षेत्र के लिए 26 अप्रैल को मतदान कराया जाएगा। मतदान दल में शामिल मतदान कर्मियों तथा चुनाव संबंधी अन्य कार्यों में तैनात अधिकारियों और कर्मचारियों को डाक मतपत्र से मतदान का अवसर दिया जा रहा है। इस संबंध में कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्रीमती प्रतिभा पाल ने बताया कि डाक मतपत्र से मतदान के लिए 14 अप्रैल से 18 अप्रैल तक ठाकुर रणमत सिंह महाविद्यालय रीवा में व्यवस्था की गई है। इसके लिए ठाकुर रणमत सिंह महाविद्यालय के 11 कक्षों का 14 अप्रैल से 18 अप्रैल तक अधिग्रहण किया गया है। कलेक्टर ने बताया कि मतदान कर्मियों को डाक मतपत्र से सुविधा देने के लिए विधानसभावार व्यवस्था की गई है। विधानसभा क्षेत्र सिरमौर के लिए कक्ष क्रमांक 17, सेमरिया के लिए कक्ष क्रमांक 18, त्योंथर के लिए कक्ष क्रमांक 21, मऊगंज के लिए कक्ष क्रमांक 22 तथा देवतालाब विधानसभा क्षेत्र में तैनात मतदान कर्मियों के लिए कक्ष क्रमांक 23 में डाक मतपत्र से मतदान की सुविधा रहेगी। विधानसभा क्षेत्र मनगवां के लिए कक्ष क्रमांक 24, रीवा के लिए कक्ष क्रमांक 7, 8 तथा 9 में व्यवस्था की गई है। विधानसभा क्षेत्र गुढ़ के लिए कक्ष क्रमांक 26 एवं अन्य जिलों से आए कर्मचारियों को मतदान की सुविधा देने के लिए कक्ष क्रमांक 25 में व्यवस्था की गई है। ठाकुर रणमत सिंह महाविद्यालय के प्राचार्य को डाक मतपत्र से मतदान के लिए आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं।

### ईटीपीबीएस के स्ट्रांग रूम हेतु प्रभारी नियुक्त

**रीवा।** लोकसभा निर्वाचन 2024 के लिए डाक मतपत्र (ईटीपीबीएस) हेतु कलेक्टर कार्यालय के कक्ष क्रमांक तीन प्रथम तल को स्ट्रांग रूम बनाया गया है। उप जिला निर्वाचन अधिकारी श्रेयस गोखले ने विपिन कुमार पटेल माध्यमिक शिक्षक शासकीय माध्यमिक शाला केरहा शिवपुरवा को स्ट्रांग रूम का प्रभारी नियुक्त किया है। श्री पटेल डाक विभाग द्वारा प्राप्त विभिन्न लोकसभा क्षेत्रों के सभी डाक मतपत्रों को मतपेटियों में व्यवस्थित रखने एवं प्राप्त मतों का दिनांकवार अभिलेख संधारित किया जाएगा।

## स्वीप गतिविधियों का आयोजन जारी

**रीवा**

लोकसभा निर्वाचन 2024 में रीवा में शत-प्रतिशत मतदान सुनिश्चित कराने के उद्देश्य से स्वीप गतिविधियों का आयोजन किया जा रहा है। मतदाता जागरूकता अभियान के तहत विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन कर लोगों को मतदान करने के लिए प्रेरित किया जा रहा है। इसी क्रम में पेंटियम प्वाइंट कालेज रीवा में प्रश्नमंच, रंगोली, पेंटिंग स्पीच तथा पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया जिसमें महाविद्यालय के छात्र-छात्राओं ने बढ़चढ़ कर हिस्सा लिया। इसी प्रकार शासकीय महाविद्यालय गोविंदगढ़ में लघु नाटिका के माध्यम से मतदाता जागरूकता का संदेश दिया गया। शासकीय महाविद्यालय रायपुर कर्चुलियान एवं लालगांव में स्वीप गतिविधि के तहत रंगोली एवं पोस्टर बनाने के कार्यक्रम आयोजित किए गए जिनमें महाविद्यालयों के छात्र-छात्राओं की सहभागिता रही। महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा मतदाता जागरूकता कार्यक्रम सेक्टर डेल्ही में आयोजित किया गया। जिसके तहत रंगोली, हाथों में मेंहदी, दीवार लेखन, जागरूकता शपथ के साथ-साथ मतदाता जागरूकता गीत एवं वृक्षारोपण कार्यक्रम आयोजित किए गए और लोगों को लोकतंत्र के महापर्व में अपनी सहभागिता निभाने के लिए प्रेरित किया गया।



## आईपीएल मैच पर चल रहा था सट्टा, पुलिस ने दी दबिश, एक करोड़ 29 लाख कैश बरामद

**रीवा।** रीवा में पुलिस ने आईपीएल मैच के सट्टा किंग का भंडाफोड़ किया है। कल तीन थानों की पुलिस ने सयुंक्त कार्रवाई करते हुए सट्टा किंग छम्मन आहूजा के घर में दबिश दी, जहां से उसे गिरफ्तार किया गया। पुलिस टीम जब आरोपी के घर में दाखिल हुई तो उनकी आंखें खुली की खुली रह गई। पुलिस ने आरोपी के घर से नोटों का जखीरा भी बरामद किया है। पुलिस अधीक्षक ने मामले का खुलासा करते हुए बताया कि बुधवार की रात एक युवक थाने में और उसने खुद के साथ हुई लूट की वारदात पुलिस को बताई। युवक शिवम गुप्ता ने पुलिस को बताया था कि वह अपनी स्विफ्ट कार में सवार होकर घर की ओर जा रहा था, तभी नकाबपोश बाइक पर सवार होकर तीन की संख्या में आए बदमाशों ने पहले उसकी कार रुकवाई और धमकाते हुए 95 लाख रुपए से भरे बैग को छीनकर फरार हो गए। शिवम गुप्ता की शिकायत पर पुलिस अफसरों ने तत्काल शहर में नाकेबंदी करवाई और घटना की छानबीन शुरु दी। बता दें कि मामले पर तब नया मोड़ आया जब पुलिस ने शिकायतकर्ता शिवम गुप्ता से पूछताछ शुरु की और 95 लाख रूपए के दस्तावेज और घटित हुई लूट की घटना के बारे बारीकी से पूछताछ की। जिसके बाद पुलिस को पूरा मामला संदिग्ध प्रतीत हुआ। पुलिस की टीम ने शिकायतकर्ता शिवम गुप्ता से कड़ाई से पूछताछ की तो उसने सारी सच्चाई बताना शुरू कर दी। उसने बताया की विभिन्न लोगों के खातों से प्राप्त राशि वह ऑनलाइन सट्टे में हार गया था, इसके बाद वह लोगों को राशि वापस कर पाने में असमर्थ था। जिसके चलते उसने थाने आकर खुद के साथ हुई लूट की झूठी कहानी पुलिस को बताई थी। आगे की पूछताछ में 95 लाख के लूट की झूठी शिकायत लेकर थाने पहुंचे शिवम गुप्ता ने बताया की 95 लाख रुपये की राशि उसने सिविल लाइन थाना क्षेत्र स्थित पद्मधर कॉलोनी निवासी अमित कुमार आहूजा उर्फ छम्मन सिंधी को दी है, जो अपने घर से ऑनलाइन सट्टे का संचालन करता है।



## किसानो की पकी फसलों को आगजनी से बचाने के लिए समुचित व्यवस्था की जाय : किसान सुब्रत

**रीवा।** भारतीय किसान यूनियन मध्यप्रदेश प्रदेश के अध्यक्ष एवं राष्ट्रीय किसान समन्वय समिति के सदस्य किसान सुब्रत ने मध्यप्रदेश सरकार एवं जिला प्रशासन से मांग कि है कि किसानो की पकी फसलें आगजनी से प्रभावित ना हों आगजनी से बचाने के लिए गांवों में समुचित व्यवस्था किए जाने की कृपा करें। सुनिश्चित किया जाय कि बिजली के शार्ट शर्किट ढीले तारों से आगजनी से प्रभावित ना हो समय पर निरीक्षण करा विद्युत लाइनों को व्यवस्थित किया जाय ईश्वर ना करे कि किन्हीं कारणों से आगजनी की घटना हो अगर होती है तो समय से फायर ब्रिगेड उपलब्ध हो सके सुनिश्चित किया जाय फायर बिग्रेड के टैंक में अनिवार्य रूप से पूरा पानी भरा हो यह ना कहा जाय की पानी है जहां भी टियूबेल हो पाइप की व्यवस्था कर पानी खाली होने पर अवश्य भर लिया जायनिर्देशित किया जाय । किसान के खेतो में आगजनी की घटनाए हो रही है रघुनाथ पुर में किसानो कि फसल आगजनी से प्रभावित हुई है । पान वरेज में आग जनी से पान की खेती करने वाले किसान प्रभावित हुए हैं किसानो के खेतो तक घंटों के इन्तजार के बाद भी फायर ब्रिगेड न पहुंच पाए दुखद है फायर ब्रिगेड के लिए शहर से बाहर भी फायर स्टेशन बनाए जाय जिससे शहर की भीड़ से आवश्यकता पड़ने पर बचा जा सके । जिले में कितनी फायर ब्रिगेड है शहर एवं गांव के आधार पर क्या पर्याप्त है क्या इनकी संख्या में बढ़ोतरी नहीं की जा सकती? फायर ब्रिगेड की संख्या को बढ़ाया जाय ।

## वाहनो में जीपीएस लगाने के लिए अधिकारी तैनात

**रीवा।** लोकसभा निर्वाचन में रीवा संसदीय क्षेत्र में 26 अप्रैल को मतदान कराया जाएगा। मतदान दलों को ले जाने वाले सभी वाहनों, सेक्टर आफीसरों के वाहनों, सहायक रिटर्निंग आफीसरों के वाहनों में जीपीएस सिस्टम लगाया जा रहा है। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्रीमती प्रतिभा पाल ने इस संबंध में बताया कि जिस वाहन का उपयोग ईव्हीएम के परिवहन में होगा उसमें जीपीएस अनिवार्य रूप से लगाया जाएगा। इसके लिए संयुक्त कलेक्टर पीके पाण्डेय को प्रभारी अधिकारी तथा जिला प्रबंधक लोक सेवा गारंटी योजना रविकांत पाण्डेय को नोडल अधिकारी बनाया गया है। इन्हे सहयोग देने के लिए राजीव त्रिपाठी तथा रविशंकर मिश्रा को तैनात किया गया है। कलेक्टर ने तैनात अधिकारियों को वाहनो में जीपीएस लगाने की प्रगति का प्रतिवेदन प्रस्तुत करने के निर्देश दिए हैं।

### मतदाता जागरूकता के लिए दिव्यांगजनों की रैली 12 अप्रैल को

**रीवा।** रीवा लोकसभा क्षेत्र के लिए मतदान 26 अप्रैल को कराया जाएगा। प्रत्येक मतदाता को विभिन्न कार्यक्रमों के माध्यम से मताधिकार के उपयोग के लिए प्रेरित किया जा रहा है। इस संबंध में जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी डॉ सौरभ सोनवणे ने बताया कि मतदाता जागरूकता के लिए 12 अप्रैल को दिव्यांगजनों की रैली निकाली जाएगी।

## कांग्रेस प्रत्याशी नीलम मिश्रा का जनसंपर्क अभियान हुआ तेज

**रीवा।** कांग्रेस प्रत्याशी नीलम अभय मिश्रा ने ग्रामीण अंचलों के भ्रमण के दौरान लोगों से जन संवाद किया तथा कहा कि इस बार का लोकसभा चुनाव न्याय और अन्याय के खिलाफ होने जा रहा है। न्याय किसी को मिल नहीं रहा, अन्याय चारों ओर दिख रहा है, भाजपा इसी में मस्त है कि वह सत्ता में है, उसे लोगों की परेशानी से कोई मतलब नहीं रह गया है। उनका उद्देश्य यही है कि हम किसी प्रकार झूठ फरेब कर लोगों को बरगलाते रहे और उनके वोट हासिल कर सत्ता में काबिज रहे।

श्रीमती नीलम मिश्रा ने कहा कि भाजपा द्वारा 2014 के संकल्प पत्र में कहा गया था कि वह हर साल 2 करोड़ भी बेरोजगारों को नौकरी देंगे लेकिन परिणाम क्या हुआ शायद 10 फ़ीसदी भी बेरोजगारी दूर नहीं हुई और उतने ही बेरोजगार और बढ़ते चले गए। मध्य प्रदेश में हालात यह है कि बेरोजगारों से पहले फॉर्म भरवाया जाता है, कहीं पेपर लीक हो जाता है तो कहीं रिजल्ट निरस्त कर दिया जाता है। लाखों की संख्या में पद रिक्त पड़े हुए हैं लेकिन बेरोजगारों की भर्ती नहीं की जा रही है। स्थानीय रोजगार में केवल उन्हीं को मौका मिलता है जिनकी सिफारिश और जुगाड़ है , शेष सामान्य युवा बेरोजगारी का दर्द झेल रहा है। अखबारों में रोज बयान आते हैं कि रीवा चिकित्सा का हब बन रहा है, लेकिन किस गांव में कितनी चिकित्सा सुविधा उपलब्ध हो पा रही है आपसे अधिक कोई नहीं जानता। हर कार्य में भ्रष्टाचार है और बिना लिए दिए कहीं काम नहीं होता इसका कारण यही है कि ऊपर तक भ्रष्टाचार का एक सिस्टम भाजपा ने बना दिया है। इन्होंने उपस्थित जन समुदाय से कहा कि मैं जहां जा रही हूं वहां केवल एक ही शिकायत मिलती है कि भ्रष्टाचार चरम पर पहुंच गया है। लोगों की भारतीय जनता पार्टी से खासी नाराजगी है और इस बार लोग खुद सामने आकर कह रहे हैं कि 10 साल बहुत दे दिए अब नहीं। लोकसभा प्रत्याशी ने कहा है कि अगर आपका आशीर्वाद मिला तो भ्रष्टाचार समाप्त करने के लिए तथा स्थानीय उद्योगों में रोजगार के लिए 70 फीसदी स्थानीय युवाओं को ही मौका दिलवाने के लिए वह पूरे ताकत के साथ प्रयास करूंगी, जब भ्रष्टाचार खत्म होगा और युवाओं को रोजगार मिलेगा तो सारी समस्याएं अपने आप खत्म होने के कगार पर पहुंच जाएंगी। उक्त अवसर पर पूर्व विधायक विद्यावती पटेल, जिला कांग्रेस कमेटी मऊगंज के अध्यक्ष पद्मेश गौतम, महिला कांग्रेस की जिला अध्यक्ष सीमा सिंह समेत काफी संख्या में कार्यकर्ता पदाधिकारी मौजूद रहे। यह जनसंपर्क अभियान पलिया दुबान, देव तालाब, लौर, ढंनगन, ढेरा, रकरी, पन्नी, रतंनगवा, गनिगवा आदि गांव में हुआ, इसी बीच कई जगह जनसभाएं भी हुई।



### मऊगंज विधानसभा क्षेत्र में हुई कई जगह बैठके

रीवा लोकसभा कांग्रेस प्रत्याशी नीलम अभय मिश्रा के समर्थन में सेमरिया विधायक अभय मिश्रा तथा मऊगंज के पूर्व विधायक सुखेंद्र सिंह बन्ना ने पटेहरा, बिछरहटा समेत कई ग्रामीण अंचलों में जाकर कांग्रेस के पदाधिकारी कार्यकर्ताओं की बैठक ली तथा लोगों की बीच जाकर कांग्रेस के लिए समर्थन मांगा। इस दौरान विधायक श्री मिश्रा ने कहा कि जब भी कभी इस इलाके में सांसद जनार्दन मिश्रा आए तो उनसे यह जरूर पूछे कि पिछले 10 सालों के दौरान उन्होंने उनके इलाके के लिए किया क्या है ? श्री मिश्रा ने दुख व्यक्त करते हुए कहा कि 10 सालों में इस क्षेत्र के विकास के लिए ऐसी कोई योजना नहीं लाई जिससे उद्योग खुल सके और बेरोजगारों का भला हो सके। इन्होंने जनता से सीधे कहा कि अगर आपकी वजह से वह संसद में पहुंचे थे तो उनका दायित्व बनता था कि क्षेत्र के बेरोजगारों के लिए शिक्षा के लिए और स्वास्थ्य के लिए ऐसे काम करने चाहिए थे , जिससे लोगों का भला हो सके लेकिन यहां स्थिति पूरी तरह से उल्टी है ।

स्वत्वाधिकारी प्रकाशक एवं मुद्रक राजेन्द्र तिवारी द्वारा एस आर के प्रिंटिंग प्रेस विवि रोड खुटेही रीवा से मुद्रित कर जीडीसी के सामने उत्तरी करौंदिया सीधी से प्रकाशित। संपादक-राजेन्द्र तिवारी , आर.एन.आई नं. 47589/88 , डाक पंजीयन : MP/SDL/DN/-30/2015-17, दूरभाष : 09424315633,7389444833